

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 107 | शनिवार, 30 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### पॉक्सो केस में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को मिली राहत

**दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में अग्रिम जमानत दी गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा, ''माफ कीजिए, हम इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे।'' इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 25 मार्च को स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में अग्रिम जमानत दी थी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने प्रथम सूचनाकर्ता और दोनों आरोपियों को इस मामले में मीडिया के सामने कोई बयान देने से रोक दिया था।

### गिर में शेरों पर बीमारी का खतरा, आठ शावकों की मौत से वन विभाग अलर्ट

**अहमदाबाद।** गुजरात के गिर क्षेत्र में संदिग्ध बेबेसिया संक्रमण के चलते आठ शेर शावकों की मौत ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है। संक्रमण रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्रों में शेरों को आइसोलेट किया गया है और किलनी खत्म करने का अभियान शुरू हुआ है। नमूनों को जांच के लिए गुजरात बायोटेक रिसर्च सेंटर भेजा गया है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मामले की समीक्षा की है और वन विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। गुजरात के प्रसिद्ध गिर क्षेत्र में शेरों के बीच संदिग्ध संक्रमण फैलने की आशंका ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

## हमीरपुर हादसा: सीएम योगी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद देने की घोषणा की

एजेंसी

**लखनऊ।** हमीरपुर हादसे पर सीएम योगी ने शोक जताया। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये आर्थिक मदद देने की घोषणा की। साथ ही घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक मदद का एलान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमीरपुर जिले में निर्माणाधीन पुल पर हुई दुर्घटना में श्रमिकों की मौत पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने हादसे को हृदय विदारक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। सीएम ने मृतकों के आश्रितों को 5-5 लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये



की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बृहस्पतिवार देर रात कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली से भारी तबाही का भी संज्ञान लेते हुए सभी डीएम को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार सुबह हमीरपुर हादसे की सूचना मिलते ही सीएम ने तत्काल जिला प्रशासन को एसडीआरएफ के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों को तत्काल बेहतर उपचार उपलब्ध कराने और प्रभावित परिवारों की हरसंभव मदद सुनिश्चित करने को कहा है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। वहीं देर रात आए आंधी-तूफान, बारिश का संज्ञान लेने के बाद राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को भेजने को कहा।

## पंजाब में 'आप' की आंधी, 700+ सीटों पर जीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पंजाब नगर निकाय चुनाव के नतीजे आज आने लगे है। इनमें 8 नगर निगम, 75 नगर परिषद और 21 नगर पंचायतें शामिल हैं। सुबह 8 बजे से पंजाब के 115 काउंटिंग सेंटरों पर मतगणना शुरू हुई, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इन निकाय चुनावों को सिर्फ स्थानीय सत्ता का मुकाबला नहीं, बल्कि 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल भी माना जा रहा है।

सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के लिए यह अपनी सरकार के कामकाज पर जनता की मुहर हासिल करने का मौका है, वहीं कांग्रेस, बीजेपी और शिरोमणि

**पंजाब नगर निकाय चुनाव रिजल्ट**



अकाली दल भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश में हैं। कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है और नतीजों से राज्य की भविष्य की राजनीतिक दिशा तय होने के संकेत मिल सकते हैं। ऐसे में पूरे पंजाब की नजरें आज आने वाले चुनाव परिणामों पर टिकी हैं।

### आधी सीटों पर आप, कांग्रेस और SAD ने भी दिखाई ताकत

पंजाब में आम आदमी पार्टी का विजय अभियान जारी है, मगर कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल ने भी अपना दम दिखाया है। जैसे-जैसे चुनाव परिणाम आ रहे हैं, बीजेपी भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है। निर्दलियों ने तो जीत-हार में कांग्रेस को टक्कर दी है। दोपहर 3 बजे तक 1642 वॉर्डों के नतीजे आ गए। आम आदमी पार्टी 706 वॉर्डों में जीत चुकी है। उसने कांग्रेस को लुधियाना में शिकस्त दी। कांग्रेस ने 324 वॉर्डों में पंजे का परचम लहराया। अकाली दल ने 225 सीटों पर जीत हासिल की।

## होर्मुज में नहीं वसूलेंगे टोल, ट्रंप की धमकी के बाद लाइन पर आया ओमान

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद ओमान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर टोल लगाने की ईरान की योजना से किनारा कर लिया है। ओमान ने अमेरिका को भरोसा दिया है कि वह ईरान के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर टोल लगाने में शामिल नहीं होगा। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट यह जानकारी दी है। बेंसेट ने बताया कि ओमान के राजदूत से फोन पर बातचीत के दौरान उन्होंने साफ कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य पर टोल लगाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। एक दिन पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप ने होर्मुज पर टोल लगाने को लेकर ईरान को उड़ाने की धमकी दी थी।

बेसेंट ने आगे कहा कि ओमान ने भरोसा दिलाया है कि वह ऐसे कोई कदम नहीं उठाएगा जिससे लोगों की सुरक्षा और देश की अर्थव्यवस्था को खतरा हो। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका और ओमान के बीच 200 साल से अच्छे



संबंध रहे हैं। हम चाहते हैं कि ये संबंध 200 साल और बने रहें। मैंने उनसे कहा कि यह प्रस्ताव को शुरू ही नहीं हो सकता। आज सुबह मेरी ओमान के राजदूत से बात हुई और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया कि होर्मुज स्ट्रेट पर टोल लगाने की कोई योजना नहीं है। वे यह जोखिम नहीं उठाना चाहते कि ओमान के लोगों या उनके वित्तीय संस्थानों पर प्रतिबंध लग जाएं। अमेरिका के ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के आसपास तनाव की वजह से लगभग 2,000 जहाज इस समय खाड़ी से बाहर निकलने का इंतजार कर रहे हैं। ट्रंप के एक टॉप कैबिनेट मेंबर के इस खुलासे से पहली बार अंदाजा लगा है कि इस अहम समुद्री रास्ते पर कितना बड़ा जाम लग चुका है। दुनिया के तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (LNG) का बड़ा हिस्सा आम तौर पर इसी रास्ते से गुजरता है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए बेसेंट ने कहा कि करीब 2,000 जहाज खाड़ी से बाहर आने का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, उन्होंने भरोसा जताया कि जैसे ही शिपिंग दोबारा सामान्य होगी, दुनिया के बाजार इस स्थिति को संभाल लेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसके बाद तेल की सप्लाई काफी अच्छी रहेगी और कीमतें बहुत जल्दी नीचे आ सकती हैं। स्ट्रेट ऑफ होर्मुज अब ट्रंप प्रशासन और ईरान के बीच चल रही बातचीत का बड़ा मुद्दा बन गया है। बेसेंट ने बार-बार कहा कि समुद्री रास्तों पर फिर से बिना रुकावट आवाजाही शुरू कराना अमेरिका की बड़ी प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की आवाजाही पूरी तरह खुली होनी चाहिए। समुद्र में पहले की तरह खुला और सुरक्षित आवागमन जरूरी है।

## पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ में जहरीली शराब पीने से 13 लोगों की मौत, एक आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से कम से कम 13 लोगों की मौत होने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह मामला पुणे के हडपसर इलाके का है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इलाके के चार का इलाज चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

पुलिस ने योगेश वानखेड़े नाम के एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है, जिसे पहले पुणे राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने हिरासत में लिया था। आरोप है कि उसी ने दोनों स्थानों पर शराब की आपूर्ति की थी। पुणे पुलिस अधिकारियों के अनुसार आगे की जांच जारी है। पुणे से पांच मौतों की सूचना मिली है, जिनमें से तीन काले पाडल में और दो हडपसर में हुई हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि ये मौतें नकली शराब पीने से हुई हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि मौतों का असली कारण फोरेंसिक और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा। जांचकर्ताओं ने बताया कि पीड़ितों की ओर से बताए गए लक्षणों में समानताएं थीं। उन्होंने आगे कहा कि



### मुख्यमंत्री ने कही 8 लोगों की गिरफ्तारी की बात

सीएम देवेंद फडणवीस ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इसमें आठ लोगों को अरेस्ट किया गया है। कुछ लोगों को और अरेस्ट किया जा सकता है। इसकी पूरी इकोसिस्टम को हमने ढूंढ निकाला है। सीएम ने यह भी कहा कि पुलिस पूरी तरह से प्रयास कर रही है और कहां तक इकोसिस्टम फैला है इसे भी ढूंढा जा रहा है। मैं मानता हूं कि इसकी जड़ों तक जाकर हम इसे समाप्त करेंगे। मेथेनॉल जैसा ही प्रोडक्ट है, लेकिन इस पर अभी कोई बात करना उचित नहीं होगा। पुलिस इस बारे में जल्द ही बयान देगी।

कई लोगों ने चक्कर आना, बेहोश होने से पहले बेचैनी, मुंह से झाग निकलना, सांस लेने में कठिनाई और हृदय गति में अचानक गिरावट की शिकायत की। पुलिस ने बताया कि कम से कम एक मृतक के शरीर में शराब पाई गई है। अधिकारियों ने चिकित्सा रिपोर्ट आने तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से मना किया है। गृह विभाग के सूत्रों के अनुसार, पुणे में कथित जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने पुणे और पिंपरी चिंचवड़ के पुलिस आयुक्तों को मामले की गंभीरता से जांच करने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आदेश दिया है। दोनों शहरों की पुलिस को आपसी समन्वय के साथ संयुक्त जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## 'जो पुल हवा से टूट रहे हैं, उन पर ट्रैफिक चलेगा तो क्या होगा', हमीरपुर हादसे पर बोले अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के गिरने पर सियासत तेज हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस हादसे को लेकर भारतीय जनता पार्टी और सरकार पर निशाना साधा है। सपा मुखिया ने कहा कि जो पुल हवा से टूट जा रहे हैं उन पर जब ट्रैफिक चलेगा तो क्या होगा ये सोचकर ही डर लगता है।

सपा मुखिया ने हमीरपुर की घटनास्थल पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और लिखा- 'ये बहुत दुखदायी समाचार है कि उप्र के हमीरपुर में एक निर्माणाधीन पुल के गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल भी हैं। राहत-बचाव कार्य तेज किया जाए और मृतकों का ससम्मान अंतिम संस्कार हो व परिजनों को मुआवज़ा दिया जाए। ये एक गंभीर बात है कि भाजपा के समय में हो रहा हर



निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। हर काम में 50% से भी ज़्यादा की भाजपाई कमीशनख़ोरी, इसकी मूल वजह है। कभी पुल गिरता है, कभी पानी की टंकी, तो कभी स्टेशन की दीवार और कभी इनके बनाए हुए भवनों की छतों से पानी टपकता है। जो पुल हवा से टूट जा रहे हैं, जब उन पर ट्रैफ़िक चलेगा तो क्या होगा, ये कल्पना ही डर पैदा करती है। हम अपने स्थानीय कार्यकर्ताओं से हर संभव मदद करने की अपील करते हैं।' इससे पहले सपा प्रवक्ता मनोज काका ने भी हमीरपुर में पुल गिरने के हादसे के पीछे बीजेपी के कमीशनखोरी को लेकर घेरा था। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल सिर्फ हवा के दबाव से गिर गया। यूपी में विकास योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है, आखिर गिरते पुल की ज़िम्मेदारी किसकी है? सीएम योगी से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि पेपर लीक रोकने की ज़िम्मेदारी किसकी है? रोम जल रहा है और नीरो चैन की बंसी बजा रहा है।

## भारत के S-400 को पाकिस्तान की चीनी मिसाइल ने तबाह किया

एजेंसी

**बेलग्रेड।** सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने चीन की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं, वहीं भारत-पाक युद्ध को लेकर झूठ बोला है। वुसिक ने चीन से 400 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली मिसाइलें खरीदने के पक्ष में बात करते हुए भारत-पाकिस्तान के मई, 2025 के संघर्ष का जिक्र किया। वुसिक ने बेबुनियाद दावा करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तानी सेना चीनी मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए भारत को रूस से मिले एयर डिफेंस सिस्टम को नुकसान किया था।

एक इंटरव्यू में वुसिक कह रहे हैं कि सर्बिया ने चीन से छूट पर मिसाइलें छूट पर खरीदीं और उन्हें MiG-29 जेट्स में लगाया। उन्होंने भारत-पाकिस्तान संघर्ष में चीन के हथियारों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए दावा किया कि चीनी प्रणालियों ने भारत के S-400 रडार को नष्ट कर दिया था। सर्बिया के राष्ट्रपति की वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं हो सकी है। उनके दावे का कोई आधार नहीं है क्योंकि चीनी मिसाइलों को भारतीय एयर डिफेंस ने सफलता के साथ रोका था। यूरोपीय देश सर्बिया चीनी सैन्य साजो-सामान का प्रमुख खरीद है। सर्बिया ने उन्नत वायु रक्षा प्रणालियों और ड्रोन की मदद से अपनी सशस्त्र सेनाओं का बड़े पैमाने पर आधुनिकीकरण किया है। सर्बिया ने हाल के वर्षों में अपने कुल हथियारों के आयात का आधे से अधिक हिस्सा चीन से किया है। सर्बिया ने चीन एयरोस्पेस साइंस एंड इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन की बनाई हाई-स्पीड CM-400AKG मिसाइलें खरीदी हैं, जिन्हें सर्बिया के सोवियत-निर्मित MiG-29 लड़ाकू विमानों के हिसाब से ढाला गया है। सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक का कहना है कि उनकी सेना पास इन मिसाइलों की काफी बड़ी संख्या है, जिसे वह और बढ़ा रहे हैं।

## महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव: एमवीए में 15 सीटों पर बनी सहमति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने आगामी महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों के लिए 17 में से 15 सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दिया है। कांग्रेस को सात सीटें, शिवसेना (यूबीटी) को पांच और एनसीपी को तीन सीटें आवंटित की गई हैं। नासिक और नांदेड़ सीटों पर गठबंधन सहयोगियों के बीच आपसी मतभेद के कारण अभी भी चर्चा जारी है।

महा विकास अघाड़ी (एमवीए) ने आगामी महाराष्ट्र विधान परिषद चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। 17 में से 15 सीटों पर सहमति बन चुकी है। नासिक और नांदेड़ सीटों पर अभी भी बातचीत जारी है। कांग्रेस को सबसे अधिक 7 सीटें मिली हैं। शिवसेना (यूबीटी) को 5 सीटें आवंटित की गई हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी को 3 सीटें मिली हैं। गठबंधन सहयोगियों के बीच आपसी मतभेदों के कारण नासिक



**कांग्रेस :** चंद्रपुर, यवतमाल, भंडारा, अमरावती, सोलापुर, धराशिव, अहिल्यानगर।

**शिवसेना (यूबीटी) :** छत्रपति संभाजीनर, हिंगोली, परभणी, जलगांव, रायगढ़।

**एनसीपी (शरद पवार) :** पुणे, ठाणे, सतारा-सांगली।

और नांदेड़ सीटों का बंटवारा अभी तक तय नहीं हो पाया है। एमवीए नेताओं का कहना है कि उनका मुख्य लक्ष्य सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन को संयुक्त रूप से हराना है। भारत निर्वाचन आयोग ने सोमवार को घोषणा की कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद की 16 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को आयोजित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना के अनुसार, नामांकन दाखिल करने के साथ ही चुनाव प्रक्रिया आधिकारिक तौर पर शुरू हो जाएगी जिसके बाद 18 जून को मतदान होगा और 22 जून को मतगणना होगी।

## ट्विशा प्रकरण में रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह गिरफ्तार

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा मृत्यु प्रकरण में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को ट्विशा की सास एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश गिरिबाला सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सीबीआई की टीम सुबह लगभग साढ़े दस बजे गिरिबाला सिंह के निवास पहुंची और करीब सात घंटे तक पूछताछ की। पूछताछ के बाद शाम लगभग पांच बजे उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद सीबीआई टीम उन्हें मेडिकल परीक्षण के लिए मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मेनिट) परिसर ले गई, जहां एजेंसी ने अस्थायी कैंप कार्यालय बनाया हुआ है।सूत्रों के अनुसार गिरिबाला सिंह को शुक्रवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगी जाएगी। सीबीआई ने न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव को गिरफ्तारी



की सूचना भी दे दी है। उन पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए गए हैं। इससे पहले मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। न्यायालय ने 17 पृष्ठीय आदेश में कहा था कि मामले की गंभीरता, उपलब्ध साक्ष्यों और जांच की वर्तमान स्थिति को देखते हुए राहत दिया जाना उचित नहीं है।

सीबीआई ने जांच के दौरान घटनास्थल का तकनीकी परीक्षण भी किया है। एजेंसी ने उच्च क्षमता वाले त्रिआयामी कैमरे से पूरे परिसर की रिकॉर्डिंग कराई और आसपास के क्षेत्र का भी परीक्षण किया, ताकि घटनास्थल की दृश्य स्थिति का आकलन किया जा सके।

**मांग खारिज** | केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री का बड़ा बयान

## 'अच्छे जजों को कूलिंग-ऑफ पीरियड की जरूरत नहीं'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की सरकारी नियुक्तियों से पहले अनिवार्य कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने की मांग को खारिज किय है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ, निष्पक्ष और सक्षम है तो उसे काम करने से रोकने का कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका के भीतर भी इस मुद्दे पर अलग-अलग राय हैं और इस पर कोई सर्वसम्मत दृष्टिकोण नहीं है।

कूलिंग-ऑफ पीरियड वह निर्धारित समय होता है, जिसके दौरान किसी व्यक्ति को अपने पद से रिटायर होने या इस्तीफा देने के बाद तुरंत किसी नई सरकारी, निजी या संवैधानिक नियुक्ति लेने की अनुमति नहीं होती। पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में मेघवाल ने कहा कि कुछ लोग मानते हैं कि सेवानिवृत्त



जजों की नियुक्ति में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए, जबकि कुछ का मानना है कि नियुक्तियों में देरी भी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में विभिन्न न्यायाधिकरणों में बड़ी संख्या में पद खाली हैं और अनुभवी लोगों की आवश्यकता है। कानून मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण जैसे न्यायाधिकरणों में योग्य और अनुभवी न्यायाधीशों की जरूरत है। उन्होंने सवाल किया कि अगर कोई सेवानिवृत्त जज न्यायसंगत सोच रखने वाला, स्वस्थ और सक्षम है तो उसकी नियुक्ति तुरंत करने में क्या समस्या है। रिटायरमेंट के बाद न्यायाधीशों को विभिन्न सरकारी संस्थाओं में नियुक्त किए जाने को लेकर लंबे समय से बहस चल रही है। आलोचकों का तर्क है कि ऐसी नियुक्तियां न्यायिक स्वतंत्रता और हितों के टकराव को लेकर सवाल खड़े कर सकती हैं। सेवानिवृत्त जजों की नियुक्ति राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, लोकपाल, भारतीय विधि आयोग और भारतीय प्रेस परिषद जैसी संस्थाओं में भी की जाती है। मेघवाल ने कहा कि कूलिंग-ऑफ पीरियड की मांग अक्सर इस धारणा पर आधारित होती है कि किसी जज को उसके फैसलों के बदले पद दिया जा सकता है, लेकिन ऐसा मानना गलत है। उन्होंने कहा कि नियुक्तियां किसी विशेष फैसले के आधार पर नहीं की जातीं और इस तरह की आशंकाओं को राजनीतिक रंग दिया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन न्यायाधीशों का सेवा रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है, उन्हें नियुक्त करने का कोई औचित्य नहीं है। हालांकि, सक्षम और प्रतिष्ठित जजों पर किसी प्रकार की पाबंदी नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि कई बार सेवानिवृत्त न्यायाधीश खुद भी नई नियुक्तियां स्वीकार नहीं करते और मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) का काम करना पसंद करते हैं, जिसे अधिक लाभदायक माना जाता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जवाबदेही तय किये जाने पर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में हुई चूक के लिए जवाबदेही तय किये जाने पर शुक्रवार को जोर दिया और कहा कि यदि ऐसा कुछ होता है, तो यह न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके परिवारों के लिए भी ''वास्तव में बहुत दुखद'' होता है। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने इस मामले पर याचिकाओं की सुनवाई करते हुए कहा, ''हमें अपने युवाओं को निराश नहीं करना चाहिए।''

इन याचिकाओं में से एक में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का पुनर्गठन या प्रतिस्थापन करने और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करने के वास्ते एक मजबूत एवं स्वायत्त प्रणाली बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को बताया कि सरकार युवाओं की चिंताओं को लेकर गंभीर है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रूप से



स्थिति की निगरानी कर रहे हैं, ताकि कोई खामी न रह जाए। पीठ ने कहा, ''जब तक वास्तविक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक असल समस्या का समाधान नहीं होगा।'' पीठ ने कहा, ''यदि ऐसी कोई घटना घटित होती है, तो यह वास्तव में बहुत दुखद होता है, न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि उनके परिवारों और सभी लोगों के लिए भी। इसने कहा, ''वे इससे भावनात्मक रूप से बहुत जुड़ जाते हैं।'' मेहता ने पीठ को बताया कि 21 जून को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए कुछ नयी व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। पीठ ने केंद्र से इस मामले में हलफनामा दाखिल करने को कहा और मामले की सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह तक के लिए स्थगित की।

# सैकड़ों डिलीवरी राइडर्स के बीच मेयर उमेश गौतम ने राजनीतिक विरोधियों पर कसा तंज

- पार्थ ने मुफ्त इलाज और हेल्पलाइन का किया ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की राजनीति में शुक्रवार को एक अलग तस्वीर देखने को मिली। मंच पर भाषण कम और घोषणाएं ज्यादा थीं, जबकि सामने बैठे हजारों डिलीवरी राइडर्स खुद को पहली बार किसी बड़े सार्वजनिक सम्मान समारोह का केंद्र महसूस कर रहे थे। अवसर था "डिलीवरी योद्धा सम्मान समारोह" का, जहां महापौर डॉ. उमेश गौतम और पार्थ गौतम ने डिलीवरी राइडर्स के लिए ऐसी घोषणाएं कर दीं,



जिसने पूरे कार्यक्रम को राजनीतिक और सामाजिक दोनों दृष्टि से चर्चा का विषय बना दिया।

Zomato, Swiggy, Blinkit, Zepto और Rapido जैसी कंपनियों से जुड़े हजारों डिलीवरी राइडर्स की मौजूदगी में पूरा सभागार "भारत माता की जय" और "जय हिंद" के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सेवा, सम्मान और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला।

**मंच से चला 'सेवा का कार्ड', मुफ्त इलाज का बड़ा दांव**

कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण तब बना जब पार्थ गौतम ने डिलीवरी राइडर्स और उनके परिवारों के लिए मिशन अस्पताल में निशुल्क इलाज की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि पंजीकृत राइडर्स और उनके परिजनों को उपचार से लेकर ऑपरेशन तक की सुविधा मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी।

इसके साथ ही 24 घंटे सक्रिय विशेष हेल्पलाइन शुरू करने की घोषणा भी की गई, ताकि किसी भी संकट की स्थिति में राइडर्स सीधे सहायता प्राप्त कर सकें। घायल और आर्थिक रूप से कमजोर राइडर्स की समस्याओं को देखते हुए विशेष मेडिकल कार्ड योजना शुरू करने की भी घोषणा की गई।

**'केवल राजनीति नहीं, सेवा से भी जीते जाते हैं दिल'**

अपने संबोधन में पार्थ गौतम ने कहा कि समाज सेवा केवल मंचों और भाषणों से नहीं होती, बल्कि लोगों के बीच जाकर उनके सुख-दुख में सहभागी बनने से होती है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात वर्षों से हर वर्ष 20 हजार से अधिक जरूरतमंद लोगों को कंबल और गर्म वस्त्र वितरित किए जा रहे हैं।

उन्होंने सरकारी स्कूलों को मजबूत बनाने की वकालत करते हुए समाज के सक्षम वर्ग से अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने की अपील भी की। साथ ही बिना नाम लिए राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि सेवा कार्यों की बराबरी केवल बयानबाजी से नहीं की जा सकती।

**'डिलीवरी बॉय नहीं, शहर के असली योद्धा'**

महापौर डॉ. उमेश गौतम ने डिलीवरी राइडर्स को समाज का "असली योद्धा" बताते हुए कहा कि भीषण गर्मी, बारिश और सर्दी में भी ये लोग लोगों तक जरूरी सामान पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग केवल होर्डिंग और गाड़ियों पर समाजसेवी लिखवा लेते हैं, लेकिन असली समाज सेवा वही है जो जरूरतमंदों तक सीधे पहुंचे। उन्होंने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ा धर्म है।

**सम्मान के साथ सुविधाओं का भी पैकेज**

कार्यक्रम के दौरान हजारों राइडर्स को हेलमेट, Milton की इंसुलेटेड पानी की बोतलें और भोजन पैकेट वितरित किए गए। फाउंडेशन के 12 केंद्रों पर इन बोतलों में निशुल्क ठंडा पानी भरवाने की व्यवस्था भी शुरू की गई है। कार्यक्रम के अंत में तालियों की गड़गड़ाहट के बीच राइडर्स ने आयोजकों का आभार जताया। यह समारोह केवल सम्मान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर की राजनीति में 'सेवा बनाम बयानबाजी' की नई बहस को भी हवा दे गया।

# 36 हजार सस्पेंशन रिपोर्ट फांक रहीं धूल

## सड़कों पर बेलगाम दौड़ते रहे नियम तोड़ने वाले, एक गाड़ी पर 158 चालान, 48 वाहन ब्लैकलिस्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पिछले दो वर्षों में रिकॉर्ड कार्रवाई की, लेकिन परिवहन विभाग की धीमी रफ्तार के कारण नियम तोड़ने वालों के हौसले अब भी बुलंद हैं। हालात यह हैं कि जिले में एक ही वाहन पर 158 तक चालान दर्ज हैं, जबकि 48 ऐसे वाहन चिन्हित हुए हैं जिन पर कुल 5,602 चालान लंबित हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों के खिलाफ लाइसेंस और आरसी निलंबन की कार्रवाई फाइलों में अटकी हुई है।



ट्रैफिक पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक वाहन संख्या यूपी 25बीए 3253 पर सबसे अधिक 158 चालान दर्ज हैं और एक भी चालान का निस्तारण नहीं हुआ। इसके बाद यूपी 25बीएफ 5752 पर 156 और यूपी 25 9910 पर 150 चालान लंबित हैं। कई अन्य वाहनों पर भी 100 से अधिक चालान दर्ज होने के बावजूद वाहन चालक बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं।एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान के अनुसार वर्ष 2024 और 2025 में ट्रैफिक पुलिस ने लगातार नियम तोड़ने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ 36,868 डीएल और आरसी सस्पेंशन की रिपोर्ट परिवहन विभाग को भेजी। इनमें 20,303 मामले वर्ष 2024 और 16,565 मामले वर्ष 2025 के हैं।

पुलिस का दावा है कि इतनी बड़ी संख्या में रिपोर्ट भेजने के बावजूद अब तक अपेक्षित स्तर पर कार्रवाई नहीं हो सकी।ट्रैफिक पुलिस ने लगातार उल्लंघन करने वाले 48 वाहनों को 'वाहन पोर्टल' पर ब्लैकलिस्ट कर दिया है।

इन वाहनों का न तो पीयूसी बन सकेगा, न बीमा और न ही ट्रांसफर हो पाएंगे। कई मामलों में चालान 90 दिन से अधिक समय से लंबित होने पर प्रकरण अदालत भेजे जा चुके हैं।चौपला, सैटेलाइट, अयूब खां और इज्जतनगर चौराहों पर लगे आईसीसीसी कैमरे लगातार इन वाहनों की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। इसके बावजूद बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में कार्रवाई का भय दिखाई नहीं दे रहा।

**क्या बोले अधिकारी**

एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस ने पूरी गंभीरता से कार्रवाई करते हुए हजारों मामलों की रिपोर्ट भेजी है। वहीं आरटीओ पंकज सिंह का कहना है कि सभी मामलों की जांच कर जल्द डीएल और आरसी निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी और नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**एक ही वाहन पर 100 से 150 से अधिक चालान कैसे हो सकते है**

जब एक ही वाहन पर 100 से 150 से अधिक चालान हो सकते हैं और हजारों सस्पेंशन रिपोर्ट कार्रवाई की प्रतीक्षा में हों, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर नियम तोड़ने वालों पर अंतिम और प्रभावी कार्रवाई कब होगी? ट्रैफिक पुलिस ने अपना काम कर दिया, अब नजरें परिवहन विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

# अपर महाप्रबंधक ने किया इज्जतनगर-टनकपुर रेलखंड का किया निरीक्षण



इज्जतनगर-टनकपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते अपर महाप्रबंधक।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल ने इज्जतनगर मंडल के दौरे के दौरान इज्जतनगर-टनकपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार एवं अन्य शाखाधिकारी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान रेलपथ के रखरखाव, साफ-सफाई, राइडिंग क्वालिटी, सिग्नलों, पुलों और समपारों की स्थिति का जायजा लिया गया। उन्होंने पीलीभीत और टनकपुर रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन परिसर का भी गहन अवलोकन किया। अपर महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत दोनों स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।


# दुखद: मुशायरों का महफिलों का चमकता सितारे बशीर बद्र चले गए

- आंखें नम कर गए, जाने और क्या बोले मशहूर शायर वसीम बरेलवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उर्दू अदब की दुनिया गुरुवार को उस वक्त गम में डूब गई, जब मोहब्बत, तहजीब और इंसानी जज्बातों को अल्फाज देने वाले मशहूर शायर बशीर बद्र इस दुनिया को अलविदा कह गए। उनके इंतकाल की खबर ने न सिर्फ देशभर के साहित्य प्रेमियों को झकझोर दिया, बल्कि बरेली और बदायूं की अदबी फिजाओं को भी मायूस कर दिया। मुशायरों की महफिलों का वह चमकता सितारा अब यादों में बस गया है।

बशीर बद्र के निधन पर मशहूर शायर वसीम बरेलवी बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने कहा, "मुशायरों की दुनिया का



एक बहुत बड़ा सितारा आज डूब गया। बशीर बद्र सिर्फ शायर नहीं थे, बल्कि मोहब्बत, तहजीब और इंसानी एहसास की आवाज थे। उनकी शायरी आने वाली नस्लों तक दिलों को रोशन करती रहेगी।वसीम बरेलवी ने याद किया कि वर्ष 1969 में उनके निमंत्रण पर बशीर बद्र पहली बार बरेली आए थे। इसके बाद दो दशक से अधिक समय तक उनका शहर आना-जाना लगा रहा। बरेली क्लब, बरेली कॉलेज और शहर के कई प्रतिष्ठित मुशायरों में उन्होंने अपनी शायरी से ऐसा जादू बिखेरा कि लोग देर रात तक सिर्फ उन्हें सुनने के लिए ठहरे रहते थे।वसीम बरेलवी के अनुसार बशीर बद्र की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि उन्होंने बदलते समाज, रिश्तों की टूटन, मोहब्बत की नजाकत और इंसानी दर्द को बेहद आसान भाषा में बयां किया।

उनकी गजलों में आधुनिक दौर की बेचैनी भी थी और पुराने दौर की तहजीब भी।बशीर बद्र का रिश्ता सिर्फ बरेली तक सीमित नहीं था। पड़ोसी जनपद बदायूं से भी उनका गहरा जुड़ाव रहा। बदायूं क्लब के सचिव और साहित्यकार डॉ. अक्षत अशेष ने बताया कि उनके पिता और प्रसिद्ध कवि डॉ. उर्मिलेश शंखधार के निमंत्रण पर बशीर बद्र वर्ष 2002, 2003 और 2005 में आयोजित बदायूं महोत्सव में शामिल हुए थे।उनकी मौजूदगी किसी उत्सव से कम नहीं होती थी। जब उन्होंने अपना मशहूर शेर "लोग टूट जाते हैं एक घर बनाने में, तुम तरस नहीं खाते बस्तियां जलाने में" पढ़ा तो पूरा पंडाल तालियों से गूंज उठा था। बदायूं महोत्सव में उन्हें 'फानी शकील अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया था।

आखिरी मुलाकात की याद ने कर दिया भावुक वसीम बरेलवी ने रायपुर के एक मुशायरे की आखिरी मुलाकात को याद करते हुए बताया कि तब बशीर बद्र की तबीयत काफी कमजोर हो चुकी थी, लेकिन चाहने वालों की मोहब्बत उन्हें मंच तक खींच लाती थी। वापसी के दौरान ट्रेन में अचानक वह दरवाजे तक पहुंच गए थे, तब उन्हें संभालना पड़ा। वह दृश्य आज भी उनकी आंखों में ताजा है।

# भीषण गर्मी और तपती सड़क पर डीएम ने लगवाया शीतल जल सेवा केंद्र, राहगीरों की बुझेगी प्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जब पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच रहा है और सड़क पर निकलना लोगों के लिए चुनौती बन गया है, ऐसे समय में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एक ऐसी पहल की है जो न सिर्फ राहत देगी, बल्कि समाज को मानवता का संदेश भी देगी। जिलाधिकारी ने अपने सरकारी आवास के बाहर आमजन के लिए वाटर कूलर लगवाकर उसका शुभारंभ किया। अब यहां से गुजरने वाले राहगीरों, श्रमिकों, ग्रामीणों और विभिन्न कार्यों से कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध होगा।

**गर्मी से राहत का जनहितकारी कदम**

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर वाटर कूलर का उद्घाटन



वाटर कूलर का पिता काटकर उद्घाटन करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

किया। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी और हीटवेव के दौरान सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को होती है जो दिनभर खुले में काम करते हैं या जरूरी कार्यों के लिए शहर में आवाजाही करते हैं। ऐसे लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है।

जिलाधिकारी आवास के बाहर लगाए गए इस वाटर कूलर से रोजाना सैकड़ों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। खासतौर पर मजदूर, रिक्शा चालक, राहगीर, बुजुर्ग और दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले नागरिक यहां ठंडा पानी पीकर गर्मी से राहत महसूस कर सकेंगे। प्रशासन की यह पहल जनसेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आई है।

**समाज को भी दिया संदेश**


जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनपदवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर यथासंभव पेयजल की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में केवल इंसानों ही नहीं, बल्कि पक्षियों और पशुओं के लिए भी पानी की व्यवस्था करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।

**सेवा और संवेदना का संदेश**

प्रशासन की यह पहल केवल एक वाटर कूलर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में सहयोग, सेवा और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करने का संदेश भी देती है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास गर्मी से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो सकते हैं।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमारी वर्मा सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसमस्याओं और किसान हितों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



समीक्षा बैठक में मौजूद ज़िलाधिकारी व अन्य। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों के साथ जनसमस्याओं एवं किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

डीएम ने बैंक ऋण प्रकरणों का समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। मंडी समिति परिसर में घूम रहे आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजने तथा फल-सब्जी मंडी में किसानों से अवैध शुल्क वसूली पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा मंडी में अतिक्रमण हटाने और गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडीएम, नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, एलडीएम और किसान यूनियन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## होटल के पास खडा युवक तमंचे सहित गिरफ्तार

**पूरनपुर।** पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया। पुलिस टीम देर शाम एक होटल के पास संदिग्ध व्यक्तियों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर घबराने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पुलिस आरोपी को कोतवाली ले आई और नीलू के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

# जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

- खस्ताहाल पडी सडक से राहगीरो को हो रही दिक्कतें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र की मझा रोड से कीरतपुर तक जाने वाली जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लंबे समय से बदहाल पड़ी इस सड़क की मरम्मत और निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि आए दिन राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिनमें पानी भर जाने से स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है। बरसात के मौसम में यह मार्ग कीचड़ और जलभराव के कारण पूरी तरह दुर्गम हो जाता है। इससे स्कूली बच्चों, किसानों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। सड़क की खराब स्थिति के कारण छोटे-बड़े वाहन अक्सर फंस जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की कि इस मार्ग का शीघ्र निरीक्षण कराकर सड़क का निर्माण और मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और उन्होंने जल्द समस्या के समाधान की मांग दोहराई। विधायक ने ग्रामीणों को समस्या के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।



**मैच** प्रदीप कुमार बने मैन ऑफ द मैच, भारी संख्या में पहुंचे दर्शक

# घुंघचाई ने खानपुर चुकटिहाई को 36 रनों से हराया

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर/घुंघचाई।** घुंघचाई कस्बा में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में घुंघचाई ने खानपुर चुकटिहाई को 36 रनों से हराकर मैच जीत लिया। इस दौरान बडी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

कस्बा घुंघचाई में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को घुंघचाई और खानपुर चुकटिहाई के बीच मैच खेला गया। घुंघचाई ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। शुरुआत में बल्लेबाजों ने संभलकर खेलते हुए रन गति बढ़ाने का प्रयास किया। घुंघचाई ने निर्धारित 14 ओवरों में 115 रन वनाए,लक्ष्य का पीछा करने उतरी खानपुर चुकटिहाई की शुरुआत ठीक नही रही। एक एक कर विकेट गिरते रहे। खानपुर चुकटिहाई की पूरी टीम 79 रन पर ऑल आउट हो गई। घुंघचाई ने 36 रनों से मैच जीत लिया। मैदान पर लगे शानदार चौकों और लंबे छक्कों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।



घुंघचाई में मैच खेलते खिलाडी। -जागरण मोर्चा

जीत मिलते ही खिलाड़ियों ने मैदान पर खुशी जताई। समर्थकों ने तालियां बजाकर टीम का स्वागत किया। मैच समाप्त होने के बाद विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी गई। इस दौरान घुंघचाई टीम के प्रदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमडी। आयोजकों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–
7906815587, 9758444242

**एक नजर**

### वीडियो डिलीट न करने पर प्रधानपति को धमकी

**शाहबाद ।** थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा गांव के प्रधान पति ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही युवक पर केस दर्ज कराया है। प्रधानपति का आरोप है कि युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित दान सिंह ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पीड़ित का आरोप है कि 2021 में हुई एक हत्या के मामले में आरोपी गोपी ने नशे की हालत में जुर्म कुबूला, जिसका वीडियो पीड़ित ने बना लिया था। अब गोपी उस वीडियो को डिलीट करने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि बीती 11 मई की रात गोपी ने पीड़ित के घर में घुसकर गाली-गलौज की, मारपीट की और वीडियो डिलीट न करने पर दोनों पैर तोड़ने व जान से मारने की धमकी दी।

# दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम बरी

## 5 दिसम्बर 2025 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सुनाई थी सात साल की सजा


अब्दुल्ला आजम



कचहरी परिसर में मीडिया से बातचीत करते सपा समर्थक। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को कोर्ट ने दो पासपोर्ट मामले में राहत देते हुए मजिस्ट्रेट कोर्ट के फैसले को रद्द करते हुए बरी कर दिया है। मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 5 दिसंबर 2025 को दो पासपोर्ट में अब्दुल्ला आजम को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा 50 हजार रुपये का जुर्माना का सुनाया था। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता ने मजिस्ट्रेट कोर्ट के खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील दायर की थी। जबकि राज्य सरकार की ओर से अब्दुल्ला आजम की सजा बढ़ाए जाने को लेकर भी मांग की गई थी।

शुक्रवार को सेशन कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए अब्दुल्ला आजम को दो पासपोर्ट के मामले में बरी कर दिया। 30 जुलाई 2019 को थाना सिविल लाइंस में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने दो पासपोर्ट रखने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। अब्दुल्ला आजम के अधिवक्ता नासिर सुल्तान ने बताया कि अब्दुल्ला आजम ने अपने पासपोर्ट में करक्शन के मामले में पांच हजार रुपये जुर्माना जमा करने रसीद ली थी। सारे कागजात संबंधित अधिकारियों के सत्यापन के बाद ही पासपोर्ट जारी किया गया था। यह बात न्यायालय में रखी। जिस पर न्यायालय ने अब्दुल्ला आजम को बरी कर दिया है। पूर्वमंत्री आजम खसां के साथ 17 नंवबर 2025 सेदो पैनकार्ड मामले में सजा के बाद ही जिला कारागार में बंद हैं।

**46 मुकदमें अब्दुल्ला आजम पर दर्ज**

अब्दुल्ला आजम पर जौहर विवि, क्वालिटी बार, किसानों की जमीनें कब्जाने, दो पैनकार्ड समेत 46 मुकदमें दर्ज है। इनमें दो पैनकार्ड, दो जन्मप्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट, छजलैट मामले में सजा हुई थी। जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से जमानत पर है। जबकि शुक्रवार को दो पासपोर्ट में न्यायालय ने बरी कर दिया है।

**अभी नहीं आएंगे जेल से बाहर**

दो पासपोर्ट मामले में सेशन कोर्ट से राहत मिलने के बाद भी अब्दुल्ला आजम जेल में ही रहेंगे। क्योंकि दो पैनकार्ड में सात साल की सजा मामले में सेशन कोर्ट से अपील खारिज हो चुकी है।

**समर्थकों ने न्यायालय का जताया आभार**

पूर्व बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू एडवोकेट, सैयद आमिर मियां एडवोकेट ने अब्दुल्ला आजम पासपोर्ट मामले में बरी होने के बाद कहा है हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। आज न्यायालय का महत्वपूर्ण फैसला आया है जाकि न्याय की जीत है। अब्दुल्ला आजम ने पासपोर्ट मामले में करक्शन के मामले में पांच हजार रुपये जुर्माना जमा किया था। आजम खां के बड़े बेटे अदीब आजम, भांजे फरहान खां ने कहा कि हम न्यायालय का सम्मान करते हैं। वर्ष 2027 में चुनाव से पहले आजम खां, अब्दुल्ला आजम हम सबके बीच होंगे।

# चार साल के बाद जेल से आ सकते हैं अजहर खां

- धोखाधड़ी मामले में न्यायालय से जमानत मंजूर

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के करीबी पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को हाईकोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में जमानत मंजूर कर ली है। 16 मार्च 2022 में बिजनौर की जेल में बंद है। उनके खिलाफ थाना सिविल लाइंस स्थित पनवड़िय पार्क निर्माण मामले में धोखाधड़ी के आरोप में नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को भी नामजद किया था। उनकी जमानत सेशन कोर्ट से खारिज होने के बाद गई थी।

उनके अधिवक्ता सरवत काशिफ खां ने बताया कि पूर्व पालिकाध्यक्ष की जमानत न्यायालय ने दो दिन पहलजे मंजूर कर ली थी। शुक्रवार को सारे जमानती दाखिल किए गए। जल्द ही जमानत पर रिहा होकर घर आएंगे।

पूर्व पालिकाध्यक्ष फात्मा जबी ने बताया कि चार साल से ज्यादा के समय के बाद अजहर अहमद खां बिजनौर जेल से रिहा होकर शनिवार, सोमवार तक जमानत पर घर आएंगे।

### एसपी ने सुनी समस्याएं

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा प्रतिदिन की भांति पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याओं को सुना जाता है। उसी के चलते शुक्रवार को भी जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ताकि लोगों को जल्द ही न्याय मिल सके।

# लड़की के अपहरण करने में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण का आरोप लगाते हुए कोतवाली मिलक में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित का आरोप है कि 27 अप्रैल को वह रिश्तेदारी में शादी में गया था। उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव के ही एक युवक और उसके परिवार के अन्य सदस्यों ने बहला-फुसलाकर पुत्री का अपहरण कर लिया। वादी का कहना है कि आरोपी पुत्री को अपने साथ ले गए और घर से सोने-चांदी के जेवर व 30,000 रुपये नकद भी ले गए। तहरीर में बताया कि आरोपी वर्तमान में ग्राम लखनखेड़ा मोहल्ला की बागिया में अमरूद की फसल की देखरेख का काम कर रहा है। उसका मोबाइल नंबर भी तहरीर में दर्ज है। कोतवाली मिलक वादी रामकरन पुत्र रामभरोसे की तहरीर पर मामला दर्ज किया गया है कोतवाली प्रभारी मनीराम सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। नाबालिग की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। मामले की विवेचना की जा रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार तीन घायल, सीएचसी में भर्ती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** ट्रैक्टर ने बाइक को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार जीजा और उनके साले की दो बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को नगर की सीएचसी में भर्ती कराया।सकटुवा गांव निवासी बाबू (60) अपनी साले अय्यूब की बेटियों सना (20) और सानिया (18) को बाइक से उनके गांव रसूलपुर (स्वार) छोड़ने जा रहे थे।सना और सानिया बाबू के घर मेहमानदारी में आई हुई थीं।शुक्रवार सुबह गोविंदपुरा मोड़ के पास पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर लगने से तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए।राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई, जिन्होंने घायलों को निजी वाहन से अस्पताल भेजने में मदद की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीनों घायलों का उपचार किया गया। चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि घायलों के सिर और चेहरे पर चोटें आई हैं,साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी खुली और गुम चोटें लगी हैं।घायलों के परिजनों ने बताया कि दुर्घटना के बाद लोगों ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया है। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि इस संबंध में घायल पक्ष की ओर से अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तरबूज खाने से एक ही परिवार के 8 लोग बीमार, अस्पताल में भर्ती

- 10 घंटे में डायरिया वार्ड में भर्ती हुए 95 नए रोगी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जिला अस्पताल के डायरिया वार्ड में 10 घंटे में 95 नए रोगी भर्ती हुए है। सुबह 8 से शाम 6 बजे तक रोगी भर्ती हुए हैं। जिसमें एक परिवार के 8 लोग शामिल है। सभी लोग तरबूज खाने से फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं। तरबूज खाने से एक ही परिवार का 8 लोग बीमार हो गए है। इन सभी को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। परिवार ईद मनाने के लिए अपनी नानी के घर आया था। मामला थाना भोट क्षेत्र के गांव कोयले का मजरा फैजुल्ला नगर का है। जहां तरबूज खाने के बाद एक ही परिवार के लोगों को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने लगी। देखते ही देखते परिवार के कई सदस्य बीमार हो गए। जिसके बाद परिजन घबराकर सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बीमार लोगों में दो महिलाएं और छह बच्चे हैं।

परिवार के लोग ईद मनाने के लिए अपनी नानी के घर आए हुए थे। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में सभी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जिला अस्पताल में बने डायरिया वार्ड में सुबह 8 से शाम 6 बजे तक 95 नए रोगी भर्ती हुए हैं।

# डंपर के आगे चल रहे वाहन ने मारे इमरजेंसी ब्रेक, डंपर क्षतिग्रस्त

जागरण मोर्चा, कार्यालय


सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त डंपर।

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के जयतोली मदारपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जब डंपर के आगे चल रहे वाहन ने अचानक ब्रेक लेकर वाहन रोक दिया, जिसके चलते डंपर का अगला हिस्सा उस वाहन में जा घुसा, गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि जानकारी मिली है कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, रामपुर की ओर जा रहे एक वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे चल रहा दूसरा डंपर अनियंत्रित होकर सीधे उससे जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर पुल के किनारे लगे रेलिंग को तोड़ता हुआ रुक गया। हादसे के समय डंपर को चालक तहसीम चला रहा था, गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही डंपर मालिक मुख्तार मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से डम्पर को बाहर निकाला।

# निजी अस्पताल में चिकित्सक की लापरवाही से नवजात की मौत

- पीड़ित परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर लगाया मारपीट का आरोप
- पुलिस ने मौके पर पहुंच कराया मामला शांत

जागरण मोर्चा कार्यालय


अस्पताल को सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।


नवजात की मौत के बाद हुए हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस।

**टांडा।** नगर के भगतपुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान मासूम बच्चे की जान चली गई।आरोप है कि एम के नाम से संचालित अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी के नाम पर गुरुवार शाम भर्ती की गई। गर्भवती महिला के शुक्रवार सुबह 6 बजे डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंचे परिजनों और रिश्तेदारों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा।परिजनों ने अस्पताल स्टॉफ पर बदसलूकी एवं मारपीट करने का आरोप लगाया है।मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शान्त किया, तो वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना पंजीकरण चल रहे हॉस्पिटल को सील कर दिया और प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दे दी है।

मुरादाबाद के थाना भगतपुर अंतर्गत ग्राम बहोरनपुर निवासी गर्भवती महिला रानी पत्नी अय्यूब को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन गुरुवार की शाम स्थानीय थाना क्षेत्र के भगतपुर मोड़ स्थित एमके निजी अस्पताल में डिलीवरी के लिए लेकर आये।

चिकित्सक ने परिजनों को सुरक्षित नॉर्मल डिलीवरी आश्वासन देकर महिला को भर्ती कर लिया।सारी रात चिकित्सक एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा नॉर्मल डिलीवरी के प्रयास किये गए।परिजनों का कहना है कि वे बार-बार अस्पताल संचालक एवं अन्य स्टाफ से यही कहते रहे कि अगर तुम्हारे बस का नहीं है तो हमारे मरीज को रेफर कर दो, हम कहीं और दिखा देंगे।लेकिन स्टॉफ ने हमारी बात नहीं मानी और शुक्रवार सुबह अप्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा गर्भवती का ऑपरेशन कर डिलीवरी की गई।आरोप है कि अस्पताल स्टाफ की लापरवाही एवं मनमानी से नवजात की मौत हो गयी।गुस्साए परिजनों ने डिलीवरी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया।आरोप है कि अस्पताल स्टॉफ द्वारा पीड़ित परिजनों के साथ अभद्रता की गई।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत किया।सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई।टीम ने अस्पताल का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण न होने पर अस्पताल को सील कर दिया और संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दे दी।

स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर देवेश चौधरी द्वारा दी तहरीर में कहा गया है कि सूचना प्राप्त हुई कि एमके क्लीनिक टांडा में एक नवजात शिशु की मृत्यु हुई है। उक्त सूचना पर शुक्रवार प्रातः 11:44 बजे क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान मौके पर कोई भी स्टाफ चिकित्सक नहीं मिला। मृतक बच्चे की मां प्रसूता रानी पत्नी अय्यूब निवासी बहोरनपुर थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद भर्ती थीं। जिसे तत्समय उसके परिजन अपने घर ले गये। उक्त क्लीनिक को सील कर दिया गया है। एमके क्लीनिक का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण नहीं है। एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में व्यवसाय करने के लिए चिकित्सा संस्थान का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसलिये एमके क्लीनिक के संचालक मोहम्मद कासिम पुत्र शकील निवासी कसिया कुण्डा के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत की जाना आवश्यक है।टीम के सदस्यों में सचिन कुमार कनिष्ठ सहायक मोहम्मद आजम, ब्रिजेश कुमार शामिल रहे।




**हादसा** जाम लगने से राहगीरों को उठानी पड़ी परेशानियां

# कैंटर की टक्कर से डिवाइडर में फंसा ट्रक

जागरण मोर्चा, कार्यालय


हकीमगंज मार्ग स्थित फंसे ट्रक को निकालती हाइड्रा –जागरण मोर्चा

**रामपुर/सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत खौद लालपुर रोड पर हकीम गंज के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां एक कैंटर द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे से आ रहा ट्रक बेकाबू होकर सड़क किनारे नहर की तरफ बने डिवाइडर में जा फंसा। हादसे के बाद रोड पर दोनों तरफ लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बिलासपुर निवासी ट्रक ड्राइवर शकील अहमद 'बिल्स इंडिया' कंपनी से रिम भरकर खौद की तरफ जा रहा था। तभी हकीम गंज के पास बने एक स्पीड ब्रेकर पर आगे चल रहे टैंकर के चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए।

रफ्तार तेज होने के कारण पीछे आ रहा ट्रक सीधे कैंटर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक चालक ने वाहन पर से पूरी तरह नियंत्रण खो दिया और ट्रक सीधे नहर किनारे बने डिवाइडर पर जा चढ़ा।

डिवाइडर के बीच बुरी तरह फंसने के कारण ट्रक नहर और डिवाइडर बीचों-बीच आड़ा हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दो क्रेन की मदद से ट्रक को डिवाइडर से हट वाया, जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका। गनीमत रही कि कोई अनहोनी नहीं हुई।

# टूर्नामेंट: मेलबॉर्न क्लब ने इंद्रा क्लब से 22 रन से मैच जीता

## इंद्रा क्लब ने 16 ओवर में 120 रन 6 विकेट खोकर बनाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें मैच में इंद्रा क्लब और मेलबर्न क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें मेलबॉर्न क्लब विजेता बना।

मनसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले जा रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में टॉस जीत कर इंदिरा क्लब ने मेलबॉर्न क्लब को पहले बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। मेलबॉर्न क्लब ने निर्धारित 16 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाए। जिसमें बल्लेबाज नासिर पीटरसन ने 52 रन, जुबैर आलम ने 28 रन, अदनान ने 16 रन, उवैस ने 14 रन बनाए। अतिरिक्त 16 बने।इंद्रा क्लब के गेंदबाज अब्दुल रहमान और कामरान अख्तर ने दो-दो विकेट और फिरासत, निखिल, आमिर, नाजिम फरीदी ने एक-एक विकेट लिया। जीत के लिए 144 रन बनाने के लिए इंद्रा क्लब ने 16 ओवर में 120 रन, 6 विकेट खोकर बनाए। मेलबॉर्न क्लब ने 22 रन से मैच जीत कर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। इंद्रा क्लब के निखिल ने 39 रन, इकबाल बलिया ने 37 रन, सैफ रहमान ने 19 रन बनाए। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।अतिरिक्त 16 रन बने। मेलबॉर्न क्लब के एक मात्रक गेंदबाज गुड्डू प्रिंस ने ही 5 खिलाड़ी आउट किए।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गुड्डू प्रिंस को प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि किसान यूनियन लोक शक्तिके जिलाध्यक्ष, समाज सेवी डॉ. आजम रहे। अंपाय राहत अली और जुबैर आलम रहे। कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोर मौलाना जुनैद और आकिब गुल ने की। इस मैच में मुख्य अतिथि डॉ. आजम,मोहम्मद दानिश, मोहम्मद आसिफ,अरशद पाशा , मोहम्मद फजल,अब्दुल्ला पाशा, मास्टर अकरम,अब्दुल बार, अकबर अली, भाजपा नेता मकसूद लाला, आयोजक हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, डा० ,तौसीफ आलम वसी खान, शाहाब ,कारी रिजवान, जावेद रहमानी, कारी अल्तमश, मोइन अली और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

# श्याम महोत्सव में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

- राज्यमंत्री सहित नेताओं ने भी लगाई खाटू श्याम दरबार की हाजिरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** श्री श्याम परिवार समिति के तत्वावधान में बृहस्पतिवार की रात आयोजित पांचवें श्याम महोत्सव में हजारों श्रद्धालु उमड़े।राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख सहित सहित अनेक नेताओं और गणमान्यों ने भी खाटू श्याम के दरबार में हाजिरी दी। बाहर से आए गायक कलाकारों ने भक्तों को रात भर बांधे रखा।विशाल पंडाल में जयकारे गूंजते रहे, इत्र व फूलों की वर्षा होती रही और श्रद्धालु झूमते व नाचते रहे।

बाबा श्याम के दर्शन का सिलसिला आरंभ हुआ, जोकि लगातार चलता रहा और श्रद्धालु लंबी कतारों में लगे रहे। दरबार के दौरान जयपुर से आए आयुष सोमानी और वृंदावन के अमन मिश्री व दीप्ती श्री सहित कई गायक कलाकारों ने अपने भजनों और गायन शैली से श्रोताओं को रात भर मंत्रमुग्ध रखा।श्रद्धालु भक्ति-भाव में तालियां बजाते और झूमते-नाचते रहे।बीच-बीच में युवाओं ने जयकारे लगाकर पंडाल को गुंजायमान किया।महोत्सव के मध्य आयोजकों ने अतिथियों को पटके पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।राधा की रसोई भी लगाई गई थी,जिसमें भक्तों को भोजन प्रसाद व जलपान वितरित किया जाता रहा। पंडाल के बाहर विभिन्न स्टॉल भी लगे हुए थे।दरबार में गौरव लाठे और अश्विनी अग्रवाल मुख्य यजमान रहे।पूर्व पालिकाध्यक्ष रजनी जौहरी, व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल,भाजपा नेत्री मधुबाला गुगलानी,पालिका सभासद बलविंदर सिंह,रवि टंडन,चेतन पारुथी, दुष्यंत अग्रवाल, अरविंद गुप्ता एडवोकेट, सौरभ सक्सेना एडवोकेट, अनिल मदान,सत्यपाल जिंदल, पारुल अग्रवाल,उपकार गोयल सहित अनेक गणमान्यों ने बाबा के दर्शन किए।व्यवस्थाओं में रामफल अग्रवाल,सुनील गुप्ता,संदीप कंसल, मनोज जैन,सुरेश कंसल, मनोज अग्रवाल, अजय कंसल, सौरभ गंगवार,अंबर सक्सेना,नितिन गर्ग, स्पर्श अग्रवाल,अनुपम अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, राजेश यादव, वरदान सूजी, रोहित लाठे, लक्ष्य यादव, मोंटी उप्पल, शुभम शर्मा, अमन भारद्वाज, हेमंत यादव, धीरेंद्र थापा व चुन्नीलाल सहित सेवादार मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा


पूजा अर्चना के दौरान मौजूद राज्यमंत्री बलदेव औलख। -जागरण मोर्चा

# धर्म परिवर्तन कराने में कई लोग गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पटवाई पुलिस ने लोगों का धर्म परिवर्तन कराने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि आरोपियों को तलाश किया जा रहा है। पटवाई निवासी शेर सिंह ने जोगेन्द्र ,राजेन्द्र, नरेश, तेजपाल निवासी नासरपुर थाना गढी जिला संभल,करन सिंह और तीन अज्ञात लोगों द्वारा पीड़ित के पुत्र को लालच व प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के सम्बन्ध में थाना पटवाई पर उत्तर प्रदेश विधि विरुध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 मे पंजीकृत किया था।उसी के चलते थाना पटवाई पुलिस द्वारा मुकदमें में फरार चल रहे आरोपी राजेन्द्र, नरेश कुमार, तेजपाल, करन सिंह एवं दो महिलाओं को ग्राम मझरा निस्वी से गिरफ्तार किया।एक महिला के पास से एक काला बैग में एक बाइबल की पुस्तक तथा एक पानी की बोतल मे एक तरल द्रव्य बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की।


पटवाई पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर

**सैफनी।** बिलारी–सैफनी रोड पर हीरो एजेंसी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर निवासी जुनैद (27) अपनी पत्नी जेवा (25) के साथ बाइक से ससुराल आंवला जा रहे थे। इसी दौरान हीरो एजेंसी के पास सैफनी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को एम्बुलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने दोनों को जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# नवजात की मौत के बाद जागा विभाग, चार क्लीनिक सील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना टांडा क्षेत्र में नवजात की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग के आंखों पर बंधी पट्टी खुल गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टांडा क्षेत्र में चार क्लीनिकों पर सील लगा दी है। साथ ही समस्त संचालकों के खिलाफ थाना में एफआईआर दर्ज कराए जाने को तहरीर भी सौंप दी है।

नोडल अधिकारी डॉ.देवेश चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एसआई नर्सिंग होम, नवीन चाइल्ड क्लीनिक, मून हेल्थ केयर एवं जच्चा-बच्चा केंद्र, डिवाईन सिटी हास्पिटल को सील किया है। इससे पहले टांडा के एमके क्लीनिक में नवजात की मौत की सूचना मिलने पर टीम ने क्लीनिक का निरीक्षण किया। मौके पर टीम को स्टॉफ, चिकित्सक नहीं मिला। नोडल अधिकारी ने बताया कि एमके क्लीनिक का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण नहीं हैं। जबकि ऐलोपैथिक चिकित्सा पद्धति में व्यवसाय करने के लिए चिकित्सा संस्थान का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसलिए थाना टांडा में संचालक के खिलाफ आईएमसी एक्ट 2019 की धारा 34 एवं बीएनएस 2023 की धारा 318(4) एफआईआर दर्ज कराई गई हैं।


नर्सिंग होम को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

# सपा को मजबूत करने को जुटे: रामबहादुर


बैठक के दौरान सपा को मजबूत करने की अपील करते सपा नेता रामबहादुर।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने जमीनी स्तर पर अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी के नेता रामबहादुर ने शाहबाद तहसील के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। सपा नेता ने कई गांवों में बैठक कर पार्टी के मुख्य एजेंडे पीडीए की मजबूती पर विशेष बल दिया।कहा कि आगामी चुनाव में जीत दर्ज करने के लिए ग्राम स्तर पर मजबूत रणनीति बनाना बेहद जरूरी है। इसके लिए उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीडीए पंचायतों का आयोजन करने और समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। रामबहादुर ने चौकोनी और खरसोल गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 का चुनाव प्रदेश के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बड़ागांव में हुई बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर कमेटियों को सक्रिय करने और स्थानीय स्तर की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आग्रह किया।

## आंधी-तूफान एवं भारी वर्षा की चेतावनी जारी

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के आधार पर बताया है कि जनपद सहित प्रदेश के कई जिलों में अगले 24 घंटों के दौरान गरज-चमक के साथ आंधी-तूफान, भारी वर्षा तथा 80–90 किमी,घंटा कुछ स्थानों पर 100 किमी घंटा तक की तेज हवाएं चलने की संभावना है।मौसम चेतावनी को देखते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आमजन को सतर्क एवं जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। जनसामान्य को सूचित करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप, सोशल मीडिया, ग्राम पंचायत स्तर पर मुनादी लाउडस्पीकर एवं अन्य उपलब्ध माध्यमों का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसामान्य के लिए आवश्यक सावधानियां- खराब मौसम के दौरान घर के अंदर सुरक्षित रहें। पेड़ों, बिजली के खंभों एवं कमजोर,जर्जर भवनों से दूरी बनाए रखें। अनावश्यक यात्रा से बचें। खुले स्थानों एवं जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहें। मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं का पालन करें।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि पूरी सतर्कता बरतें और सुरक्षित रहें।

# मुख्यमंत्री योगी से ट्विटर पर लगाई गुहार

- शिक्षकों ने मांगा प्रतिकर अवकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के परिषदीय शिक्षकों ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर एकजुट होकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रतिकर अवकाश देने की मांग उठाई। यूपी शिक्षकों को इएल दो अभियान के माध्यम से हजारों शिक्षकों ने अपनी बात सरकार तक पहुंचाई और यह अभियान ट्विटर पर ट्रेंड भी करता रहा।शिक्षकों का कहना है कि इस बार गर्मी की छुट्टियों में उन्हें जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लगाया जा रहा है। अवकाश अवधि में लगातार ड्यूटी करने के कारण शिक्षक उसके बदले प्रतिकर अवकाश की मांग कर रहे हैं।शिक्षकों ने यह भी कहा कि देश के कई राज्यों में सरकारें पहले ही शिक्षकों को इस प्रकार के कार्यों के बदले अवकाश देने की घोषणा कर चुकी हैं। उत्तर प्रदेश के शिक्षकों को भी समान सुविधा मिलनी चाहिए।अभियान में शामिल शिक्षकों ने कहा कि शिक्षक सदैव राष्ट्रहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं, लेकिन उनके अधिकारों और सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रदेशभर के शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से सकारात्मक निर्णय लेकर शिक्षकों को अर्जित,प्रतिकर अवकाश प्रदान करने की मांग की है।



# बाहर से दवा लिखने पर आयुष चिकित्सक को थमाया नोटिस

- नोटिस का जवाब नहीं देने पर होगी अनुशानत्मक कार्रवाई

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के आयुष विंग में तैनात चिकित्सक पर निजी मेडिकल स्टोर से दवा लिखने के मामले में सीएमओ ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साफ तौर पर कहा कि नोटिस के जवाब के बाद सेवा समाप्ति की कार्रवाई होगी।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी वालस्टर सिंह ने बताया कि वह जिला अस्पताल के आयुष विंग में हाथ की खुजली का इलाज कराने आए थे। आरोप है कि डॉक्टर इकबाल ने उनकी मर्जी के बिना लगभग 580 रुपये की एलोपैथिक दवाएं लिख दी। उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से खरीदने का कहा। मरीज का कहना है कि दवाएं खरीदने के लिए उन्हें अपनी बेटी से पैसे उधार लेने पड़े। मरीज ने आरोप लगाया यदि एक मरीज को 580 रुपये की दवाएं लिखी जा रही है। डॉक्टर प्रतिदिन लगभग 50 मरीज देखते है। सीएमओ डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि एलोपैथिक दवाएं लिखने का अधिकार नहीं है वीडियो और शिकायत सामने आने के बाद डॉ.इकबाल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

# स्काउट गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित

- रोडवेज बस अड्डे पर मुसाफिरों को पिलाया जल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में निशुल्क शीतल जल सेवा शिविर के नवें दिन भी स्काउट और गाइड ने शीतल जल सेवा पिलाकर सेवा की। जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार मुख्य अतिथि रहे।

जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्काउट गाइड को उनके सहयोग के बारे में बताया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को सम्बोधित करते पुनीत कार्य की सराहना की। कहा कि स्काउट और गाइड का जीवन सेवा के लिए ही समर्पित होता है। जिला सचिव ओमप्रकाश सैनी ने स्काउट गाइड को बताया कि देश में जब जब भी कोई विषम परिस्थिति जैसे बाढ़,डिजास्टर, भूकम्प इत्यादि आपदा के समय भी स्काउट और गाइड सदैव प्रस्तुत रहते हैं। सार्वजनिक मेलों में भी स्काउटिंग की मदद ली जाती है। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष अवतार सिंह जिला आयुक्त बलराम सिंह, संतोष कुमार, सचिव ओमप्रकाश सैनी, जिला, स्काउट मास्टर भुजवीर सिंह, डॉ. अनूप कुमार, जीतू कुमार संगठन आयुक्त, नरवंत कौर, ममता सिंह, सर्वेश शर्मा, विपिन कुमार, शीबू सिंह, विकास कुमार, दीपक, शाहनाबाज, पुनीत कुमार, गुरदीप सिंह, दीपांश चौधरी, प्राची तिवारी, मनोज कुमार, वीरवती, अब्दुल्ला, नितिन गंगवार, वीरेश, शिवम, विक्रम, शिव, अंशिका, हुमेरा, आशी, खुशी, आस्था, अनम, पाखी अनमोल, महिमा, कहकशा व अन्य उपस्थित रहे।


रोडवेज बस अड्डे पर मुसाफिरों को पानी पिलाते मुख्य आयुक्त व सचिव। -जागरण मोर्चा

## महिला सुरक्षा दल ने चलाया अभियान

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शुक्रवार को समस्त थानो से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया की गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओ को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की गई। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें।

छापेमारी इमरजेंसी, जनरल वार्ड, महिला वार्ड और दवाओं का किया स्टॉक चेक

# मिलक सीएचसी में सीएमओ का छापा स्वास्थ्य सेवाओं की ली जानकारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मिलक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर छापा मारा। सीएमओ ने सीएचसी में भर्ती प्रसूताओं, तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी, जनरल वार्ड, महिला वार्ड और दवाओं के स्टॉक को भी चेक किया।

सीएमओ डॉ.दीपा सिंह अचानक सीएचसी पहुंची। उनके अचानक आने पर अस्पताल प्रशासन में खलबली मच गई। सीएमओ ने बताया कि प्रसूताओं और तीमारदारों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। स्टाफ को कर्तव्यों, के प्रति समर्पण भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया। सीएचसी में जिन चिकित्सकों के पद रिक्त है उनके लिए शासन से मांग की गई है। इस दौरान डॉ.संतोष कुमार, डॉ.अंजू सिंह अस्पताल परिसर का स्टाफ कर्मी मौजूद रहे। इस दौरान सीएचसी में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था।



मिलक सीएचसी का निरीक्षण करती सीएमओ। -जागरण मोर्चा

# शिक्षक समाज की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जाएगा: हरि सिंह

## भाजपा कार्यालय पहुंचने पर हरि सिंह ढिल्लों का भाजपाईयों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिक्षक विधायक चुनाव के लिए हरि सिंह ढिल्लों को भाजपा प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद उनके प्रथम बार भाजपा जिला कार्यालय आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कार्यालय परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं जोश देखने को मिला। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं एवं फूलों के



भाजपा कार्यालय पर कार्यक्रम में बोलते हरि सिंह ढिल्लो। -जागरण मोर्चा

गुलदस्तों के साथ हरि सिंह ढिल्लों का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षक विधायक चुनाव के लिए बधाई दी।

हरि सिंह ढिल्लों ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा उन पर जताया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को प्राथमिकता के साथ उठाया जाएगा।शिक्षा जगत से जुड़े प्रत्येक वर्ग की आवाज को मजबूती के साथ मंच प्रदान करने का कार्य किया जाएगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव शिक्षकों, कर्मचारियों, युवाओं एवं समाज के सभी वर्गों के हितों के प्रति संवेदनशील रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विधायक चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हरि सिंह ढिल्लों जी की विजय सुनिश्चित करने हेतु संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी मजबूती, समर्पण एवं निष्ठा के साथ कार्य करेगा।शिक्षक विधायक चुनाव के संयोजक एमएलसी महाराज सिंह तथा सहसंयोजक राजेश सिंघल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पश्चिम क्षेत्र भाजपा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन चुनावी तैयारियों को गति प्रदान कर रहा है। उनके अनुभव एवं संगठनात्मक कुशलता का लाभ चुनाव अभियान को मिलेगा तथा पार्टी कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ विजय लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु कार्य कर रहे हैं।जिला अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की ऊर्जा एवं जनता के विश्वास के बल पर भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी।

### यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में सुभाष भटनागर, मोहनलाल सैनी, मोहन लोधी, सुनीता सैनी, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल सिंह यादव, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, विकास दीक्षित, हरिओम मोर्य, विवेक रुहेला, राजीव मांगलिक, पारुल अग्रवाल, दीपक गुप्ता, विक्रम सिंह, नेमचंद वर्मा, आशीष गंगवार, आशीष गुप्ता, मनीष कथूरिया, नवदीप चौधरी, देवेंद्र चौधरी, देवेंद्र सिंह, अतुल ठाकुर, अजय ठाकुर, शिवा शर्मा, गौरव शर्मा, जूही सिंह, मनु सक्सेना, अनिल मदान, अभिषेक अग्रवाल आदि वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कथा के माध्यम से अहंकार का होता है नाश:श्याम ब्रज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** श्री किशोरी नंद गोपाल आश्रम वृंदावन धाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के सेवार्थ मानव कल्याण जीवन के लिए ग्राम पिपला शिवनगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कथा में भागवत आचार्य शास्त्री श्याम बृज बिहारी उर्फ अन्य त्यागी श्याम बाबा ने तृतीय दिवस अपने मुखारविंद से हिरणकश्यप एवं भक्त प्रहलाद की कथा का ढंग से वर्णन किया उन्होंने कहा कि हिरणकश्यप का अहंकार और प्रहलाद की अटूट भक्ति के कारण भगवान ने नरसिंह अवतार लिया।





कथा सुनाते वाचक।

हिरणकश्यप और भक्त प्रहलाद की कथा केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं है, बल्कि यह अहंकार पर भक्ति, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का शाश्वत संदेश देती है।

हिरणकश्यप दैत्यों का राजा और महान तपस्वी था। ब्रह्मा जी के वरदान से उसका अहंकार इतना बढ़ गया उसने स्वयं को भगवान घोषित कर दिया और ईश्वर की पूजा पर प्रतिबंध लगा दिया।हिरण कश्यप का पुत्र प्रहलाद जन्म से ही भगवान विष्णु का परम भक्त था। पिता के लाख रोकने, डराने और यातनाएं देने पर भी प्रहलाद ने नारायण का नाम जपना नहीं छोड़ा। अंत में भगवान को हिरण कश्यप का वध करना पड़ा और अधर्म पर धर्म की विजय प्राप्त कर धर्म की स्थापना की।अहंकार का नाश,कितना भी शक्तिशाली व्यक्ति क्यों न हो, अहंकार उसका अंत कर देता है।भक्ति की शक्ति,सच्ची भक्ति और विश्वास के आगे बड़ी से बड़ी विपत्ति भी हार जाती है। सत्य की विजय,अंत में जीत हमेशा सत्य, धर्म और अच्छाई की ही होती है।

ईश्वर सर्वत्र है,भगवान कण कण में वास करते हैं। भक्त की पुकार पर तुरंत आते हैं। इस पुनीत अवसर पर संजय तिवारी, अनिल शुक्ला, अनुराग पाठक, ब्रह्मानंद मिश्रा, श्याम सुंदर पाठक, भोजराज मौर्य, तुलसीराम गंगवार, राजमोहन तिवारी, श्याम सिंह पासी,महेंद्र पाल कोरी, विपिन तिवारी, रामसिंह पाल, संजीव गंगवार, वेदराम, कुमर सेन,आदि भक्तजन एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## 'जमात की नमाज अदा करने से मिलता है 27 गुना सवाब'

जागरण मोर्चा,कार्यालय

**रामपुर।** जामा मस्जिद में नमाज ए जुमा में कुतबा करते इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलवी अब्दुल वहाब खां उर्फ फैजान खां ने कहा कि जमात के साथ नमाज अदा करने से 27 गुना सवाब मिलता है। जोकि जानबूझकर जमात की नमाज छोड़े उसके लिए गुनाह ए अजीम भी सख्त है। उन्होंने कहा कि यह कुर्बानी यानि जिल्ल हिज्ज का महीना चल रहा है तकबीरों के साथ कुर्बानी का सिलसिला शनिवार तक जारी है।



जामा मस्जिद में कुतबा देते इमाम जामा मस्जिद व नायब इमाम ए शहर मौलवी अब्दुल वहाब खां उर्फ फैजान खां।

जामा मस्जिद में जुमे के कुतबे में कहा कि मजहबी इस्लाम में सबसे खास इबादत नमाज है। जो मुसलमान नमाज जमात के साथ पढ़ता है उसको 27 नमाजों का सवाब मिलता है और जान बूझकर छोड़ता है।जमात की सफों में कोई छोटा-बड़ा नहीं है। सब बराबर होते है। इसके बाद जुमे की नमाज अदा करके मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई।

## रामगंगा नदी पर पुल की मांग को सौंपा ज्ञापन

- वाहन चेकिंग के नाम पर मनमानी रोकने की मांग भी की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील शाहबाद क्षेत्र के ग्राम बेरुआ में रामगंगा नदी पर स्थायी पुल निर्माण की मांग को लेकर युवा सत्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं ग्राम वासियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पुल न होने के कारण ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय ग्रामीणों को लंबा फेर लगाकर खेतों तक पहुंचना पड़ता है तथा कई लोगों की नदी में डूबकर मौत भी हो चुकी है। संगठन ने जनहित को देखते हुए शीघ्र स्थायी पुल निर्माण कराए जाने की मांग की।इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक को भी एक अलग ज्ञापन



एसपी को ज्ञापन देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

सौंपा गया, जिसमें मिलक कोतवाली क्षेत्र में वाहन चेकिंग के नाम पर आम जनता को परेशान किए जाने एवं कथित अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग उठाई गई।

ज्ञापन में कहा गया कि पुलिस की अत्यधिक चेकिंग एवं कठोर कार्यप्रणाली के कारण क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है।चौधरी नलिन सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और यदि समय रहते समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष सोनू खड़गवंशी, जीशान रजा, विपिन पटेल, राजकुमार सागर, बीडी शर्मा एवं सनी जोशी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तुरैहा समाज को आगे बढ़ना होगा:कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तुरैहा मछुआ समाज की बैठक सराय गेट स्थित बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि पर हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि आने वाली जातीय जनगणना में समाज के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। अपनी जनगणना कर्मियों को जाति का उल्लेख करें।





बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

पंचायत चुनाव की तैयारी पूरी जोर- शोर चल रही है।समाज के लोग पूर्ण उम्र वाले सभी लोग अपना वोट भी बनवाए। जिससे समाज मजबूत होकर खड़ा हो सके।अब तुरैहा मछुआ समाज को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा। जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने समाज के सदस्य चुनावी तैयारी में जुटे।ग्राम पंचायत में अपनी उपस्थिति सुरक्षित करें। वर्तमान सरकार के साथ समाज का संगठन मजबूती से खड़ा है। इसलिए सरकार को समाज के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व देना भी चाहिए।बताया कि 7 जून रविवार को समाज की ओर से मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। यह स्थान जिला पंचायत सभागार में इसका आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर रामगोपाल ,मुरारी लाल, जबर सिंह ,दिनेश कुमार ,विनोद कुमार ,अजय कुमार, नंदकिशोर, सरन लाल, दीपक कुमार,अरविंद कुमार, प्रीतम सिंह ,राधेश्याम, कमल मुन्ना, अर्जुन कुमार, रामकिशोर, राजेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे बैठक का संचालन जिला महामंत्री एडवोकेट राम सिंह तुरैहा ने किया।

## सार संक्षेप

### सभासद ने गले मिलकर दी मुबारकबाद

**मिलक।** नगर के वार्ड नंबर 7 के सभासद एवं युवा समाजसेवी प्रखर वशिष्ठ ने गुरुवार को ईद-उल-अजहा के मौके पर नगर की मुख्य ईदगाह और जामा मस्जिद पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज संपन्न होने के बाद उन्होंने बुजुर्गों, नौजवानों और बच्चों से मुलाकात कर सभी को ईद की शुभकामनाएं दीं। आपसी भाईचारे का पैगाम दिया। सभासद ने कहा कि ईद का त्योहार खुशियों, रहमतों और मोहब्बत का पैगाम लेकर आता है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने आस-पास गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों का भी ख्याल रखें। उन्होंने कहा हमारा नगर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है। यहां सभी धर्म-समुदाय के लोग हर त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमें इस एकता और भाईचारे को हमेशा बनाए रखना है। उन्होंने युवाओं से खास अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से बचें और समाज में नफरत फैलाने वालों से दूर रहें।



गले मिलकर ईद की बधाई देते सभासद प्रखर वशिष्ठ।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### चौधरी चरण सिंह की रालोद ने मनाई पुण्यतिथि

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर भारत रत्न, किसान मसीहा एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के किसान, मजदूर, गरीब एवं ग्रामीण समाज के हित में किए संघर्षों और उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम में क्षेत्रीय महासचिव सुमन सिंह परिहार, जिला महासचिव प्रभात भारद्वाज, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुलदीप कौर एवं नगर अध्यक्ष नवाब खान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने संयुक्त रूप से कहा कि चौधरी चरण सिंह का सम्पूर्ण जीवन किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित रहा। उनके विचार और सिद्धांत आज भी देश के किसानों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।कार्यक्रम में सरदार दर्शन सिंह, कलावती, शंकर लाल लोधी, रामस्वरूप गंगवार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने चौधरी चरण सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### पर ड्राप मोर क्रॉप योजना के तहत माइक्रो इरिगेशन को बढ़ावा

**रामपुर।** उद्यान विभाग द्वारा जनपद में पर ड्राप मोर क्रॉप माइक्रो इरिगेशन योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के 1445 हेक्टेयर का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें ड्रिप सिंचाई संयंत्र स्थापना के लिए 748 हेक्टेयर तथा स्प्रिंकलर सिंचाई संयंत्र स्थापना के लिए 697 हेक्टेयर का लक्ष्य शामिल है। अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार ने बताया कि माइक्रो इरिगेशन पद्धति अपनाने से सिंचाई क्षमता में 80 से 90 प्रतिशत तक वृद्धि होती है।60 से 70 प्रतिशत तक जल की बचत संभव है। यह पद्धति खरपतवार नियंत्रण में भी लाभकारी है। साथ ही सिंचाई जल के माध्यम से खाद, शाकनाशी एवं पेस्टीसाइड का प्रयोग (फर्टीगेशन) सीधे पौधों की जड़ों तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे फसलों की उत्पादकता बढ़ती है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक से कम लागत में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है तथा फसलों की पैदावार में 35 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर संयंत्र पर लघु एवं सीमान्त किसानों को इकाई लागत का 90 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाता है। वहीं पोर्टेबल स्प्रिंकलर संयंत्र पर लघु एवं सीमान्त कृषकों को 75 प्रतिशत तथा अन्य कृषकों को 65 प्रतिशत अनुदान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। योजना का लाभ प्राप्त करने के किसान पर पंजीकरण एवं आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए आवेदक के पास स्वयं का नलकूप, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, चार पासपोर्ट आकार के फोटो, भूलेख, खतौनी, मोबाइल नंबर तथा फार्मर रजिस्ट्री होना अनिवार्य है।

### प्रमोशन होने पर प्रतिनिधिमंडल ने दी बधाई

**रामपुर।** कोऑपरेटिव बैंक वर्क्स यूनियन के प्रतिनिधि मंडल सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी का प्रमोशन होने पर मुबारकबाद दी। जिसमें मुख्य रूप से मोहम्मद जुहैब अध्यक्ष, संतोष कुमार उप मंत्री, रविंद्र सिंह कोच अध्यक्ष, रिजवान खान मीडिया प्रभारी, अमर सिंह, विनोद कुमार, नितिन कुमार, अमर सिंह, मुन्ने मियां आदि मौजूद रहे।



## कार और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत, दंपति घायल



शाहबाद में कार की टक्कर लगने से घायल युवक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

शाहबाद। शुक्रवार को ससुराल जा रहे बाइक सवार को कार ने सामने से टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार दंपति बुरी तरह जख्मी हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सम्भल के सहसपुर निवासी जुनैद अपनी पत्नी जेबा के साथ बाइक पर सवार होकर अपनी ससुराल आंवला जा रहे थे, रास्ते में सैफनी के पास कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, हादसे में बाइक सवार दंपति बुरी तरह जख्मी हो गए, जिनको उपचार के लिए सीएचसी शाहबाद में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर शाहबाद के ग्राम टांडा में बाइक सवार राजन को खेत से लौटते समय छोटा हाथी ने टक्कर मारकर जख्मी कर दिया। राजन को भी सीएचसी पर प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भीतरगांव में सालों से चली आ रही जात लगाने की परंपरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर क्षेत्र के भीतरगांव स्थित प्राचीन बुजपुर वाली माता मंदिर में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था और भक्ति का माहौल बना रहा।

बताया जाता है कि इस मंदिर में सन 1954 से पहले से जात लगाने की परंपरा चली आ रही है। ज्येष्ठ माह में गंगा स्नान के बाद आने वाले शुक्रवार या सोमवार को यहां विशेष रूप से जात लगाई जाती है। दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं और अनाज, मिष्ठान, पुष्प, नारियल, चुनरी तथा श्रृंगार सामग्री चढ़ाकर माता का



शाहबाद के भीतरगांव स्थित बुजपुर वाली माता के मंदिर में पूजा करती महिला श्रद्धालु।

आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मंदिर के वर्तमान पुजारी वदरी प्रसाद शर्मा ने बताया कि पहले मंदिर के महंत मेवा राम शर्मा थे। उनके बाद उनके पुत्र होरिलाल शर्मा ने मंदिर की सेवा संभाली और अब वदरी प्रसाद शर्मा मंदिर में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जून यानी आषाढ़ माह में यहां विशेष जात लगती है, जिसमें बरबलान क्षेत्र सहित कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मेला लगने से मंदिर परिसर में रौनक देखने को मिली। श्रद्धालुओं ने मंदिर की परिक्रमा की, वहीं बच्चों ने मेले में खिलौनों की खरीदारी की और झूलों का आनंद लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में माता के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

सराहनीय | भीषण गर्मी में राहत के लिए किया शर्बत का वितरण

## इंसानियत की खिदमत से बढ़कर कोई इबादत नहीं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भीषण गर्मी से राहत के लिए समाजसेवी ने शिविर लगाकर लोगों को शर्बत का वितरण किया। समाजसेवी रहमान अली ने कहा कि इंसानियत की खिदमत से बढ़कर कोई इबादत नहीं। इसमें हर वर्ग को चाहिए कि खिदमत करने में बढ़चढ़कर हिस्सा लें।

शुक्रवार को ईद के मौके पर तपती धूप में समाजसेवी ने घेर कलंदर खां स्थित शरबत की सबील लगाकर राहगीरों को शर्बत वितरित किया। उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। ऐसी गर्मी में इसके लिए सभी को आगे आना चाहिए। लोगों से



बरेली गेट स्थित घेर कलंदर खां में लोगों का शर्बत वितरित करते समाजसेवी।

अपील है कि भीषण गर्मी जितना हो सके उतना कम ही बाहर निकलें। ज्यादा देर तक धूप में न रहें। तेज धूप में भारी शारीरिक कार्य अथवा व्यायाम न करें, खाली पेट घर से बाहर न निकलें। शराब, अधिक चाय, कॉफी एवं अत्यधिक मीठे पेय पदार्थों के सेवन से बचें। क्योंकि इससे शरीर में पानी की कमी बढ़ सकती है। बच्चों एवं वृद्ध व्यक्तियों को बंद वाहन में अकेला न छोड़ें।

## एक नजर



### तेज आंधी बारिश से कालेज की बाउंड्री दीवार छत पर गिरी, लिंटर में आई दरार

**चन्दौसी।** तेज आंधी व बारिश के चलते गुरुवार की बिसौली गेट में एक कन्या इंटर कालेज की पिछली बाउंड्री दीवार मकान के ऊपर जा गिरी। जिससे मकान के लिंटर में दरारे आने से हड़कंप मच गया। घटना की शिकायत कालेज की प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य से की गई। बिसौली गेट में एक कन्या इंटर कालेज है। कालेज का पिछला हिस्से में मकान है। गुरुवार की रात 9 .30 बजे आई तेज आंधी के बारिश होने से कालेज के पिछले हिस्से की बाउंड्री दीवार सौरभ बंसल व गौरव बंसल पुत्र गिरिराज किशोर के मकान पर जा गिरी। छत पर तेज आवाज के साथ दीवार गिरने से परिजन दौड़कर घर से बाहर निकल गए। कुछ देर घर में देखा और छत पर जाकर देखा तो लिंटर में दरार आ गई। मकान मालिक की ओर से घटना की शिकायत कालेज के प्रबंध समिति व प्रधानाचार्य से की गई है।

# समारोह पूर्व मनाई गई वीर सावरकर की जयंती

## घंटाघर स्थित पुस्तकालय में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में समाज सुधार वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके उपरांत योगेंद्र कुमार शर्मा व अशोक कुमार गुप्ता ने गायत्री मंत्री का जाप किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह महान देशभक्त थे। उन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलाने में अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया। पूर्व एमएलसी चौधरी चंद्रपाल सिंह ने कहा कि वीर सावरकर ने अंग्रेजों के असहनीय अत्याचारों को सहते हुए देश को स्वतंत्र कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह जीवन भर अखंड भारत के पक्ष में रहे। जिलाध्यक्ष विवेक कुमार ने कहा कि वह ऐसे राष्ट्रभक्त थे। जिन्हें देश की जनता ने वीर की उपाधि दी। जिससे पूरा देश उन्हें विनायक दामोदर सावरकर के नाम से नहीं वीर सावरकर के नाम से जानता है। उन्होंने कहा कि वह स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतिकारी, हिन्दुत्व विचारधारा के प्रणेता थे। बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेंद्र मोहन शास्त्री ने कहा कि वीर सावरकर सच्चे देशभक्त थे। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी से भारत माता को स्वतंत्र कराने में अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया। विनय अग्रवाल ने कहा कि उन्हें अंग्रेजों ने दो बार कठोर आजीवन कारावास की जा दी। अंग्रेजों ने उन्हें कोल्हू में बैल कीतरह जुतकर तेल निकालने की अमानवीय यातनाएं दीं। इस अवसर पर दिलीप गीना, सुभाष चंद्र, हरीश कठेरिया, ओमप्रकाश अग्रवाल, बृजेश चौहान, राजीव गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, संजय गुप्ता, जगदीश राणा, डा. जयशंकर दुबे, कृष्ण कुमार मंगलम, कृष्ण गोपाल गुप्ता, सतीश भारती, डा. जगत साहनी, सत्य प्रकाश शास्त्री आदि मौजूद रहे।


वीर सावरकर की जयंती मनाते बोर्ड के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### दो बाइकों की भिड़ंत में मासूम समेत दंपत्ति घायल

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बहजोई/संभल।** बहजोई थाना क्षेत्र के छपरा गांव के पास शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दंपती और उनका दो वर्षीय मासूम बच्चा समेत चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार शिवम शर्मा अपनी पत्नी कंचन और दो वर्षीय पुत्र रुद्र के साथ दानपुर से बच्चे की दवा लेकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव छपरा के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी बाइक पर सवार एक अन्य व्यक्ति भी हादसे में घायल हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और यातायात व्यवस्था को सुचारु कराया।



तालाब की जमीन को ट्रैक्टर की मदद से कराया जा रहा है कब्जा मुक्त।

## राजस्व टीम ने तालाब की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में सरकारी भूमि, तालाबों एवं चकमार्गों से अवैध कब्जे हटाने के अभियान के तहत तहसील क्षेत्र के गांव जनेटा में तालाब की भूमि को कब्जा मुक्त करायागया। प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंच पैमाइश कर अवैध अतिक्रमण हटाते हुए भूमि ग्राम प्रधान को सुपुर्द कर दी। एसडीएम नीतू रानी ने नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर के नेतृत्व में राजस्व टीम ग्राम जनेटा भेजी। जहां गांव में तालाब गाटा संख्या 212, रकबा 0.273 हेक्टेयर भूमि पर कार्रवाई की। राजस्व टीम ने मौके पर पैमाइश कराने के उपरांत अवैध कब्जा हटवाया गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने सभी एसडीएम, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में तालाबों, चकमार्गों एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दो हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश भी दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि प्रशासन का यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराना प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है।

# समर कैंप में नई-नई गतिविधियों सीख रहे बच्चे

## एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में चल रहा समर कैंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के नवें दिन बच्चों को विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समर कैंप में बच्चों को रोजाना योगा, जुम्बा, फ्री स्टाइल एवं बालीवुड डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्केचिंग, इनडोर गेम्स, फैब्रिक पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, मेंटल मैथ्स, स्केटिंग, ताइक्वांडो, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टेबल मैनर्स तथा हैंडराइटिंग जैसी अनेक मनोरंजक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिनमें सभी बच्चे उत्साह से भाग ले रहे हैं। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक सशक्त माध्यम है। योगा सत्र में बच्चों को जुम्बा डांस एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग अभ्यास से बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता एवं मानसिक संतुलन का विकास होता है। आर्ट एंड क्राफ्ट एवं स्केचिंग गतिविधि में बच्चों ने सुंदर चित्र एवं आकर्षक सजावटी वस्तुएं तैयार की। जिनका उपयोग घर में भी किया जा सकता है। क्ले माडलिंग गतिविधि में बच्चों ने मिट्टी की गुल्लक एवं विभिन्न कलात्मक आकृतियां बनाकर अपनी कल्पनाशक्ति एवं रचनात्मक सोच का परिचय दिया। फैब्रिक पेंटिंग गतिविधि में भी बच्चों ने रंगों का सुंदर संयोजन कर अपनी कलात्मक प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर शालू, निशा, काजल, प्रिया, सिल्की, इशिता, सोनल, सरिता, अंकिता, मीनू, शिल्पा, रक्षा, अर्शी, कुमुद, वंशिका, अध्या, रुपाली, संतोष, नीरज आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


समर कैंप में प्रतिभाग करते बच्चे। -जागरण मोर्चा


समर कैंप के समापन पर मौजूद क्लब पदाधिकारी व पुरस्कृत बच्चे। -जागरण मोर्चा

## समर कैंप के समापन पर बच्चों को किया पुरस्कृत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप वुमेन शिखर संकल्प, जायन्ट्स ग्रुप जीवन धारा ग्रुप की ओर समर कैंप का समापन काली मंदिर पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट्रल कमेटी मेंबर सुधा चौधरी व स्पेशल कमेटी मेंबर पद्मा भार्गव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें बच्चों ने अपने सुंदर-सुंदर कलाओं से सबका मन मोह लिया। मेहंदी में डिंपल ने प्रथम, वैशाली ने द्वितीय व प्ररोही ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों को खाद्य सामग्री के साथ-साथ शरबत का वितरण किया। इस अवसर पर नीतू रस्तोगी, नूतन अग्रवाल, सुजाता शर्मा, शालिनी शर्मा, शोभा सर्मा, विमलेश सैनी, सुमन सैनी, मधु, सीमा अग्रवाल, सुप्रीति गुप्ता, सुनीता शर्मा, सोनिया आदि मौजूद रहीं।

# डाकघर में दो लाख की हेराफेरी का आरोप

## खाताधारक ने पोस्ट मास्टर पर लगाए गंभीर आरोप, एसपी से की निष्पक्ष जांच और रकम वापसी की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**संभल/बहजोई।** बहजोई स्थित डाकघर में तैनात पोस्ट मास्टर पर एक खाताधारक के खाते से करीब दो लाख रुपये की हेराफेरी करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित खाताधारक ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार बहजोई के मोहल्ला नारायण टोला निवासी राजीव कुमार पुत्र भुवनेश्वर दयाल का बहजोई डाकघर में एमआईएस खाता संचालित है। राजीव कुमार का आरोप है कि 27 मई को जब उन्होंने अपनी पासबुक का मिलान कराया। तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से लगभग दो लाख रुपये की धनराशि निकाल ली गई है। पीड़ित का कहना है कि यह रकम उनकी जानकारी और अनुमति के बिना निकाली गई। उन्होंने सीधे तौर पर डाकघर में तैनात पोस्ट मास्टर पर खाते से धनराशि निकालने और हेराफेरी करने का आरोप लगाया है। राजीव कुमार के अनुसार उन्हें किसी प्रकार की निकासी की सूचना नहीं दी गई थी। पासबुक की प्रविष्टियों और निकासी संबंधी दस्तावेज देखने पर पूरे मामले का खुलासा हुआ। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच कर आरोपी पोस्ट मास्टर के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए और उनके खाते से निकाली गई दो लाख रुपये की रकम वापस दिलाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पासबुक की प्रतियां, लेनदेन का विवरण और अन्य जरूरी दस्तावेज जांच के लिए उपलब्ध कराने को तैयार हैं। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन ने शिकायत मिलने की पुष्टि करते हुए जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई किए जाने की बात कही है।


शिकायतकर्ता राजीव कुमार।

# समारोह पूर्वक मनाई गई चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि


वेयरहाउस का निरीक्षण कर बाहर आते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय लोकदल व जाट सभा की ओर से शुक्रवार को आवास विकास स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री व किसानों के मसीहा चौधरी चरण की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें पदाधिकारियों ने पार्क में लगी चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का माल्यार्पण कर श्रद्धांसुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब ने प्रधानमंत्री रहते हुए किसानों के हित में अनेक कार्य किए और किसानों का दुख-सुख में साथ दिया। वह किसानों के लिए मसीहा के रूप में थे। इसलिए आज भी किसान उन्हें याद करता है। वह राजनेता ही नहीं बल्कि किसान, गरीबों की आवाज थे। जिन्हें हमेशा देश की राजनीति को गांव-खेत और किसानों से जोड़ने का कार्य किया। इस अवसर पर चौधरी आरेंद्र पाल सिंह, चौधरी अनेक सिंह, चौधरी सत्यवीर सिंह, चौधरी शिव सिंह, चौधरी महावीर सिंह, सच्चिदानंद शर्मा, यशपाल सिंह, चौधरी सुरेंद्र पाल सिंह, मीना देवी, रीना कुमारी, सविता देवी आदि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर ठीक नहीं होने पर चारपाई लेकर विद्युत वितरण खंड पहुंचे ग्रामीण

## 15 दिन से गांव रामनगर में फुंका है ट्रांसफार्मर, शिकायत के बाद भी समस्या का नहीं हुआ समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र के गांव रामनगर में पिछले 15 दिन से विद्युत आपूर्ति ठप बनी हुई है। शुक्रवार की बड़ी संख्या ग्रामीण चारपाई लेकर विद्युत वितरण स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन के साथ नारेबाजी की। उपखंड अधिकारी ग्रामीण के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और वापस अपने गांव लौट गए। तहसील क्षेत्र के गांव कैथल के मजरा रामनगर में पिछले 15 मई से आंधी बारिश के चलते गांव में लगा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। गांव में दो विद्युत पोल भी गिर गए थे। जिससे ग्रामीणों के नलकूप की सप्लाई बंद हो गई। समय से सिंचाई नहीं होने से खेतों पर खड़ी फसल के नष्ट होने की चिंता ग्रामीणों को होने लगी। ग्रामीणों ने कई बार विद्युत अधिकारियों से शिकायत की। मगर समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिसके बाद ग्रामीणों का सब्र जवाब दे दिया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और ट्रैक्टर-ट्राली में चारपाई लेकर विद्युत वितरण खंड स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय जा पहुंचे। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर कार्य में लापरवाही का आरोप लगाया और जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन आरंभ कर दिया। ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन की सूचना पर उपविद्युत खंड अधिकारी ग्रामीण जगदीश कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्तात की। जिसमें बताया गया कि गांव में अतिरिक्त 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और वापस अपने गांव लौट गए। इस अवसर पर कृपाल सिंह, अजय कुमार, महेश, हरिचंद्र, मुनेश, विनीत, हरिओम, राकेश, दिव्यांग गिरबल, मुकेश, हेमराज, खूबचंद, गोपाल आदि मौजूद रहे।


अधीक्षण अभियंता के बाहर धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

# समारोह पूर्वक किया गया तृतीय सोपान का समापन


तृतीय सोपान के समापन पर बच्चों से जानकारी करती संगीता भार्गव। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर का समापन समारोह का आयोजन स्टेशन रोड स्थित भार्गव भवन में किया गया। जिसमें सबसे पहले प्रादेशिक स्काउट कमिश्नर ब्रजेश गुप्ता को स्कार्फ वोगल पहनाया गया। इसके बाद जांच शिविर का गाइड कमिश्नरर प्रादेशिक स्काउट आयुक्त संगीता भार्गव ने स्काउट गाइडों द्वारा बनाए गए टेंटों का निरीक्षण किया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट एवं गैजेट्स बनाई। जूता स्टैंड, बर्तन स्टैंड, मंकी ब्रिज, स्ट्रेचर, सीडी, हाथ से बनी पेंटिंग फूड प्लाजा, मीनार आदि का बच्चों ने प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिला संगठन मीनू सिंह, नीलम कुमारी, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

**निरीक्षण** शहजादी सराय स्थित वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# ईवीएम–वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का डीएम ने लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद में निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को पूरी तरह सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने सम्भल के शहजादी सराय स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में मौजूद सुरक्षा एवं रखरखाव संबंधी व्यवस्थाओं का गहनता से परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने वेयरहाउस परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए परिसर को नियमित रूप से स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति की भी जांच की और सुरक्षा मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती तथा लॉग बुक के रखरखाव का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा प्रत्येक गतिविधि का नियमित रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाए। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने वेयरहाउस के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े उपकरणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम निधि पटेल, तहसीलदार धीरेन्द्र कुमार सिंह, नगर पालिका सम्भल के अधिशासी अधिकारी डा. मणिभूषण तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



वेयरहाउस का निरीक्षण कर बाहर आते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

### 1.28 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी नहीं मिल रहा लोगों को शुद्ध पानी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, अमरोहा।** जल जीवन मिशन के तहत बनाए गए ओवरहेड टैंक से सड़क तोड़ कर पाइप लाइन बिछ जाने के तीन साल बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। बैरमपुर भूड़ और उसके मजरे नगलिया बहादुरपुर के लोग अपने संसाधनों से प्यास बुझाने के साथ ही टूटी सड़क के कारण परेशानी झेल रहे हैं। आए दिन बाइक सवार हादसे का शिकार हो रहे हैं। ब्लॉक की ग्राम पंचायत बैरमपुर भूड़ में पिछले पंचायत चुनाव में 675 मतदाता थे, जबकि उसके मजरे नगलिया बहादुरपुर में 575 वोटर। बैरमपुर भूड़ में जाटव, जाट और सैनी आबादी है, वहीं नगलिया बहादुरपुर में जाट और मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं। नगलिया बहादुरपुर में जल जीवन मिशन ने तीन साल पूर्व ओवरहेड टैंक का निर्माण शुरू कराया।

# हादसे में टेंपो चालक व युवती की मौत

## बनियाठेर थाना क्षेत्र वीनस शुगर मिल के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड पर वीनस शुगर मिल के पास टेंपो को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में टैंपो चालक व युवती की मौत हो गई। घटना से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक को लेकर फरार हो गया। थाना बहजोई निवासी श्वेता 25 वर्ष पुत्री विनोद कुमार अपनी मां राजेश उर्फ रोजी, नानी रामश्री व बहन शिवानी के साथ चन्दौसी स्थित अपने मौसा के घर जाने को टेंपो में सवार हुई। जब टेंपो बनियाठेर थाना क्षेत्र के बहजोई रोड स्थित वीनस शुगर मिल के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे ट्रक ने टेंपो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक अभिषेक 30 वर्ष निवासी सिलेटा की मढ़ैया थाना बनियाठेर व श्वेता गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने अभिषेक व श्वेता को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में मच गया और वह बहजोई सीएचसी के लिए रवाना हो गए। श्वेता भाजपा नेता मंजू दिलेर की ननद है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजे है। वहीं हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया।


श्वेता का फाइल फोटो।


हादसे में श्वेता की मौत के बाद विलाप करते परिजन। -जागरण मोर्चा

## एक नजर



### पाइपलाइन सही कराने की मांग करने पर आरोपियों ने पीट कर किया घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झुरैरी निवासी राजपाल पुत्र रामपाल खेत की सिंचाई करने के लिए आठ दिन पूर्व पाइपलाइन किराए पर लेकर आया था, उसका आरोप है कि पड़ोसी खेत स्वामी की बेटी के द्वारा पाइप लाइन को काट दिया गया था, बृहस्पतिवार की शाम को पीड़ित ने आरोपी से पाइपलाइन सही करवाने को कहा जिससे आरोपी आग बगुला हो गया और दराती से राजपाल पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित राजपाल का आरोप कि आरोपियों द्वारा उसकी पत्नी सन्तोष के साथ भी मारपीट की गई है। घायल शुक्रवार की सुबह परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मारपीट की तहरीर मिली है। जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# गांव भावली में मुख्य मार्ग पर जलभराव, हजारों लोग परेशान

## गांव से होकर गंगा तट बंध तक जाता है रास्ता, आवागमन में हो रही दिक्कत

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रदर्शन करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** गंगेश्वरी विकास खंड के गांव भावली में मुख्य मार्ग पर जलभराव से स्थानीय संग छह अन्य गांवों के लोग प्रभावित हैं। राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि लंबे समय से बनी समस्या से निजात दिलाने के लिए अफसर व जन प्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। गंगा तट बंध को जोड़ने वाले मार्ग पर जलभराव से सीधे तौर पर छह हजार से अधिक लोगों के प्रभावित होने की बात कही जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में करीब डेढ़ सौ मीटर रास्ते पर जल भराव की समस्या बनी है। समस्या की मुख्य वजह नाले गंदगी से अटा होना बताया जा रहा है। नाले अटे होने से घरों के पानी की निकासी नहीं हो पाती। बरसात के दिनों में यहां काफी पानी एकत्र हो जाता है। इस रास्ते से बच्चे भी स्कूल आते-जाते हैं। साथ ही लोग धार्मिक स्थलों के लिए भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। इसके साथ ही सिरसा कला, सिरसा मुस्तकम, मिर्जापुर, काई मुस्तकम, मलकपुर व मरौरा होते हुए तटबंध तक जाने वाले इस रास्ते से करीब 6000 की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों से समस्या समाधान के लिए एक बार गुहार लगाई गई लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। जनप्रतिनिधि भी समस्या का समाधान करने के लिए गंभीर नहीं है। बताया जा रहा है कि गांव में नाले तो बने हुए हैं लेकिन, सफाई न होने की वजह से जल निकासी नहीं हो पाती। ग्रामीणों ने समस्या समाधान की गुहार लगाई है।बताया जा रहा है कि गांव में तालाब नहीं है। मस्जिद के पास पुराने कब्रिस्तान में जल भराव हो रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोग जल भराव से निजात दिलाने की गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव का एक नाला नजदीक से गुजर रही बगद नदी में भी गिर रहा है लेकिन जगह-जगह गंदगी अटी होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती और पानी सड़क पर भर जाता है। बरसात के दिनों में समस्या और भी गहरा जाती है।बीडीओ गंगेश्वरी विजय सक्सेना, जानकारी की तो उन्होंने बताया गांव में जलभराव का मामला जानकारी में आया है। बंद नाले खुलवाने के लिए अधीनस्थों को निर्देशित कर दिया गया है। जल्द ही समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।

# कार चालक ने दो बाइक व ई-रिक्शा में मारी टक्कर, 6 लोग घायल, रेफर

## आरोप- कार सवार बाइक चालक को आए थे मारने, बदायूं रोड पर पेट्रोल पंप के पास हुई घटना

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीएचसी में घायल का उपचार करते चिकित्सा कर्मी। –जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड स्थित पेट्रोल पंप के कार सवारों ने तीन बाइकों व एक ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसे में घायल हुए युवक के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें आरोप है कि कार सवार उनके पुत्र की हत्या करने आए थे। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बाकरपुर भैतरी निवासी हाकिम सिंह पुत्र हवलदार सिंह कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि उनके पुत्र दिलीप राघव पर एक युवक की हत्या का केस वर्ष 2016 से न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त युवक के परिजन उनके पुत्र से दुश्मनी मानते हैं। गुरुवार की शाम 6 बजे उनका पुत्र दिलीप राघव बाइक से गांव आ रहा था। तभी उक्त युवक के पुत्र व भाई अन्य लोगों के साथ कार से पीछा कर रहे थे। बदायूं रोड पर पेट्रोल पंप के पास बाइक पर कार चढ़ा दी। हादसे में उनका पुत्र दिलीप राघव घायल हो गया। कुछ देर बाद उनका भतीजा दीपक व गांव का प्रभात भी मौके पर पहुंच गए तथा आसपास के लोग भी घटनास्थल पर एकत्र होने लगे। यह देख चालक व अन्य लोग कार छोड़ फरार हो गए। उक्त घटना के बाद घायल दिलीप को उपचार के सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं जब कार सवारों ने बाइक सवार दिलीप राघव पर कार चढ़ाई, तो कार पीछे करने पर दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बनियाठेर थाना क्षेत्र के अलैहदादपुर चंपू निवासी अमित ठाकुर पुत्र कुंवर घायल हो गए। इसके बाद चालक घबराकर कार लेकर भागने लगे।

# चार दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



समर कैंप के दौरान बच्चे प्रतिभाग करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एच.एस.एस. पब्लिक स्कूल में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम, हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ समापन हुआ।कैंप में विद्यार्थियों ने रचनात्मक, शारीरिक और मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर बच्चों द्वारा अपनी प्रतिभा का बहुत ही सुंदर तरीके से प्रदर्शन किया।समर कैंप में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। समर कैंप की शुरुआत योग सत्र से हुई, जहाँ बच्चों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में स्वस्थ जीवन शैली के महत्व को समझा और शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बनाए रखने के उपाय भी सीखें।इसके बाद 'क्ले पॉटरी' में बच्चों ने सुंदर फ्लावर पॉट बनाए और 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में पेपर क्राफ्ट का प्रदर्शन किया। 'कुकिंग विदाउट फायर' गतिविधि के तहत बच्चों ने आम का प्रयोग कर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन बनाने सीखे। इसके अलावा डांस, तायक्वोंडो, स्केटिंग, कैलीग्राफी और इंग्लिश स्पीकिंग का भी आयोजन हुआ।प्रधानाचार्य अंकुर काशिव ने कहा कि समर कैंप केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा की नई शिक्षा नीति के अनुरूप इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल, सहयोग की भावना एवं व्यवहारिक ज्ञान का विकास करती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।अंत में विद्यालय परिवार ने सभी प्रशिक्षकों और शिक्षकों का आभार जताया।




इनर व्हील क्लब हसनपुर के द्वारा दिया गया दुकानदार को बड़ा छाता।

# इनर व्हील क्लब हसनपुर के द्वारा तख्त पर सामान बेचने वाले व्यापारी को दिया एक बड़ा छाता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शुक्रवार को इनर व्हील क्लब हसनपुर के द्वारा एक अत्यंत निर्धन बेटी अनन्या शर्मा जो पुरानी तहसील के प्रांगण में तख्त पर बैठकर अपना सामान बेचती है, इतनी धूप एवं गर्मी का एहसास कर क्लब द्वारा एक बड़ा छाता लड़की की सहायता में दिया। जिससे अनन्या अपना व्यापार धूप और गर्मी से बचकर छतरी के नीचे अपनी दुकान लगाकर कर सके। इस कार्यक्रम में क्लब अध्यक्षा आरती गुप्ता, कविता अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, सारिका गर्ग आदि उपस्थित रहे। पड़ोस के तख्त दुकानदार मनोज कुमार, नईम अहमद, सोनू प्रजापति एवं अतुल कुमार का कार्यक्रम में श्रमदान के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद इनर व्हील क्लब का निकट भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम कर गरीबों की सेवा करता रहेगा।

# किसान के आशियाने में लगी आग से लाखों का नुकसान

जागरण मोर्चा कार्यालय





किसान के घर में लगी आग। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव में दोपहर के वक्त एक एक गरीब किसान की जिंदगी भर की गाढ़ी कमाई चंद मिनटों में राख हो गई।थान क्षेत्र के गांव चीला निवासी किसान कलुआ रोज की तरह खेतों पर कार्य रहे थे, तभी अचानक उनके सूने घर से आग की लपटें उठने लगीं। भीषण गर्मी और तेज हवाओं के चलते आग ने तुरंत विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर पानी की बाल्टियों और पाइपों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि घर के अंदर रखा कोई भी सामान निकाला नहीं जा सका। हादसे में किसान की मोटरसाइकिल, साइकिल, अनाज, कपड़े और करीब 60, हजार रुपए की नगदी सहित सब कुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित के अनुसार, अग्निकांड में लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सूचना पर बाद में पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जब पीड़ित किसान खेत से वापिस लौटा, तो अपने आशियाने को बर्बाद देख परिवार के पैरों तले जमीन खिसक गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन सब कुछ नष्ट होने से परिवार के सामने रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित परिवार ने अब सरकार से मुआवजे की गुहार लगाई है।

# नाराज दबंगों ने देवर भाभी को पीटा, दोनों घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय





घायल देवर-भाभी। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शिकायत करने से नाराज दबंगों ने देवर भाभी को लाठी डंडों से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार जारी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रूखालू निवासी धर्मवती पत्नी स्वर्गीय विजेंद्र सिंह का अपनी देवरानी से घरेलू विवाद हुआ था ।आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए धर्मवती के साथ मारपीट की थी। इसके बाद धर्मवती ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को नाम दर्ज तहरीर दी थी।आरोप है कि पुलिस से शिकायत दर्ज होने के बाद शुक्रवार की सुबह आरोपियों ने धर्मवती के घर पर हमला कर दिया आरोपियों ने जबरन दरवाजा तोड़ा और घर में मौजूद धर्मवती तथा उनके देवर विजयपाल को लाठी डंडों से पीटा चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हुए और घटना की सूचना पुलिस को दी सूचना पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया जहां उनका उपचार किया गया। जब इस बारे में कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर प्राप्त हुई है।जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता भूपेंद्र चौधरी के गजरौला स्थित कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 39 वी पुण्यतिथि मनाई गई इस अवसर पर सभी समाजवादी नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि आज इस देश को चौधरी चरण सिंह जी की विचारधाराओं व सिद्धांतों पर चलने वाले नेताओं की जरूरत है चौधरी साहब ने हमेशा किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया और किसान मसीहा के रूप में किसानों के दिल में जगह बनाई आज उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें हम शत शत नमन करते है इस अवसर पर चन्द्रपाल सिंह यादव , सपा नेत्री इंदु अमन चौधरी,अनिल प्रधान, कुलदीप देवल, सतेंद्र सिंह, कुलदीप राजपूत, अरुण पालनपुर, चिराग वर्मा, विशाल वाल्मीकि, निशांत चौहान, बबलू जाटव, सौरभ प्रजापति, सुरेन्द्र चौहान, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे

### भारत रत्न, किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौ. चरण सिंह पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**गजरौला।** भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल द्वारा नगर के सुपर मार्केट में हवन आयोजित किया गया। हवन के बाद आयोजित विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब केवल एक राजनेता नहीं बल्कि देश के करोड़ों किसानों की आशा और विश्वास के प्रतीक थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गांव, गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में रामवीर सिंह, सत्यवीर सिंह चौहान, सरजीत सिंह, नदीम अब्बास जैदी, मेंहदी हसन मंसूरी, हरपाल सिंह, सुमित शिवाच, सुरेंद्र गंधर्व, राजवीर सिंह, अजय गिल, बोबिन सिंह, दिनेश शर्मा, डॉ-ललित चाहल, सुखवीर सिंह, हरपाल सिंह एवं थान सिंह आदि मौजूद रहे।

### चौ. चरण सिंह की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**गजरौला।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा इन्द्रवती व बसपा के वरिष्ठ नेता चौ-बलवीर सिंह ने अपने टीचर्स कॉलोनी स्थित आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौ-चरण सिंह की 39वीं पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि चौ-साहब ईमानदारी और कर्मठता की मिसाल थे। इस मौके पर जिला पंचायत की सदस्य मीनाक्षी चौधरी, चौ-निरंजन सिंह, राविन्द्र सिंह, समीक्षा, विपिन कुमार, बदन सिंह, रीनू, रिंकु सागर, धर्मेश चंद्रा, दिनेश चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पर लगा ट्रैक्टर छोड़ने के बदले 14 हजार रुपये की अवैध वसूली का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**हसनपुर।** आदमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में पुलिस द्वारा कथित तौर पर अभद्रता और अवैध वसूली का मामला सामने आया है, ग्राम प्रधान द्वारा वीडियो वायरल कर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। अआदमपुर थाना क्षेत्र के गांव खरपड़ी के ग्राम प्रधान विजय कुमार के अनुसार 24 मई से गांव की मुख्य सड़क पर निर्माण कार्य के लिए मिट्टी ढोई जा रही थी, जिसमें खेत मालिक की भी पूर्ण सहमति थी। आरोप है कि मौके पर पहुंचे दडियान चौकी के दरोगा एवं दो सिपाहियों ने ट्रैक्टर को रुकवा लिया। पीड़ित का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने न केवल उनके साथ बदतमीजी की, बल्कि ट्रैक्टर छोड़ने की एवज में 14,000 रुपये की अवैध मांग की। आरोप है कि रुपये देने के बाद ही ट्रैक्टर छोड़ा गया। ग्राम प्रधान ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई करने और वसूली गई धनराशि वापिस दिलाने की मांग करते हुए जनपद के पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भी दिया है।

**जायजा** श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से की भेंट, निर्माणाधीन धाम का किया अवलोकन

# डीएम–एसपी ने किया श्री कल्कि धाम का दौरा

जागरण मोर्चा कार्यालय



कल्कि धाम पर आचार्य प्रमोद कृष्णम से संवाद करते डीएम।



कल्कि धाम पर पौधारोपण करते डीएम व एसपी।

**संभल।** जनपद के जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने शुक्रवार को श्री कल्कि धाम पहुंचकर श्री कल्कि पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरु आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज से शिष्टाचार भेंट की तथा निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम का दर्शन-पूजन किया। दोनों अधिकारी दोपहर 1:45 बजे श्री कल्कि धाम पहुंचे। जहां श्री कल्कि धाम सेवा समिति द्वारा मुख्य द्वार पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम महाराज से वार्ता की। इस दौरान आचार्य जी ने उन्हें श्री कल्कि धाम निर्माण से जुड़े ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की विस्तृत जानकारी दी। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने कहा कि श्री कल्कि धाम न केवल सम्भल बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए गौरव का विषय है। डीएम-एसपी ने रूद्राक्ष का पौधा रोपित किया। निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के अवलोकन के बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने धाम परिसर में पूर्ण विधि-विधान के साथ रूद्राक्ष का पौधा स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि यह वही रूद्राक्ष का पौधा है, जिसे हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी महाराज को भेंट स्वरूप प्रदान किया था। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, थानाध्यक्ष लवनीश कुमार, ग्राम प्रधान लवकुश शर्मा, श्री कल्कि धाम प्रवक्ता पंकज चाहल, सत्यानंद कृष्णम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खरीदी गई भूमि पर बाउंड्री बनाने की तैयारी शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय, संभल।** गंगा एक्सप्रेसवे किनारे खिरनी मोहिउद्दीनपुर समेत चार गांवों में औद्योगिक गलियारे के लिए पहले चरण में खरीदी गई 222 हेक्टेयर भूमि का समतलीकरण शुरू होगा। फिर इसकी बाउंड्रीवॉल बनाई जाएगी। यूपीडा ने इसके लिए एजेंसी तय की है। यूपीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी शुक्रवार को जनपद में भ्रमण करने आएंगे। वे अधिकारियों के साथ कार्यस्थल का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे। करीब एक घंटे उनका कार्यक्रम जिले में तय हुआ है। दरअसल, औद्योगिक गलियारे के लिए पहले चरण में गांव खिरनी मोहिउद्दीनपुर, बसला, सारंगपुर और अमावती कुतुबपुर में 222 हेक्टेयर भूमि खरीदी गई।

# एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं ने जामा मस्जिद पर बांटा शरबत, 'गौ माता' को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



शरबत वितरण करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद ऐतिहासिक जामा मस्जिद के मुख्य द्वार पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी और तपती धूप को देखते हुए नमाजियों और राहगीरों को राहत पहुंचाने के लिए ठंडे रूह अफजा शरबत पिलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद प्रदेश महासचिव हाजी शहजाद खान ने एक बड़ा बयान देते हुए सरकार से विशेष मांग करते हुए कहा कि सरकार को जल्द से जल्द 'गौ माता' को राष्ट्रीय पशु घोषित करना चाहिए। "प्रत्येक मुसलमान चाहता है कि सरकार गौ माता को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दे। हाल ही में संपन्न हुई ईद-उल-अजहा के दौरान भी मुस्लिम समाज द्वारा केवल सामान्य व वैध पशुओं की ही कुर्बानी दी गई थी। इस मौके पर पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे, जिन्होंने राहगीरों को शरबत पिलाकर इस पुनः कार्य में सहयोग किया। इस मौके पर हाजी शहजाद खान, छुन्नन अल्वी,व आदिल मलिक, शहज़ेब सलमानी, हाफिज आसिफ, कादिर कुरैशी, दिलशाद चौधरी, वकार चौधरी, फारूक सलमानी ,रऊफ सलमानी, मोहम्मद नजीर, अशफाक सैफी, सादिक अंसारी, शोएब चौधरी आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## संवैधानिक है ‘सर’

सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग के ‘विशेष गहन पुनरीक्षण’ (एसआईआर) को पूरी तरह वैध और संवैधानिक करार दिया है। इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव और शुद्ध, साफ मतदाता सूची के संदर्भ में चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार भी माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 21 (3) का किसी भी तरह उल्लंघन स्वीकार नहीं किया है। ‘वोट चोरी’ और ‘नागरिकता छीन लेने’ सरीखे विपक्ष के आरोपों और याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। न्यायिक पीठ का मानना है कि मतदाता सूची से नाम कटने का अर्थ यह नहीं है कि आप भारत के नागरिक नहीं हैं। नागरिकता का अंतिम फैसला सक्षम अथॉरिटी (केंद्रीय गृह मंत्रालय) लेगी। अलबत्ता आयोग नागरिकता की सीमित जांच कर सकता है, ताकि पात्र मतदाता तय किया जा सके। नागरिकता का विचाराधीन निर्णय आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद के विधानसभा चुनावों तक ले लिया जाना चाहिए। सारांश यह है कि एसआईआर (सर) संवैधानिक है और आगे भी जारी रहेगा। सर्वोच्च अदालत ने किसी भी प्रकार की ‘रोक’ से साफ इंकार कर दिया। अधिकांश याचिकाएं बिहार के संदर्भ में थीं, लिहाजा ‘सर’ के तहत जिन 7 .2 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से काट दिए गए हैं, उन पर सर्वोच्च अदालत ने कुछ नहीं कहा। सवाल मौजू है कि क्या वे लोग विदेशी नागरिक या घुसपैठिए हैं? क्या उनके नाम न्यायिक समीक्षा के चक्रव्यूह में फंस कर रह जाएंगे? आयोग ऐसे लोगों का अधिकृत आंकड़ा ही दे दे, बेशक व्यक्ति की पहचान न बताए। यदि इन नामों में से अधिकांश भारत के नागरिक हैं, तो वे मतदाता क्यों नहीं हैं? बुनियादी संवैधानिक व्यवस्था यही है कि जो पात्र नागरिक है, वह मतदाता भी है, लेकिन ‘सर’ की प्रक्रिया और नीयत ने इस व्यवस्था को ही सवालिया और संदेहास्पद बना दिया है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। एक महिला भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के तहत एक विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक थी और लंबी नौकरी के बाद वहीं से सेवानिवृत्त हुई। उन्हें नियमित पेंशन भी मिलती है। चुनाव आयोग के छुटभैयों ने उनके वोटर होने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनसे मतदाता सूची में उनके पिता के नाम का ब्यौरा मांगा है, जबकि उनकी मृत्यु को कई साल बीत चुके हैं। एक वयस्क, भारत सरकार में प्रथम श्रेणी अधिकारी, सेवामुक्त और पेंशनभोगी–क्या ये आधार एक मतदाता होने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों के चेहरे सामने आए। वे राज्य सरकार के कर्मचारी थे, नियमित वेतन पाते रहे थे, चुनाव में ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन ‘सर’ में उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। चुनाव आयोग की संवैधानिकता, ‘सर’ की वैधता और लोकतंत्र के साथ इससे भद्दा और अवैध मजाक नहीं किया जा सकता। सवाल ‘तार्किक विसंगति’ का है। आयोग 14 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में ‘सर’ का अभियान समाप्त कर चुका है। 19 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में अभी बाकी है। वहां जून से अभियान शुरू होने वाले हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव सम्पन्न हुए हैं, लेकिन ‘तार्किक विसंगति’ की व्यवस्था बंगाल में ही क्यों लागू की गई? वहां जिन 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए थे, उनमें से सिर्फ 6000 को ट्रिब्यूनल से न्याय मिला है। यदि यही गति रही, इतना ही वक्त लगता रहा, तो न्यायिक समीक्षा में 25 साल से अधिक का समय लग सकता है! हम न जाने किस योनि में होंगे? संविधान के मौलिक अधिकार ‘मताधिकार’ का क्या होगा? लोगों से पिता का ही नहीं, दादा का भी ब्यौरा पूछा और मांगा जा रहा है। क्या इससे पहले जो ‘सर’ अभियान चलाए गए थे, उनमें ऐसे ब्यौरे और दस्तावेज मांगे जा रहे थे? जिसने पहले कई बार वोट दिया है और वह साक्षात रूप में आयोग के सामने मौजूद है, उसका पासपोर्ट बना हुआ है। उस भारतीय को मतदाता होने से कौन और कैसे रोक सकता है? ऐसा महसूस होने लगा है कि मतदाता सरकार को नहीं, बल्कि सरकार मतदाताओं को चुनेगी और फिर इसी तर्ज पर चुनाव होंगे! क्या आपको भारत में ऐसा लोकतंत्र स्वीकार है? सभी पक्षों को सुनकर ही कोई फैसला होना चाहिए।

# ट्रंप की चीन यात्रा के राजनीतिक मायने ज्यादा



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा के दौरान राजशाही जमाने के बगीचे ‘चोंगनानहाय’ में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ट्रंप की चहलकदमी भले ही एक औपचारिक दृश्य लगे, परंतु चीन की नजर में इसका मतलब कहीं गहरा था। यह एक कूटनीतिक कदम था, ताकि उस रिश्ते को फिर से पटरी पर लाया जा सके, जो दशकों से राजनीतिक उलझन और सामरिक तनाव में रहा है। चोंगनानहाय परिसर में शी द्वारा ट्रंप की अगवानी करना एक राजनयिक संकेत है कि बीजिंग वाशिंगटन से अपने रिश्तों को लेकर गंभीर है, वहीं यह ट्रंप के अहम को साधने का सटीक बाण भी था।

यह दौरा न केवल प्रतीकात्मक था, बल्कि वर्षों के टकराव के बाद दोनों महाशक्तियों का आर्थिक वास्तविकताओं के आगे नतमस्तक होना भी था। इसने स्पष्ट कर दिया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन की भूमिका को न तो नकारा जा सकता है, न ही उससे आसानी से पल्ला झाड़ा जा सकता है। नौ वर्ष में पहली बार कोई अमेरिकी राष्ट्रपति बीजिंग गया था। सो, चीन के लिए यह एक कूटनीतिक दौरा भर नहीं था, बल्कि वह अपने द्विध्रुवीय दुनिया की सोच पर अमेरिकी मुहर लगा रहा था। इस यात्रा का सबसे दिलचस्प पहलू था ट्रंप के साथ आया कारोबारी दल, जिसमें सत्रह बड़े सीइओ शामिल थे।

एलन मस्क, टिम कुक, जेंसन हुआंग, बोइंग के प्रमुख और ब्लैकरॉक तथा गोल्डमैन सैक्स के दिग्गजों की मौजूदगी चीन की अहमियत खुद बता रही थी। अमेरिका को तेल, गैस, सोयाबीन, मकई, हवाई जहाज और वित्तीय सेवाओं के बड़े सौदे चाहिए थे। बोइंग को चीन से अपने विमानों के ऑर्डर चाहिए थे, कृषि कंपनियों को नये समझौते, और चिप कंपनियां तकनीक हस्तांतरण पर छूट की उम्मीद में थीं। चीन ने इन कारोबारियों का गर्मजोशी से स्वागत कर साफ संदेश दिया कि चीनी दरवाजे खुले हैं और 1 ।4 अरब लोगों के इस बाजार और विनिर्माण क्षमता को नजरअंदाज करना अमेरिका के लिए मुमकिन नहीं।

वास्तव में ट्रंप की इस यात्रा ने दिखाया कि दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं एक-दूसरे पर कितनी निर्भर हैं। अमेरिकी कंपनियां चीन की उत्पादन क्षमता और विशाल उपभोक्ता आधार के बिना अपनी वैश्विक वृद्धि की कल्पना भी नहीं कर सकतीं। उधर चीन भी अमेरिकी प्रौद्योगिकी, निवेश और बाजार से लाभान्वित होता रहा है। दोनों देशों के बीच तनातनी से अमेरिकी किसानों के सोयाबीन निर्यात में भारी कमी आयी थी, जबकि चीनी कंपनियों को आपूर्ति श्रृंखला में अड़चन। इस पृष्ठभूमि में ट्रंप का यह दौरा व्यावहारिक जरूरतों का परिणाम लगता है। यात्रा के दौरान अनौपचारिक बातचीत के लिए जो जगहें चुनी गयीं, वे भी कई संकेत दे रही थीं।

पीपुल्स ग्रेट हॉल में औपचारिक बैठक तो रस्म के मुताबिक थी, पर मिंग राजवंश के 600 साल पुराने स्वर्ग मंदिर इमारत की ‘गोल स्वर्ग, चौकोर पृथ्वी’ दार्शनिकता के माध्यम से शी ने ट्रंप को चीनी सभ्यता और शासन पद्धति का बड़प्पन दिखाया। जब ट्रंप ने चीन को बेहद खूबसूरत कहा, तो उसे चीनी मीडिया ने चीनी संस्कृति और विकास मॉडल की अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता से जोड़कर देखा। यह सांस्कृतिक प्रदर्शन चीन की प्राचीन सभ्यता की निरंतरता और उसके वर्तमान वैश्विक महत्व को रेखांकित करने का तरीका था। शी ने बातचीत के दौरान तीन सवाल उठाये। पहला, क्या दोनों देश ‘थ्यूसीडाइड्स ट्रैप’ से बच सकते हैं, यानी क्या दो बड़ी ताकतें बिना लड़े साथ रह सकती हैं। दूसरा, क्या वे जलवायु बदलाव और दुनिया के दूसरे संकटों पर मिलकर काम कर सकते हैं। तीसरा, क्या दोनों देश अपने लोगों और पूरी मानवता की भलाई को प्राथमिकता दे सकते हैं। इन प्रश्नों के जरिये शी जिनपिंग को वैश्विक दक्षिण की नजर में एक जिम्मेदार और दूरदर्शी नेता के रूप में पदस्थापित करने की चीनी सोच सामने आयी।

पूरी यात्रा में ट्रंप काफी संयमित और गंभीर दिखे। उन्होंने शी को पुराना दोस्त कहा और रिश्ते की अहमियत की तारीफ की। इसके पीछे कई वजहें थीं। देश में मध्यावधि चुनाव की तैयारियां चल रही हैं, महंगाई से लोग परेशान हैं और 2025 के व्यापार आंकड़ों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की कमजोरियां उजागर कर दी हैं। एक अनुभवी व्यवसायी की तरह ट्रंप समझ गये हैं कि लंबा टकराव अमेरिका के लिए भी महंगा सौदा है। इस दौरान शी ने अमेरिका-चीन संबंधों के लिए पुनः एक नया ढांचा ‘रचनात्मक रणनीतिक स्थिरता’ सामने रखा। मतलब यह कि प्रतिस्पर्धा हो, पर नियंत्रित और टकराव से बचा जाये। पर प्रश्न यह है कि ‘महाशक्तिशाली देशों के लिए नये प्रकार के संबंध’ की जो चीनी अवधारणा थी, उसकी भांति अमेरिका इस अवधारणा को भी तवज्जो न दे तो। क्योंकि चीन अब अपनी अवधारणा, मानक और आदर्शों को बड़े सलीके से वैश्विक शासन प्रतिमान में ढाल रहा है। दूसरी ओर ताइवान, तकनीक और टैरिफ पर अमेरिका और चीन में गहरे मतभेद अभी भी बने हुए हैं। ट्रंप की चीन यात्रा ने साबित किया कि आर्थिक हकीकतें राजनयिक बयानबाजी से ज्यादा असरदार और प्रभावी हैं। हालांकि, ट्रंप के अप्रत्याशित व्यवहार और नीतियों को देखते हुए, अमेरिका-चीन संबंधों में आमूलचूल सकारात्मक बदलाव आयेगा, यह सोचना बेमानी होगा, पर एक ठहराव की गुंजाइश दिख तो रही है।

# जनचेतना-लोकतंत्र को समर्पित हिंदी पत्रकारिता




भारत में प्रत्येक वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। यह दिन हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास और उसके समाज के प्रति योगदान को याद करने का अवसर है। हिंदी पत्रकारिता ने लोगों को जागरूक करने, समाज को सही दिशा देने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संघर्ष, साहस और जनहित की भावना के साथ पत्रकारों/लेखकों ने हमेशा आम जनता की आवाज उठाई है। आज सोशल मीडिया और आधुनिक तकनीक के दौर में भी यह दिवस हमें पत्रकारिता के मूल मूल्यों- सत्य, निष्पक्षता और जनसेवा को बनाए रखने की प्रेरणा देता है। पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने तत्कालीन ब्रिटिश भारत की राजधानी कलकत्ता से हिंदी के प्रथम समाचार पत्र ‘उदन्त मार्तण्ड’ का प्रकाशन आरंभ किया। ‘उदन्त मार्तण्ड’ का शाब्दिक अर्थ है- ‘उगता हुआ सूर्य’। यह एक साप्ताहिक समाचार पत्र था, जो प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था। उस समय भारत में अंग्रेजी, फारसी, उर्दू और बांग्ला भाषाओं के समाचार पत्र प्रकाशित हो रहे थे, किंतु हिंदी भाषियों के लिए कोई समाचार पत्र उपलब्ध नहीं था।

ऐसे समय में हिंदी पत्रकारिता का यह साहसिक कदम भारतीय भाषायी अस्मिता और जनजागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक शुरुआत थी। हालांकि ‘उदन्त मार्तण्ड’ का जीवन बहुत लंबा नहीं रहा। सीमित पाठक संख्या, आर्थिक कठिनाइयों और ब्रिटिश सरकार द्वारा डाक शुल्क में कोई रियायत न दिए जाने के कारण यह समाचार पत्र दिसंबर 1827 में बंद हो गया। इसके बावजूद इसने हिंदी पत्रकारिता की मजबूत नींव रखी। केवल डेढ़ वर्ष के अपने छोटे से सफर में ‘उदन्त मार्तण्ड’ ने यह सिद्ध कर दिया कि पत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम नहीं, बल्कि समाज की चेतना को जागृत करने का सशक्त माध्यम भी है। इसी ऐतिहासिक योगदान की स्मृति में प्रतिवर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हिंदी समाचार पत्रों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनमत तैयार करने, लोगों को जागरूक करने और देशभक्ति की भावना जगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यदि हिमाचल प्रदेश के संदर्भ में देखा जाए तो यहां हिंदी मीडिया की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण रही है। पर्वतीय भौगोलिक परिस्थितियों, दूरदराज के गांवों और सीमित संसाधनों के बीच पत्रकारिता का विकास आसान नहीं था। एक समय ऐसा था जब प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों तक सडक़ें नहीं पहुंची थीं और संचार सुविधाएं भी अत्यंत सीमित थीं। ऐसे कठिन दौर में समाचार पत्र और पत्रिकाएं ही लोगों को देश-दुनिया से जोडऩे का प्रमुख माध्यम थीं। इसलिए कहा जाता है कि पर्वतीय प्रदेश में पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन पत्थर से पानी निकालने के समतुल्य है। हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता का आरंभ उन्नीसवीं शताब्दी में शिमला से माना जाता है। सन् 1848 में ‘द शिमला इंटेलिजेंसर’, ‘शिमला एडवरटाइजर’, ‘शिमला गार्जियन’ और अन्य समाचार पत्र प्रकाशित होने लगे थे। इसी काल में शेख अब्दुल्ला द्वारा ‘शिमला अखबार’ का प्रकाशन किया गया, जिसे हिमाचल में भाषायी पत्रकारिता की शुरुआत माना जाता है। पिछले कुछ दशकों में हिमाचल प्रदेश में शिक्षा और साक्षरता के विस्तार के साथ हिंदी समाचार पत्रों और साहित्यिक पत्रकारिता का प्रभाव काफी बढ़ा है। आज प्रदेश में राष्ट्रीय समाचार पत्रों के साथ-साथ अनेक क्षेत्रीय और स्थानीय समाचार पत्र भी प्रकाशित हो रहे हैं। इन समाचार पत्रों ने न केवल समाचारों का प्रसारण किया है, बल्कि साहित्य, संस्कृति और सामाजिक चिंतन को भी मंच प्रदान किया है। कविता, कहानी, गजल, संस्मरण, यात्रा वृत्तांत, पुस्तक समीक्षा और सामाजिक आलेखों के माध्यम से हिंदी पत्रकारिता ने साहित्यिक अभिरुचियों को विकसित करने में अहम योगदान दिया है। अपने साहित्यिक योगदान में दैनिक दिव्य हिमाचल समाचार पत्र का रविवारीय परिशिष्ट प्रतिबिंब, पाठकों की साहित्यिक रुचियों की अभिव्यक्ति के लिए उपयुक्त मंच प्रदान करता है। वर्तमान समय में इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव ने पत्रकारिता के स्वरूप को काफी बदल दिया है। आज समाचार कुछ ही क्षणों में लोगों तक पहुंच जाते हैं। डिजिटल मीडिया ने जहां अभिव्यक्ति के नए अवसर प्रदान किए हैं, वहीं कई चुनौतियां भी सामने आई हैं। फेक न्यूज, भ्रामक सूचनाएं, पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग और व्यावसायिक दबाव पत्रकारिता की विश्वसनीयता के लिए गंभीर खतरे बनते जा रहे हैं। ऐसे समय में निष्पक्ष, सत्य और संतुलित पत्रकारिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। हिमाचली मीडिया ने जनहित से जुड़े अनेक मुद्दों, जैसे पर्यावरण संरक्षण, सडक़, स्वास्थ्य, शिक्षा, बेरोजगारी, पर्यटन और प्राकृतिक आपदाओं को प्रमुखता से उठाकर समाज और सरकार के बीच संवाद का महत्वपूर्ण कार्य किया है। प्रदेश के अनेक पत्रकारों और लेखकों ने अपनी लेखनी के माध्यम से जनचेतना को नई दिशा दी है। यह आवश्यक है कि मीडिया संस्थान ऐसे पत्रकारों और स्तंभकारों को प्रोत्साहित करें जो समाज के वास्तविक मुद्दों को ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ सामने ला रहे हैं।

# हीट वेव की गिरफ्त में भारत तपती धरती, तड़पता जीवन

बदलती जलवायु के कारण भारत सहित दुनिया के अनेक हिस्से भीषण हीट वेव की चपेट में है। अब यह संकट पारंपरिक क्षेत्रों से निकलकर तटीय इलाकों तक फैल चुका है। अंधाधुंध शहरीकरण, घटती हरियाली और कंक्रीट के बढ़ते निर्माण से ‘अर्बन हीट आइलैंड’ का प्रभाव बढ़ रहा है, जिससे दिन और रातें अत्यधिक गर्म हो रही हैं। राजस्थान के बाड़मेर से लेकर दिल्ली की गलियों और विदर्भ के मैदानों तक पारा 45 डिग्री सेल्सियस के स्तर को पार कर चुका है। यह केवल बढ़ते तापमान का आंकड़ा नहीं है बल्कि यह एक गहराता सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट और आर्थिक चेतावनी है। हीट वेव अब केवल मौसमी असुविधा नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और मानव अस्तित्व के लिए गंभीर संकट बन चुकी है। बढ़ते तापमान, घटती हरियाली और कंक्रीट के फैलते जंगलों ने जीवन को लू की लपटों में समेट दिया है। मौसम विभाग और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ताजा आंकड़ों ने एक डरावनी तस्वीर पेश की है। पिछले चार दशकों में हीट वेव (लू) से होने वाली मौतों में 62 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करने वाली बात यह है कि हीट वेव अब केवल अपने पारंपरिक गढ़ (उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत) तक सीमित नहीं रही बल्कि इसने दक्षिण भारत के उन तटीय इलाकों को भी अपनी चपेट में ले लिया है, जो ऐतिहासिक रूप से कम ताप प्रभावित रहते थे। अध्ययन बताते हैं कि 1981 से 2000 के बीच लू की औसत अवधि जहां 2.5 से 5.5 दिन थी, वहीं 2001 से 2020 के बीच यह बढ़कर 8.5 दिन तक पहुंच गई। लू का भौगोलिक दायरा भी 11.9 लाख वर्ग किलोमीटर से फैलकर 18.1 लाख वर्ग किलोमीटर हो चुका है। यह विस्तार बताता है कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की आशंका नहीं, वर्तमान की कड़वी हकीकत है। हमारे शहर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो चुके हैं, जो दिनभर गर्मी सोखते हैं और रात में उसे मुक्त करते हैं, जिससे ‘अर्बन हीट आइलैंड’ का प्रभाव पैदा होता है। इस तपती आग में सबसे अधिक जोखिम उन लोगों (रेहड़ी-पटरी वाले, निर्माण श्रमिक और दिहाड़ी मजदूर) का है, जो खुले आसमान के नीचे अपना वजूद तलाशते हैं। इनके पास न तो कूलिंग सेंटर की सुविधा है और न ही काम के घंटों में लचीलापन। इसके साथ ही बच्चे और बुजुर्ग इस बढ़ते ‘डिस्कंफर्ट इंडेक्स’ के सबसे आसान शिकार बन रहे हैं।

# कांग्रेस ने मुख्यमंत्री बदलकर कर्नाटक का धर्मसंकट टला!

कर्नाटक में कांग्रेस इस समय एक गहरे राजनीतिक धर्मसंकट में दिखाई दे रही थी, लेकिन मुख्यमंत्री बदलकर उसने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। जिस तरह से आलाकमान के निर्देश पर सिद्धारमैया की जगह डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है, वह दूरदर्शिता का परिचायक है। लेकिन सवाल है कि क्या मुख्यमंत्री बदलने से समस्या का स्थायी हल निकल चुका है? या फिर कोई और नई समस्या पनपेगी! कांग्रेस का अतीत इसी बात की चुगली करता है। चूंकि कांग्रेस के लिए जहां एक ओर सत्ता संतुलन मायने रखता है, तो वहीं दूसरी ओर एक स्थिर और टिकाऊ सरकार की चुनौती उसके समक्ष मौजूद है, जो चुनावी मुद्दा भी 2028 के विधानसभा चुनाव में बनेगा। और इसी बीच मुख्यमंत्री बदलने की लगातार चल रही चर्चाओं को सही साबित करके और अपना नया मुख्यमंत्री घोषित करके उसने कर्नाटक के राजनीतिक तापमान बढ़ा चुकी है। सवाल यह है कि क्या नेतृत्व परिवर्तन वास्तव में समाधान बन सकता है, या फिर यह कांग्रेस के लिए कोई नया संकट खड़ा कर देगा? इसलिए आइए पहले कर्नाटक कांग्रेस के मौजूदा समीकरण को समझते हैं। वह यह कि वर्तमान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया राज्य में जनाधार और प्रशासनिक अनुभव वाले नेता माने जाते हैं, जबकि उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार संगठन, संसाधन और रणनीतिक राजनीति के मजबूत स्तंभ हैं। चूँकि गत 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में दोनों की बड़ी भूमिका रही थी। इसलिए सत्ता संतुलन शुरू से ही संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है। उम्मीद है कि अब डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने से पार्टी को मजबूती मिलेगी।

# टेट अनिवार्यता पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला : आखिर शिक्षकों की गलती क्या थी?

29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने पुनर्विचार याचिकाओं पर सुनवाई के बाद अपने 1 सितंबर 2025 के निर्णय को यथावत रखते हुए केवल इतना राहत दी कि शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। लेकिन मूल प्रश्न आज भी वहीं खड़ा है-आखिर उन शिक्षकों की गलती क्या थी, जिन्होंने नियुक्ति के समय लागू सभी नियमों और योग्यताओं को पूरा करके नौकरी प्राप्त की थी? वर्ष 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act) लागू हुआ। उस समय स्पष्ट रूप से यह सिद्धांत सामने रखा गया था कि नए नियमों का प्रभाव पूर्व में नियुक्त शिक्षकों पर नहीं डाला जाएगा।

लाखों शिक्षक वर्षों से सेवा दे रहे थे और राज्य सरकारों द्वारा मान्यता प्राप्त प्रक्रिया के अंतर्गत नियुक्त हुए थे। इसके बाद जुलाई 2017 में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) ने अप्रशिक्षित शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर प्रशिक्षण पूर्ण करने का निर्देश दिया। फिर 17 अक्टूबर 2017 को एक और आदेश जारी हुआ, जिसमें शिक्षकों को “अपनी योग्यताएं पूर्ण करने” की बात कही गई। यहीं सबसे बड़ा विवाद पैदा हुआ। 17 अक्टूबर 2017 के आदेश में कहीं भी स्पष्ट शब्दों में यह नहीं लिखा गया कि पहले से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण करना होगा। यदि वास्तव में टीईटी अनिवार्य किया गया था, तो प्रश्न यह है कि-आदेश में “टीईटी” शब्द स्पष्ट रूप से क्यों नहीं लिखा गया? राज्यों को अलग से स्पष्ट दिशा-निर्देश क्यों नहीं भेजे गए? शिक्षकों को समयबद्ध सूचना क्यों नहीं दी गई? और सबसे महत्वपूर्ण — यदि यह अनिवार्यता थी तो 2017 से 2025 तक सरकारें स्वयं मौन क्यों रहीं? यही कारण है कि देश के अधिकांश राज्यों ने इस आदेश को टीईटी अनिवार्यता के



रूप में समझा ही नहीं। बिहार ने स्थिति को समय रहते समझा और दक्षता परीक्षा आयोजित कर शिक्षकों को सुरक्षित करने का प्रयास किया। पंजाब सरकार ने भी अप्रैल 2026 में शिक्षकों के पक्ष में सक्रिय भूमिका निभाते हुए उन्हें टीईटी उत्तीर्ण कराने की व्यवस्था की। लेकिन अधिकांश राज्य सरकारें या तो विषय को समझ ही नहीं पाईं या फिर उन्होंने इसे गंभीरता से नहीं लिया। 1 सितंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने 17 अक्टूबर 2017 के उसी अस्पष्ट आदेश को टीईटी अनिवार्यता का आधार मानते हुए फैसला दिया। पुनर्विचार याचिकाओं में भी यह प्रभावी ढंग से स्थापित नहीं हो पाया कि आदेश वास्तव में अस्पष्ट था और उसमें टीईटी का प्रत्यक्ष उल्लेख नहीं था। परिणामस्वरूप न्यायालय ने अपना पूर्व निर्णय बरकरार रखा।

सबसे दुखद स्थिति यह रही कि यह लड़ाई राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होकर नहीं लड़ी गई। उत्तर प्रदेश के शिक्षक सबसे अधिक सक्रिय दिखाई दिए, जबकि यह मुद्दा पूरे देश के लाखों शिक्षकों से जुड़ा था। मध्य प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी काफी देर से जागरूकता आई, जबकि राजस्थान, गुजरात सहित कई राज्यों में आज भी इस विषय को लेकर स्पष्ट समझ नहीं बन पाई है।

आज स्थिति यह है कि वर्षों से पढ़ा रहे शिक्षक अचानक अपनी नौकरी और भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जिन शिक्षकों ने नियुक्ति के समय लागू नियमों के अनुसार सेवा प्राप्त की, उन्हें अब वर्षों बाद नए मानदंडों के आधार पर असफल घोषित किया जा रहा है। यह केवल कानूनी प्रश्न नहीं, बल्कि प्रशासनिक स्पष्टता और नैतिक जिम्मेदारी का भी विषय है। यदि सरकार वास्तव में शिक्षा व्यवस्था और शिक्षकों के हित को लेकर गंभीर है, तो उसे अब स्पष्ट नीति घोषित करनी चाहिए। राज्य सरकारें भी चाहें तो अंकों में छूट, अनुभव के अनुसार भारांक देकर विशेष अवसर, परीक्षा सरलीकरण अथवा वैकल्पिक व्यवस्था जैसे कदम उठाकर शिक्षकों को राहत दे सकती हैं। क्योंकि आज सबसे बड़ा प्रश्न टीईटी नहीं, बल्कि उन लाखों शिक्षकों का विश्वास है, जिन्होंने वर्षों तक शिक्षा व्यवस्था को संभाला और अब स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहे हैं।

–आनन्द प्रकाश गुप्ता

## एक नजर

### महिला उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा अध्यक्ष पर मारपीट का आरोप

**खटीमा।** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष गिरीश देवी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर मारपीट का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में कर्मचारी संघ अध्यक्ष गिरेश देवी ने बताया है कि बीते रोज सांय 7:30 बजे वह नूरी मस्जिद इस्लामनगर के समीप खड़ी ट्राली लेकर पुरानी तहसील कैंपस में खड़ा ट्राला लोड कर रहे थे तभी कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ मारपीट कर अभद्रता की। इस संबंध में आज नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने नगर पालिका कार्यालय में भी प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी से मारपीट करने वालों के विरुद्ध उचित कार्वाई कराने की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में मारपीट करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्वाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल कुमार, विनोद कुमार, विक्रम, संजय, रवि,चंदन, महेश, मनोज कमलेश, लक्ष्मी, विनीता, अनीता आदि सम्मिलित थे।

### दोस्त का कमरा सेट कराने गया था एमबीए छात्र, वहां मिली मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में गोमती नगर के विनय खंड-3 में बुधवार रात हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर एमबीए छात्र मन्नत सिंह (25) की मौत हो गई। वह गाजीपुर इलाके के खुर्रमनगर के रहने वाले थे। उनके घरवालों और स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। रायबरेली के सिंधी कॉलोनी निवासी सतपाल ने बताया कि बेटा मन्नत बीबीडी इंस्टीट्यूट से पढ़ाई कर रहा था। बुधवार रात वह गोमती नगर के विनय खंड 3 अपने दोस्त वैभव बाजपेई के किराये के घर पर सामान व्यवस्थित कराने गया था। रात करीब 11 बजे वह पर्दे की रॉड लगा रहा था। इसी समय रॉड खिड़की के बाहर करीब एक मीटर दूर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गई।

# विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई, डीएसओ, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, सब रजिस्ट्रार, स्टेनो को घूस लेते दबोचा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विजिलेंस विभाग ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बागपत के जिला पूर्ति अधिकारी, कन्नौज के सब रजिस्ट्रार और हापुड़ में जीएसटी विभाग के स्टेनो को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

विजिलेंस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए चार सरकारी कर्मचारियों और एक निजी व्यक्ति को घूसखोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। विजिलेंस की टीमों ने बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी व क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, कन्नौज में सब रजिस्ट्रार व एक निजी व्यक्ति तथा हापुड़ में उपायुक्त जीएसटी के स्टेनो को घूस लेते हुए रंगे हाथों दबोचा है।

विजिलेंस की मेरठ सेक्टर की टीम ने शुक्रवार को बागपत में जिला पूर्ति अधिकारी अनूप तिवारी को 40 हजार रुपये और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी जोगेंद्र सिंह को 10 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा है। उनके खिलाफ एक कोटेदार ने शिकायत की थी। उसने बताया था कि कोटे में मिलने वाले सरकारी गेहूं एवं चावल को पात्रों में बांटने के बदले सरकार द्वारा 90 रुपये प्रति कुंतल की दर से प्रत्येक कोटेदार को कमीशन मिलता है।

अनूप तिवारी द्वारा प्रत्येक सरकारी कोटेदार से सरकारी राशन का 25 रूपये प्रति कुंतल की दर से और जोगेंद्र सिंह द्वारा 500 रूपये प्रतिमाह घूस देने का दबाव बनाया जाता है। उसका बीते 5 माह से कमीशन का भुगतान नहीं आया है।

प्रार्थना पत्र देने पर दोनों अधिकारी घूस मांग रहे हैं। घूस की रकम नहीं मिलने पर कोटा निरस्त करने की धमकी दे रहे हैं। उसकी शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने बागपत जाकर दोनों अधिकारियों को ट्रैप करने के लिए जाल बिछाया।

अनूप तिवारी को टीम ने घूस लेते रंगे हाथों दबोच लिया, जबकि जोगेंद्र सिंह घूस की रकम लेकर अपनी गाड़ी से भाग गया। ट्रैप टीम ने उसका पीछा कर निजामपुर के शिवा ढाबा से गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह विजिलेंस के कानपुर सेक्टर की टीम ने कन्नौज सदर तहसील के उप निबंधक कार्यालय के सब रजिस्ट्रार अश्विन कुमार वर्मा और निजी व्यक्ति जीतेंद्र कुमार कुशवाहा को 60 हजार रुपये की घूस लेते शुक्रवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ स्थानीय व्यक्ति ने शिकायत की थी कि उसकी भूमि का बैमाना रजिस्ट्री करने के लिए दोनों ने 60 हजार रुपये घूस मांगी है। साथ ही हापुड़ में उपायुक्त कार्यालय राज्य कर के स्टेनो जयदीप को 24 हजार रुपये घूस लेते हुए विजिलेंस की मेरठ सेक्टर की टीम ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

## बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत : कंपनियां अब जबरन नहीं लगा पाएंगी स्मार्ट मीटर, आ गया स्पष्ट आदेश

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** यूपी में बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। कंपनियां अब जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगा पाएंगी। इसको लेकर स्पष्ट आदेश आ गया है। पोस्टपेड या प्रीपेड के चयन का अधिकार उपभोक्ताओं के पास रहेगा। आदेश में स्पष्टता करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य बना।

उत्तर प्रदेश में राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्मार्ट मीटर मामले में स्पष्ट आदेश जारी कर दिया है। पोस्टपेड अथवा प्रीपेड चुनने का अधिकार सिर्फ उपभोक्ताओं का है। बिजली कंपनियां जबरन अपनी मर्जी के स्मार्ट मीटर नहीं लगा पाएंगी। ऐसा आदेश जारी करने वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग में 16 अप्रैल 2026 को लोक महत्व याचिका दायर दिया था। इसमें मांग की थी कि नए कनेक्शन और बदले जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर मामले में स्पष्ट आदेश दिया जाए। इस मामले की सुनवाई करते हुए आयोग के अरविंद कुमार एवं सदस्य संजय कुमार सिंह ने स्पष्ट आदेश जारी कर दिया है।

### उपभोक्ताओं के पास पोस्टपेड व प्रीपेड विकल्प लेने का अधिकार रहेगा

आयोग ने पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के तहत उपभोक्ताओं के पास पोस्टपेड व प्रीपेड विकल्प लेने का अधिकार रहेगा। उपभोक्ता अपनी मर्जी के अनुसार मीटर चुन सकेगा। इस आदेश के जारी होने पर विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि नियामक आयोग ने उपभोक्ताओं के साथ न्याय किया है।

## पंकज चौधरी बोले- सपा का तथाकथित पीडीए अब 'पीड़ा, दमन और अपमान' का प्रतीक बन चुका है

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** पंकज चौधरी ने चंदौली में सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष के साथ मारपीट की घटना की निंदा करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने सपा पर महिला सम्मान के मुद्दे पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने चंदौली में समाजवादी पार्टी की महिला सभा की जिलाध्यक्ष गार्गी सिंह पटेल के साथ हुई मारपीट की घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह घटना सपा के वास्तविक चरित्र को उजागर करती है।

जो पार्टी मंचों से महिला सम्मान, सामाजिक न्याय और अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करती है, उसमें महिला पदाधिकारी तक सुरक्षित नहीं हैं। सपा को प्रदेश की महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने शुक्रवार को जारी अपने बयान में कहा कि यह घटना केवल एक महिला पदाधिकारी पर हमला नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान और आत्मसम्मान पर सीधा आघात है। सपा का तथाकथित पीडीए अब 'पीड़ा, दमन और अपमान' का प्रतीक बन चुका है। सपा की राजनीति केवल दिखावे और नारों तक सीमित है। मंचों पर महिला सम्मान की बातें करना और व्यवहार में महिलाओं का अपमान करना ही सपा का असली चाल, चरित्र और चेहरा है। यह घटना बताती है कि सपा में महिलाओं को केवल पोस्टरों और प्रचार तक सीमित रखा जाता है, जबकि वास्तविकता में उन्हें अपमान और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है। प्रदेश की महिलाएं सपा की मानसिकता को पहचान चुकी हैं।

## नमामि गंगे विभाग की अनूठी पहल, कार्मिकों को मिली मनचाही तैनाती; चट पोस्टिंग, पट मिला ट्रांसफर ऑर्डर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने पारदर्शी तबादला प्रक्रिया लागू करते हुए 170 अधिकारियों और कर्मचारियों को मनचाही तैनाती दी। वरिष्ठता और कार्य गुणवत्ता के आधार पर स्क्रीन पर रिक्त पद दिखाकर विकल्प चुने गए। बटन दबाते ही ट्रांसफर आदेश मोबाइल पर पहुंच गए।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार तबादला नीति में पारदर्शिता को लेकर विशेष ध्यान दे रही है। सरकार का पूरा प्रयास है कि विभागों में तबादले के दौरान किसी भी तरह का भ्रष्टाचार न हो और कार्मिकों को मेरिट के आधार पर तैनाती मिले। इसके तहत शुक्रवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अगुवाई में आज ट्रांसफर के इच्छुक सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को मनचाही तैनाती उनके सामने पारदर्शी तरीके से दी गई। इस पूरी प्रक्रिया में 170 अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला किया गया। प्रक्रिया के दौरान विभाग के राज्य मंत्री दिनेश खटीक, रामकेश निषाद और अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान 170 कर्मचारियों और अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें जल निगम ग्रामीण विभाग के 131, लघु सिंचाई विभाग के 28 और भूगर्भ जल विभाग के 11 अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया। इसमें 2 मुख्य अभियंता, 15 अधीक्षण अभियंता, 35 अधिशासी अभियंता, 40 सहायक अभियंता और 78 जूनियर इंजीनियर के तबादले किए गए।

प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए जल निगम ग्रामीण विभाग के हॉल में 8 स्क्रीनों की व्यवस्था की गई थी। इन 8 स्क्रीनों पर संबंधित पदों के लिए रिक्त जिलों की सूची प्रदर्शित की गई। सबसे वरिष्ठ और सक्षम अधिकारियों से क्रमवार उनके तबादले की प्राथमिकता पूछी गई और उनके मनचाहे जिले को लॉक कर दिया गया।

कम्प्यूटर का बटन दबते ही कुछ सेकेंड में ही कार्मिकों का ट्रांसफर लेटर उनके मोबाइल में पहुंच गया। इस प्रक्रिया में पूरे प्रदेश के ट्रांसफर के इच्छुक अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। इस दौरान जो कार्मिक किसी कारणवश नहीं आ पाए थे, उन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया से जोड़ा गया था, जिससे वो अपनी बात मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के सामने रख सकें। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कार्मिकों के वरिष्ठता क्रम और कार्य की गुणवत्ता को मानक बनाया गया था।

## वित्तीय भ्रष्टाचार पर सहायक निदेशक प्रशिक्षण और प्रधान सहायक निलंबित, 10 फीसदी कमीशन मांगा था

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन ने वित्तीय भ्रष्टाचार के आरोप में सहायक निदेशक प्रशिक्षण और प्रधान सहायक को निलंबित कर दिया। दोनों पर कार्यों के बदले 10 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप है। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की गई। मामले की विस्तृत जांच के लिए समिति गठित कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के अंतर्गत प्रशिक्षण निदेशालय में भ्रष्टाचार, समय से बजट का प्रयोग न करने, सहकर्मियों को धमकी देने, कमीशन मांगने आदि के मामले में शासन ने दो कर्मचारियों को निलंबित किया है। इसमें सहायक निदेशक प्रशिक्षण धीरेंद्र कुमार व प्रधान सहायक इमरान अहमद शामिल हैं। विभाग के प्रमुख डॉ. हरिओम की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सहायक निदेशक प्रशिक्षण धीरेंद्र कुमार द्वारा आईटीआई में साज-सज्जा उपकरण, मशीनों की आपूर्ति आदि के लिए स्वीकृत राशि का समय से प्रयोग न करके समर्पित कर दिया गया। वित्तीय कार्यों में भ्रष्टाचार, सहकर्मियों को धमकी देने, 10 प्रतिशत कमीशन मांगने, तबादलों में भ्रष्टाचार की शिकायत है। प्रथम दृष्टया शिकायतें गंभीर होने से उनको तत्काल प्रभाव से निलंबित करके संयुक्त निदेशक देवीपाटन मंडल से संबद्ध किया गया है। वहीं संयुक्त निदेशक प्रशिक्षण निदेशालय मयंक गंगवार को अनुशासनिक जांच के लिए जांच अधिकारी नामित किया गया है। वहीं, निदेशक प्रशिक्षण अभिषेक सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि निदेशालय के प्रधान सहायक इमरान अहमद अपने पद का दुरुपयोग, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, धार्मिक भेदभाव आदि के गंभीर आरोप को देखते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

## मंदिर व शहीद स्थल के समीप मांस मिलने की घटना से आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर उर्फ बॉबी राठौर के नेतृत्व में और आक्रोशित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों ने मुख्य चौक के समीप स्थित शनि मंदिर के पास मांस मिलने की घटना तथा पुराने तहसील परिसर में बने डंपिंग जोन को हटाने की मांग को लेकर उप जिला अधिकारी खटीमा को एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मुख्य चौक के पास प्राचीन शनि मंदिर के पीछे पुराने तहसील परिसर में नगर पालिका द्वारा बनाए गए डंपिंग जोन में बीते दिवस मांस मिलने की घटना प्रकाश में आई है। यह घटना हिंदू धर्म की आस्था और धार्मिक भावनाओं के साथ गंभीर खिलवाड़ है जिसको लेकर क्षेत्र वासियों में भारी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास ही शहीद स्मारक स्थल है जो हमारे वीर शहीदों की स्मृति और सम्मान का प्रतीक है ऐसी जगह पर पूरे नगर का कूड़ा डाला जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और शहीदों के सम्मान का भी अपमान है। उन्होंने मांस मिलने की घटना की तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने, शहीद स्मारक एवं प्राचीन शनि मंदिर के समीप समीप बनाए गए डंपिंग जोन को तत्काल प्रभाव से हटाए जाने की मांग की। ज्ञापन में पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज टम्टा, मनोज कोहली, विनोद चंद, रोहित शर्मा, अनिल विश्वकर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, मोहम्मद गुफरान, प्रमोद कश्यप, राजकुमार, नंदकिशोर तथा करन सिंह आदि के नाम शामिल थे।

## 'ससुर ने मुझसे दुष्कर्म किया', ये कहकर महिला दरोगा का थाने के बाहर हंगामा; बोली- मुझे न्याय चाहिए

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ में महिला दरोगा ने ससुर पर दुष्कर्म और पति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मगर, पुलिस के कोई कार्रवाई नहीं करने पर महिला दरोगा बृहस्पतिवार को मायके वालों और किसान यूनियन के साथ थाने पहुंची। दो घंटे तक हंगामा किया। इस पर पुलिस ने उनकी तहरीर पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं, ससुर ने भी बहू पर केस दर्ज कराया है।

महिला दरोगा के मुताबिक, वर्तमान में वह प्रयागराज में तैनात हैं। पिछले साल उनकी शादी पारा निवासी युवक से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुर, पति, सास और ननद उन पर जातिसूचक टिप्पणियां करने लगे।

नौकरी छोड़ने का भी दबाव बनाने लगे। ससुर ने उनके साथ दुष्कर्म किया और बाद में चूहे मारने की दवा खिलाने की कोशिश की। पीड़िता ने बताया कि पिता जब ससुराल पहुंचे तो आरोपियों ने असलहे के बल पर धमकी दी।

चार दिन पहले पुलिस से शिकायत करने पर भी कुछ नहीं हुआ। इस बात पर उन्होंने प्रदर्शन किया। पुलिस कर्मियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाते हुए महिला दरोगा बेहोश हो गईं। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया दोनों पक्षों पर एफआईआर दर्ज की गई है। विवेचना में जो भी साक्ष्य मिलेंगे उस आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## एलायंस क्लब खटीमा ने चलाया धूम्रपान व तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान




जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** एलायंस क्लब खटीमा द्वारा धूम्रपान एवं तंबाकू निषेध कार्यक्रम को वृहद रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत का भी संकल्प लिया गया। जन जन में जागरूकता लाने के लिए क्लब के सदस्यों ने कड़ी धूप में प्यार और समर्पण की भावना से खटीमा तहसील, कोतवाली, बाजार चौकी, जल निगम, बिजली घर, रिलायंस पेट्रोल पम्प आदि महत्वपूर्ण स्थानों पर तंबाकू और धूम्रपान निषेध के पोस्टर लगाए। क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जितेंद्र पारुथी, अध्यक्ष मनोज कन्याल, सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, पंकज टम्टा,मनोज भट्ट, दीपक चंद, नवनीत अरोरा आदि ने युद्ध स्तर पर इस कार्य में गति प्रदान की।

**मौसम** आज कई जिलों में 100 किमी रफ्तार वाली आंधी का अलर्ट

## प्रदेश में राहत वाली भीषण बारिश, नौपता हुआ छूमंतर

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नौतपा की भीषण गर्मी के बीच तेज आंधी और बारिश से मौसम सुहावना हो गया। कई जिलों में ओलावृष्टि और भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कई जिलों में 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की तेज हवाओं और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।
नौतपा की भीषण गर्मी के बीच बृहस्पतिवार देर रात उत्तर प्रदेश का मौसम अचानक बदल गया।

राजधानी लखनऊ समेत पश्चिमी और पूर्वी यूपी के कई जिलों में तेज हवाओं, गरज-चमक और झमाझम बारिश ने मौसम सुहावना कर दिया। तराई क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी यूपी व अन्य कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई।

बाराबंकी, सीतापुर, कानपुर, हरदोई, मुरादाबाद, बरेली समेत कई जिलों में तेज आंधी और बारिश से तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। तेज हवाओं के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में पेड़ और होर्डिंग्स भी गिर गए।

सीतापुर, बदायूं और झांसी में ओले गिरे, जबकि संभल, बिजनौर, चित्रकूट, आगरा, गाजियाबाद और मथुरा में बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया। मेरठ में शुक्रवार को भी काले बादल छाए रहे, वहीं शाहजहांपुर में धूल भरी आंधी के बाद बारिश शुरू हुई।

मौसम विभाग ने 29 और 30 मई के लिए प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान और भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, कुछ स्थानों पर 90 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। पूर्वानुमान है कि बारिश और तेज हवाओं का दौर 31 मई तक जारी रह सकता है।
इन जिलों में आंधी का रेड अलर्ट
बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर,भदोही, लखीमपुर खीरी, हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर।

### पश्चिमी यूपी में सबसे ज्यादा बारिश वाले 5 जिले

| सिटी | बारिश प्रतिशत(MM) |
|---|---|
| सहारनपुर | 32 |
| हाथरस | 30 |
| बिजनौर | 20 |
| हमीरपुर | 20 |
| जालौन | 20 |

## उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा अध्यक्ष ने पुलिस को सौंपी तहरीर की कार्रवाई की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष ग्रेस देवी ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं पर नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में कर्मचारी संघ अध्यक्ष ग्रेस देवी ने बताया है कि बीते रोज सायं 7:30 बजे नगर पालिका के कर्मचारी ट्रैक्टर चालक तोताराम उर्फ अर्जुन आदि नूरी मस्जिद इस्लामनगर के समीप खड़ी लोड ट्राली लेकर पुरानी तहसील कैंपस में खड़ा ट्राला लोड कर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने वहां पहुंचकर उनके साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया। इस संबंध में आज नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष संतोष गौरव के नेतृत्व में नगर पालिका कार्यालय में भी प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी प्रियंका आर्य से मारपीट करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई कराने की मांग की है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में मारपीट करने वालों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल कुमार, विनोद कुमार, विक्रम, संजय, रवि, चंदन, महेश , मनोज कमलेश, लक्ष्मी, विनीता, अनीता आदि सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ शाखा अध्यक्ष ग्रेस देवी के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन की प्रति तहसील के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपी। जिसमें सफाई कर्मचारियों ने मारपीट कर अभद्रता करने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# समस्याओं को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा मिट्टी का कटोरा

## प्रदर्शन कर जताया विरोध,छात्र हितों की मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



एसडीएम को मिट्टी का कटोरा देते कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को प्रतीकात्मक रूप से मिट्टी का कटोरा भेंट कर विरोध जताया और छात्र-युवा समस्याओं के समाधान की मांग उठाई।

कार्यकर्ता तहसील परिसर पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। उनका कहना था कि क्षेत्र में छात्र-छात्राओं और युवाओं से जुड़ी कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसी के विरोध में परिषद कार्यकर्ताओं ने अनोखे तरीके से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को मिट्टी का कटोरा सौंपा। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था, छात्रवृत्ति, रोजगार और अन्य जनसमस्याओं को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन हालात में सुधार नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि समस्याओं के समाधान में लगातार लापरवाही बरती जा रही है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो परिषद बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने प्रशासन से छात्र हितों को प्राथमिकता देने की मांग की।

एसडीएम ने कार्यकर्ताओं की बात सुनते हुए उनकी मांगों पर विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान तहसील परिसर में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। बाद में अधिकारियों के आश्वासन पर कार्यकर्ता शांत हुए। इस दौरान कई मौजूद रहे।

# अवैध खनन से सड़कों की हो रही दुर्दशा, लोग परेशान

- खनन करने वालों पर लगा सडकें खराव करने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** अवैध खनन से सड़कों की दुर्दशा बिगड़ती जा रही है। मार्गों पर मिट्टी ही मिट्टी दिखाई दे रही है।इसके चलते वाहनों के निकलने की दूर की बात सड़कों से पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है।शीघ्र ही अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में इन दिनों राजस्व विभाग व पुलिस की मिलीभगत के चलते अवैध खनन का धंधा चल रहा है।शिकायतें करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी अवैध खनन के मामले में मौन धारण किए हुए हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि लगातार अवैध खनन से भरे वाहनों से सड़कों की दुर्दशा बिगड़ गई है।कच्चे व पक्के मार्गों धूल और मिट्टी से पटी पड़ी हुई है। धूल के उड रहे गुबार से लोगों की सहत पर खासा प्रभाव पड राह है। उडती धूल से सबसे अधिक परेशानी सांस के मरीजों को हो रही है।खनन भरे वाहनों के गुजरने से सड़कों की हालत बिगड़ गई है।इसके चलते वाहनो के निकलने की दूर की बात पैदल निकलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़कों पर धूल और मिट्टी हो जाने से लोग इधर उधर के रास्तो से होकर गुजर रहे है।लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया गया।लेकिन किसी भी अधिकारी ने इसकी और कोई ध्यान नहीं दिया।इसके चलते लगातार सडकों की हालत खराब होती जा रही है। कुलविंदर सिंह रंधावा,जसवीर सिंह,मोहित कुमार,विजय बहादुर, गंगाचरण,दर्शन सिंह,चरण सिंह,बाबू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अवैध खनन पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

## सार संक्षेप

### चोरी की वाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार, पूछताछ

**पूरनपुर।** चोरी की बाइक सहित पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई बाइक बरामद की है। बीते मंगलवार शाम को मोहल्ला साहूकारा लाइनपार के अजय पांडेय की बाइक शेरपुर रोड पर एक फर्नीचर की दुकान के बाहर से चोरी हो गई थी। घटना समीप की एक अन्य दुकान के बाहर लगे सीसी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने पीड़ित की ओर से बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। कोतवाल पवन कुमार पांडेय ने बताया कि बाइक को हजारा थाना के गांव बाजार घाट निवासी कुलविंदर सिंह उर्फ काली और राज सिंह ने चोरी किया था। आरोपी बाइक को चोरी करने दूसरी बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे। चोरी की बाइक और घटना में प्रयुक्त बाइक को बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपी शातिर हैं। इससे पहले भी कुलविंदर के खिलाफ पांच और राज सिंह के खिलाफ चार बाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस हर बिन्दुओं पर जांच कर रही है।

### तेंदुए के लिए बन बिभाग ने कराई झाडियों की सफाई

**पूरनपुर।** तेंदुआ होने के शोर पर उसकी निगरानी के लिए टीम लगी रही। टीम को तेंदुआ के पैरों के निशान नहीं मिले। हालांकि तेंदुआ की शरणगाह की आशंका पर वन विभाग की टीम ने गांव के समीप झाड़ियों की साफ-सफाई कराई। थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के निवाजपुर ताल्लुके चांदपुर में पांच मई को तेंदुआ ने खेत में घास काट रही मुरारी लाल की पुत्री सपना (18) पर हमला कर घायल कर दिया था। तेंदुआ देख उसकी छोटी बहन पहले ही भाग गई थी। सपना के दराती चलाने पर तेंदुआ खेतों में चला गया था। इसी दिन तेंदुआ ने गांव रसूलापुर के गुड्डू (20) पर हमला कर घायल कर दिया था। दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घरों को भेज दिया गया था। घटना के बाद तेंदुआ की निगरानी को खुटार रेंज की सामाजिक वानिकी की टीम लगाई गई थी, लेकिन तेंदुआ के जंगल की ओर जाने की संभावना पर उसकी निगरानी भी बंद कर दी गई। तीन दिन पहले गांव रसूलापुर और आसपास क्षेत्र में तेंदुआ का शोर मचने पर खुटार रेंज की टीम वन दरोगा भगवान सिंह के नेतृत्व में पहुंची थी। टीम को गांव के समीप एक बाग के पास तेंदुए के पंजे के निशान मिले थे। तब से वन दरोगा के नेतृत्व में टीम उसकी निगरानी में लगी है। गांव रसूलापुर के समीप बाग के आसपास झाड़ियों की साफ-सफाई कराई। वन दरोगा ने बताया कि तेंदुआ के तीन दिन पहले पैरों के निशान मिले थे। इसके बाद उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। बाग और उसके आसपास की झाड़ियों में आकर तेंदुआ के छिपने की आशंका पर झाड़ियों की साफ-सफाई कराई गई है।

### दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को निकाला

**पूरनपुर।** एक विवाहिता ने ससुरालियों पर माता पिता को पीटने का आरोप लगाया है। शिकायत पुलिस से की गई है।थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ता. अजीतपुर बिल्हा निवासी युवती ने वताया कि उसकी शादी तीन साल पहले दियूरियाकला थाना क्षेत्र के गांव मधवापुर निवासी युवक के साथ की थी। आए दिन उसका पति और ससुराली आए दिन मारपीट कर प्रताडित करते है। कईबार घर से निकाल चुके हैं। 26 मई को ससुरालियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसको मारपीट कर घर से भगा दिया,जानकारी लगने पर उसके पिता और मां पुत्री को लेकर उसकी ससुराल पहुंचे और ससुरालियों का समझने का प्रयास किया। आरोप है कि विवाहिता और उसके माता-पिता के साथ गाली गलौज की,मना करने पर मारा पीटा जिससे बह घायल हो गया।इसके बाद सभी को घर से भगा दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके है। कमरे में बंद कर भी पीटा गया। गोली मारकर जान लेने की धमकी दी। शिकायत दियूरियाकला पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



बिलसंडा हत्याकांड में गिरफ्तारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

### बिलसंडा व्यापारी हत्याकांड पर व्यापारियों में आक्रोश, 24 घंटे में गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**पीलीभीत।** बिलसंडा में व्यापारी की दिनदहाड़े हत्या के विरोध में व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए अपराधियों की 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी की मांग की है। जिला अध्यक्ष एम. ए. जिलानी ने कहा कि इस घटना से व्यापारी समाज में भय का माहौल है और कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। युवा विंग जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने व्यापारियों की सुरक्षा के लिए स्थायी व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई। व्यापार मंडल ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा और आर्थिक सहायता देने के साथ बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। घटना के विरोध में बिलसंडा में व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन किया। व्यापार मंडल ने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न होने पर पूरे जिले में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### अवैध तमंचा व कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**पूरनपुर।** पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूरनपुर पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान राम होटल के पास से अनिल कुमार उर्फ नीलू दीक्षित (50 वर्ष) निवासी ग्राम सबलपुर, थाना पूरनपुर को गिरफ्तार किया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस संबंध में थाना पूरनपुर में मुकदमा संख्या 228/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, उपनिरीक्षक सुरेश कुमार तथा कांस्टेबल कुशलपाल सिंह शामिल रहे।

# गन्ने का बीज जलाकर जमीन पर कब्जे करने का आरोप

- पीड़ित ने पुलिस से लगाई गुहार, जांच में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पूरनपुर।** जमीन कब्जाने को लेकर विवाद गहरा गया। आरोप है कि कुछ लोगों ने खेत में रखा गन्ने का बीज आग लगाकर जला दिया और बाद में जमीन पर कब्जा कर लिया। घटना के बाद गांव में त पीड़ित किसान ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के पिपरिया दुलई के किसान ने अपनी कृषि भूमि में गन्ने की बुवाई के लिए बीज तैयार कर रखा था। आरोप है कि विरोधी पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और विवाद के बीच गन्ने के बीज में आग लगा दी। देखते ही देखते खेत में रखा बीज जलकर राख हो गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आगजनी के बाद आरोपियों ने जमीन पर कब्जा कर लिया और विरोध करने पर धमकी भी दी। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के चलते माहौल गर्मा गया। ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित किसान का कहना है कि आग से उसे भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गांव में जमीन विवाद को लेकर पहले भी तनाव की स्थिति बन चुकी है। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पुलिस ने चोरी के मामले में 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, चोरी की गई गाड़ी और मोबाइल भी बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय



पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपी।

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफलतापूर्वक अनावरण करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी में प्रयुक्त मारुति कार और दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।पुलिस अधीक्षक पीलीभीत के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सुनगढ़ी पुलिस टीम ने आज दिनांक 29 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पीलीभीत बाईपास महोतांडा चौराहा पर तीनों अभियुक्तों को एक मारुति कार (UP 32 ZN 9547) के साथ गिरफ्तार किया।घटना क्या थी?

7 मई 2026 को बिमल पाठक पुत्र राम, निवासी नौगवा पकड़िया, थाना सुनगढ़ी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके 7 पालतू बकरों को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस आधार पर मुकदमा नंबर 223/2026 धारा 303(2)/317(2)/3(5) बीएनएसएस के तहत दर्ज किया गया था। **गिरफ्तार अभियुक्त:** सौरभ पुत्र रामदेव, उम्र 22 वर्ष, निवासी रतनापुर, थाना निगोहा, जनपद लखनऊ अक्षय लाल पुत्र राजेन्द्र रावत, उम्र 30 वर्ष, निवासी हरकशंगढ़ी, थाना मोहनलाल गंज, जनपद लखनऊ शुभम रावत पुत्र धनीराम रावत, उम्र 22 वर्ष, निवासी तिलकनगर ऐशबाग, थाना बाजार खाला, जनपद लखनऊ शुभम रावत पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें शामिल हैं :**मुकदमा संख्या** 406/2018 (धारा 354/504 आदि)

मुकदमा संख्या 455/2021 (धारा 394/411)

मुकदमा संख्या 685/2021 (धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट) पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को चोरी की गाड़ी, मोबाइल फोन सहित अदालत में पेश कर दिया है। आगे की जांच जारी है। **गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम:**

उपनिरीक्षक प्रभुन्न कुमार, उपनिरीक्षक राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पाल सिंह, कांस्टेबल अजय यादव, कांस्टेबल गौरव कुमार एवं कांस्टेबल कपिल कुमार।यह गिरफ्तारी पशु चोरी जैसे संगठित अपराधों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई को दर्शाती है।

# दिल्ली जाने निकले युवक पर धारदार हथियार से हमला

- मामले में तीन नामजद समेत पांच पर मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**पूरनपुर।** दिल्ली जाने के लिए घर से निकले एक युवक पर कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला लाइनपार साहूकारा निवासी तेज बहादुर ने वताया कि 26 मई को उनका पुत्र अभिषेक

किसी काम से दिल्ली जाने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह मोहल्ले से बाहर पहुंचा,पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उसे घेर कर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसको मारा पीटा। इसके बाद आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े,वमुश्किल विवाद को शांत कराया।तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। मामले में घायल पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने जसपाल, विकास,विशाल व दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही पकड लिया जाएगा।

# "दम है तो अपने मंत्रियों-विधायकों की संपत्ति की जांच कराए सरकार": हेमंत मिश्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



प्रेस वार्ता में पत्रकारों से रूबरू होते कांग्रेसी। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** शहर के एक होटल में आयोजित जिला शहर कांग्रेस की प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता के आरोप लगाए। कांग्रेस प्रवक्ता हेमंत मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि महोबा की दलित छात्रा प्रकरण में सरकार पूरी तरह विफल रही और पीड़िता के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पीड़िता से मिलने पहुंचे तो सरकार और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। हेमंत मिश्रा ने भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार में साहस है तो अपने मंत्रियों और विधायकों की संपत्ति की जांच कराए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं का सार्वजनिक जीवन खुली किताब की तरह है और किसी भी एजेंसी से जांच कराई जा सकती है।

प्रेस वार्ता में शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार, जिला महासचिव नरेश शुक्ला, ईश्वर दयाल पासवान, यूसुफ मलिक, अभिनव गुप्ता गोल्डी और छात्र कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**पीलीभीत।** शहर के एक होटल में जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायकों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए। कांग्रेस प्रवक्ता हेमंत मिश्रा एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस लगातार जनता के मुद्दों को उठाती रही है और भ्रष्टाचार के खिलाफ आगे भी आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने महोबा की दलित छात्रा प्रकरण का उल्लेख करते हुए सरकार पर संवेदनहीनता का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पीड़िता से मिलने से रोकने का प्रयास किया गया।




गुस्सा

व्यापारियों ने वर्कआउट की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, तीन हमलावर गिरफ्तार

# पप्पू हत्याकांड के विरोध में रहा अधिकांश बाजार बंद

जागरण मोर्चा ,कार्यालय



पुलिस अधिकारियों से वार्ता करते हुए व्यापार मंडल के पदाधिकारी।



पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा परिजनों से घटना की जानकारी लेते हुए। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** पप्पू गुप्ता हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को नगर का जहां अधिकांश बाजार बंद रहा, वहीं लोगों ने घटना के वर्कआउट की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन भी किया। जिससे घंटों अफरातफरी का माहौल रहा। उधर गमगीन माहौल में मृतक पप्पू का अंतिम संस्कार कर दिया गया। उधर पुलिस ने घटना का वर्कआउट करने का दावा करते हुए तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दे कि बृहस्पतिवार की शाम करीब 5 बजे कुछ अज्ञात हमलावरों ने बडा बस स्टैंड तिराहे पर स्थित साइकिल व्यापारी पंकज कटियार की दुकान पर आकर उसके साथ मारपीट की, मारपीट की घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर बाइकों पर सवार होकर भागने की फिराक में थे, कि इसी बीच पड़ोसी कपड़ा व्यवसाई पप्पू गुप्ता ने एक हमलावर को पीछे से पकड़ लिया ,पहले तो हमलावरों ने पप्पू गुप्ता के चंगुल से छूटने की कोशिश की। लेकिन जब कामयाब नहीं हुए तो उनमें से एक हमलावर ने बचाव में तमंचे से गोली चला दी, जो पप्पू के सीने में जा लगी। बताते हैं कि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर बमरौली की ओर फरार हो गए। उधर बरेली उपचार के लिए ले जाते वक्त बृहस्पतिवार को ही पप्पू की रास्ते में मौत हो गई। इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई, बताते हैं की घटना के बाद आनन-फानन में नगर का बाजार बंद हो गया। उधर शुक्रवार को घटना के खुलासे की मांग को लेकर अधिकांश व्यापारियों ने जहां अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर विरोध जताया, वहीं धरना प्रदर्शन करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप भी लगाया। उधर पुलिस द्वारा जल्द ही घटना का वर्कआउट करने को दिए गए आश्वासन के बाद लोगों ने धरना प्रदर्शन खत्म किया।

उधर पोस्टमार्टम होने के उपरांत मृतक पप्पू का शव नगर में लाया गया और गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने भी आकर परिजनों से घटना की जानकारी लेने के साथ ही दुख जताया। बताते हैं कि घटना के वक्त पुलिस प्रशासन जंगल स्थित सिद्ध बाबा देव स्थल पर आयोजित चोखा बाटी कार्यक्रम में लुत्फ ले रहा था और हमलावर घटना को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे थे। पुलिस की इसी लापरवाही को लेकर नगरवासियों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर घटना के वक्त इस व्यस्ततम तिराहे पर पुलिस की पिकेट होती तो घटना को टाला जा सकता था। हालांकि व्यापार मंडल द्वारा दिए गए 24 घंटे के अल्टीमेटम से पहले ही पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर घटना का वर्कआउट करने का दावा किया है।

# झटका तार से हादसा: बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

- सड़क को पार करते हुए लगाया गया था अवैध रूप से करंट वाला तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के थाना अलापुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। सड़क के बीचों-बीच लगे झटका तार की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना अलापुर के गांव चितौरा धनौरा निवासी 28 वर्षीय काली चरण पुत्र भगवान दास गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे अपने गांव से अलापुर की ओर बाइक से जा रहे थे। उनके साथ बाइक पर पीछे उनके चाचा हरपाल (50) पुत्र द्वारिका प्रसाद भी बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी बाइक गांव के बाहर सड़क मार्ग पर पहुंची, तभी रास्ते के बीचों-बीच खेत की सुरक्षा के लिए लगाया गया झटका तार उनकी गर्दन से टकरा गया।



झटका तार अचानक गर्दन पर लगने से काली चरण गंभीर रूप से घायल होकर बाइक से नीचे गिर पड़े। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे उनके चाचा हरपाल बाल-बाल बच गए और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। युवक का शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। काली चरण अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं, जिनमें एक बेटी बड़ी और एक बेटा छोटा है। परिवार पर इस घटना से दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बताया जा रहा है कि काली चरण अपने ममेरे भाई संजय पुत्र हेमपाल निवासी जेकरनपुर थाना हजरतपुर को देखने के लिए अलापुर जा रहे थे। जानकारी के मुताबिक संजय अपने घर से निकला था लेकिन देर रात तक न तो अपने घर पहुंचा और न ही काली चरण के यहां। इसी चिंता में काली चरण उसे तलाशने के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में ही यह दर्दनाक हादसा हो गया। बाद में देर रात संजय म्याऊं से अपने घर लौट आया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने खेत स्वामी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना अलापुर में तहरीर दी है। परिजनों का कहना है कि खेत की रखवाली के लिए लगाया गया झटका तार सड़क के बीच तक फैला हुआ था, जिससे यह हादसा हुआ। यदि तार को सुरक्षित तरीके से लगाया गया होता तो युवक की जान बच सकती थी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दर्दनाक हादसे के बाद गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खुले में लगे ऐसे खतरनाक झटका तारों पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो सकें।

## सार संक्षेप



राहगीरों को शरबत पिलाते लोग। –जागरण मोर्चा

### गर्मी के चलते ठंडे शरबत का किया गया वितरण

**बिसौली।** भीषण गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को राहत देने के लिए तंजीम अब्दे मुस्तफा द्वारा ईदगाह मैदान में ठंडे शरबत की छबील लगाई गई। इस दौरान तंजीम ने शीतल पेय पिलाकर सेवा भाव की मिशाल पेश की। ईद उल अजहा के मौके पर ईदगाह मैदान में तंजीम अब्दे मुस्तफा द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें राहगीरों और ईद की नमाज अदा कर लौट रहे नमाजियों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठंडा शरबत पिलाया गया। लोगों ने ठंडा शरबत पीकर राहत महसूस की। इस नेक काम में तंजीम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर अल्ताफ अंसारी, मोहसिन अंसारी, हसनैन अंसारी, शाहरुख अंसारी, तौफीक अहमद, जमाल अख्तर, कमाल अख्तर, जावेद अहमद, मुबीन अहमद, शादाब क़ादरी, बिलाल अंसारी, अल फैज खान, अब्दुल कादिर खान, शोऐब अंसारी आदि मौजूद रहे।

### ज्येष्ठ पूर्णिमा गंगा स्नान को लेकर प्रशासन सतर्क, श्रद्धालुओं के लिए जारी की विस्तृत एडवाइजरी

**बदायूं।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने श्रद्धालुओं और आमजन की सुरक्षा के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी से अपील की गई है कि स्नान के दौरान जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें। प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि श्रद्धालु केवल निर्धारित एवं बैरिकेडिंग युक्त घाटों पर ही स्नान करें। गहरे जल क्षेत्र या प्रतिबंधित स्थानों पर जाने से सख्ती से बचें। गंगा नदी में जल का बहाव और गहराई अचानक बढ़ सकती है, इसलिए अधिक अंदर जाने का प्रयास न करें। प्रशासन ने विशेष रूप से बच्चों, वृद्धजनों और महिलाओं की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा है कि उन्हें अकेला न छोड़ा जाए और परिजनों के साथ ही स्नान कराया जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से घाटों पर लगाए गए रेलिंग, रस्सी और बैरिकेड्स का पालन करना अनिवार्य बताया गया है। इसके अलावा नशे की हालत में गंगा स्नान करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है, क्योंकि यह गंभीर हादसों का कारण बन सकता है। प्रशासन ने घाटों और पुलों पर सेल्फी या वीडियो बनाते समय भी सावधानी बरतने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में श्रद्धालुओं से धैर्य बनाए रखने और धक्का-मुक्की से बचने का आग्रह किया गया है। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने कई हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं। इनमें आपातकालीन सेवा 112, अग्निशमन 101, स्वास्थ्य सहायता 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 1090 और बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 शामिल हैं। इसके अलावा क्षेत्राधिकारी उझानी, प्रभारी निरीक्षक उझानी और चौकी प्रभारी कछला के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं।

# अवैध सम्बंधों के शक में पति ने पत्नी की कर दी हत्या

## शव पड़ोसी के दरवाजे पर फेंका, थाने में किया आत्मसमर्पण, घटना के बाद इलाके में फैली सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** कादरचौक थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शराब और गांजा के आदी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने शव को पड़ोसी के दरवाजे पर डाल दिया और खुद थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, जबकि मृतका के मायके पक्ष में कोहराम मचा हुआ है।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव पांडे नगला निवासी महेश ने करीब 11 वर्ष पूर्व अपनी 28 वर्षीय बेटी सीमा की शादी सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव हसनपुर लोधा उर्फ हरि नगला निवासी भगवान सिंह पुत्र ऋषिपाल के साथ धूमधाम से की थी। शादी



मौके पर लगी लोगों की भीड़। –जागरण मोर्चा

के कुछ समय बाद ही भगवान सिंह शराब और गांजा का आदी हो गया और आए दिन सीमा के साथ मारपीट करने लगा। परिवार वालों के अनुसार सीमा कई बार पति की इन हरकतों का विरोध करती थी, लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया।

समय बीतने के साथ सीमा ने चार बच्चों को जन्म दिया, लेकिन इसके बावजूद भी घरेलू कलह खत्म नहीं हुई। आरोप है कि देर रात भगवान सिंह ने किसी बात को लेकर सीमा के साथ झगड़ा शुरू कर दिया और गुस्से में आकर उसे लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। गंभीर चोटों के कारण सीमा की मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या के बाद आरोपी ने रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए पत्नी के शव को अपने पड़ोसी हरिओम शर्मा के दरवाजे पर डाल दिया, ताकि शक की सुई दूसरी ओर घूम सके। इसके बाद वह सीधे थाने पहुंचा और पुलिस के सामने अपना अपराध स्वीकार करते हुए आत्मसमर्पण कर दिया।

थाने में दिए गए बयान में आरोपी ने दावा किया कि उसकी पत्नी के पड़ोसी हरिओम के बेटे के साथ अवैध संबंध थे, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है और इसे हत्या के बाद बचाव का प्रयास मानकर सभी पहलुओं पर गहनता से पड़ताल कर रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद और नशे की लत से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उधर, मृतका के मायके पक्ष ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार का कहना है कि सीमा लंबे समय से प्रताड़ना झेल रही थी, लेकिन समाज और बच्चों के भविष्य की खातिर वह सब कुछ सहती रही। इस घटना ने एक बार फिर घरेलू हिंसा और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया

सीमा की मौत के बाद उसके चार छोटे-छोटे बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। अब उनके भविष्य को लेकर परिवार के सामने बड़ी चिंता खड़ी हो गई है।

### नशे की लत बनी हत्या की वजह

स्थानीय लोगों के अनुसार आरोपी भगवान सिंह लंबे समय से शराब और गांजा का आदी था, जिसके चलते घर में आए दिन विवाद होता रहता था।

### अवैध संबंध का आरोप, जांच जारी

आरोपी ने पत्नी पर अवैध संबंध का आरोप लगाया है, लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से जांचते हुए सभी तथ्यों को खंगाल रही है।

पत्नी की हत्या करने के बाद शव को पड़ोसी के दरवाजे पर फेंक कर आरोपी थाने पहुंचा और पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को घटना की जानकारी दी। जांच में सामने आया है कि युवक ने अवैध संबंधों के चलते अपनी पत्नी को पीट-पीट कर मार दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी। **–अशोक कुमार सिंह, सीओ सहसवान**

# गोद भराई में शामिल होने जा रहे चाचा की सड़क हादसे में मौत

- बोलेरो का स्टेरिंग फेल होने से पेड़ से टकराई गाड़ी, नौ लोग गंभीर घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के कादरचौक थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में भतीजे की गोद भराई में शामिल होने जा रहे चाचा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव कौआ नगला निवासी 48 वर्षीय विजय सिंह पुत्र झम्मन अपने भतीजे प्रदीप की गोद भराई समारोह में शामिल होने के लिए परिजनों के साथ बोलेरो कार से थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव कलईया खेड़ा जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जब उनकी गाड़ी कादरचौक-



जानकरी देते परिजन। –जागरण मोर्चा

उसैहत मार्ग पर मामूरगंज और सिमर्रा गांव के बीच पहुंची, तभी अचानक बोलेरो की प्रेशर बेल्ट टूट गई। इससे वाहन का स्टेरिंग फेल हो गया और चालक का नियंत्रण हटते ही गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े शीशम के पेड़ से जा टकराई।

हादसा इतना भीषण था कि विजय सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं गाड़ी में सवार मुन्नालाल, केसरी, शिवराज, मुनीष, नेत्रपाल, सुमन, भोले, धान सिंह और चालक मोतीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल घायलों को बाहर निकालकर कादरचौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुछ की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।

# डीएम -एसएसपी ने स्नान घाटों पर विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर किया दौरा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने शुक्रवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद के विभिन्न स्नान घाटों का निरीक्षण कर वहां स्थाई व्यवस्था कराने तथा आगामी मुख्य स्नानों पर विभिन्न व्यवस्थाओं के संबंध में दौरा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न घाटों के निरीक्षण के दौरान स्थाई रूप से पीए सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए। सभी स्नान शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न हो।

जिलाधिकारी ने तहसील दातागंज के बेला डांडी, तहसील सहसवान के सुखररा घाट, कछला गंगा घाट व अन्य घाटों के निरीक्षण के दौरान घाटों के समीप लगी दुकानों को थोड़ा पीछे हटाने तथा घाटों पर स्थाई पब्लिक एड्रेस (पी0ए0) सिस्टम, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने घाटों पर आमजन व श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत पार्किंग, पेयजल व शौचालय आदि व्यवस्थाओं के लिए संकेतक भी लगाने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाटों के दोनों छोरों पर जाकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

उन्होंने कहा कि मुख्य स्नान से पूर्व सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। अधिकारियों की ड्यूटी समय से लगाई जाए तथा मुख्य स्नानों पर अधिकारी स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। आसपास के ग्रामों के प्रधानों व सभ्रांत व्यक्तियों से संपर्क स्थापित किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका सहयोग लिया जा सके। गोताखोरों की सूची भी आवश्यक रूप से बनाई जाए ताकि सभी स्नान शासन की मंशा के अनुरूप संपन्न हो।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### लूटपाट करने के दोषी का सात साल का कठोर कारावास

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र रेखा शर्मा ने रुपए लूटने और माल बरामदगी के आरोपी को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 11 हजार रुपए जुर्माना अदा करने का हुक्म दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश बाबू शर्मा के अनुसार वादी मुकदमा टिंकू पुत्र राजेंद्र निवासी लिलिया डांडी ने दातागंज थाने में 13 अगस्त 2014 को रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें उन्होंनेकहा वह पाउडर कंपनी हिमाचल प्रदेश में काम करते हैं। 13 अगस्त को सुबह वह रोडवेज की बस से डहरपुर कलां चौराहे पर बस से उतरे। जहां वे अपने घर जाने लगा पीछे से एक बाइक पर सवार होकर दो व्यक्ति आये। उन्होंने रोका और अपनी बाइक पर जबरदस्ती बैठाकर वापस डहरपुरकलां से बदायूं रोड की तरफ लेकर चलने लगे। इसी बीच बाइक सवारों उसे तीन हजार रुपये छीन लिए। मेरे शोर मचाने पर आसपास के लोग वह मेरे गांव के हरीश और ओमप्रकाश, रामकुमार आ गए। जिससे बाइक सवार मौके भाग निकले। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

# खेड़ा-तर्क परौली मार्ग पर तरा वाले ब्रह्मदेव महाराज पर हुआ भव्य भण्डारे का आयोजन



प्रसाद ग्रहण करते लोग। –जागरण मोर्चा

**ओरछी।** शुक्रवार को क्षेत्र के खेड़ा-तर्क परौली मार्ग पर तरा वाले ब्रह्मदेव महाराज एवं भाई महाराज की समाधि पर प्रत्येक वर्ष की भाँती इस बार भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया,जिसमे गाँव खेड़ादास के समस्त ग्रामीणों व क्षेत्र के सहयोग से इस भंडारे का आयोजन सपन्न हुआ, जिसमे क्षेत्र के आस-पास के सभी गांवो को आमंत्रित किया ।एक तरफ कीर्तन की भक्ति में मदहोश श्रद्धालु भजनों पर थिरकते हुए नजर आये, वहीँ भजन- कीर्तन में जयकारो से गूंज उठा तरा वाले ब्रह्मदेव महाराज का स्थल ।दूसरी तरफ भंडारे में बच्चे,बुजुर्ग , महिलाओ ने भंडारे में आकर शोभा बड़ाई और आलू,पुड़ी,हलुआ का प्रसाद ग्रहण किया, भंडारे में नन्ने-मुन्ने बच्चो ने बिशेष योगदान दिया पूरे दिन भंडारे में जलपान कराया तथा प्रसाद परोसने में मदद की । इस भंडारे में खेड़ादास,तर्क परोली,वझेड़ा नूतन,दासपुर आदि गांवो के ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

# छात्रावास में आ रहा गंदा पानी हाईवे पर कपड़े धोने बैठा छात्र, जाम

- बदायूं-बरेली हाईवे पर दातागंज तिराहे के पास है मौर्य छात्रावास
- छात्र की शिकायत, हास्टल में आ रहा गंदा पानी, सुनवाई नहीं हुई
- नाराज छात्र हाईवे पर कपड़े धोने बैठा तो लग गया जाम, हटाया
- हास्टल में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयार कर रहा छात्र निर्दोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के दातागंज चुंगी के निकट मौर्य छात्रावास के बाहर प्रशासनिक लापरवाही से तंग आकर एक छात्र ने विरोध का अनोखा तरीका अपनाया। छात्रावास के लंबे समय से दूषित पानी आने से नाराज छात्र बीच सड़क पर बाल्टी लेकर कपड़े धोने बैठ गया। दातागंज तिराहे पर हुए इस अजीबोगरीब प्रदर्शन के कारण हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें



सड़क पर कपड़े धोने बैठा छात्र। –जागरण मोर्चा

लग गईं और भारी जाम की स्थिति पैदा हो गई।

हजरतपुर क्षेत्र के चंगासी निवासी छात्र निर्दोष मौर्य छात्रावास में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। निर्दोष का आरोप है कि छात्रावास में पिछले काफी समय से पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए बेहद गंदा और दूषित पानी आ रहा है। गंदे पानी की वजह से छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या के संबंध में छात्रों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई।

अधिकारियों की इस बेरुखी और अनदेखी से परेशान होकर छात्र ने गांधीवादी तरीके से अपना गुस्सा जाहिर करने का फैसला किया। वह अपने मैले कपड़े और पानी की बाल्टी लेकर हाईवे के व्यस्त चौराहे पर बैठ गया। बीच सड़क पर कपड़े धोने के इस ड्रामे से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई और दोनों तरफ का यातायात पूरी तरह ठप हो गया। हाईवे पर चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, ट्रैफिक कांस्टेबल तुरंत मौके पर पहुंच गए। पुलिसकर्मियों ने छात्र को समझा-बुझाकर शांत किया और उसकी समस्या पर जल्द उचित कार्रवाई का ठोस आश्वासन देकर सड़क से हटाया, जिसके बाद ही यातायात सुचारू हो सका।

### अधिकारियों की अनदेखी पर फूटा गुस्सा

छात्र का कहना है कि छात्रावास जैसी संवेदनशील जगह पर बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। कई बार शिकायत के बाद भी जब सुध नहीं ली गई, तब जाकर उसे यह कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### पुलिस के आश्वासन पर खुला जाम

हाईवे पर लगे लंबे जाम के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्र की जायज मांगों को सुना। पुलिस ने संबंधित विभाग से बात कर पानी की समस्या को जल्द से जल्द दूर करवाने का भरोसा दिया है।

### नाबालिग को ले जाने व रेप के दोषी को 10 साल का कारावास

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पाकसो एक्ट दिनेश तिवारी ने नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोषी माना। न्यायाधीश ने दोषी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके इसके साथ दोषी पर 25 हजार रुपए जुर्माना डाला। जुर्माने की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति रूप में देने का हुक्म सुनाया।

विशेष लोक अभियोजक अमोल जौहरी के अनुसार वादी मुकदमा ने थाना बिल्सी में 16 जुलाई 2011 को अपनी नाबालिग बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले जाने में नरेश कुमार पुत्र हेमराज के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि नरेश उसकी बेटी को बहलाफुसला कर भगा ले गया। उसके साथ उसने दुष्कर्म किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल की। विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। जिसके बाद न्यायालय में नरेश कुमार पुत्र हेमराज जाटव निवासी ग्राम खौसारा थाना बिल्सी पर नाबालिग लड़की को बहलाफुसला कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप का मुकदमा चलाया।

**छापेमारी** कीटनाशक दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे

# नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री की शिकायत पर कृषि विभाग का छापा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**फैजगंज बेहटा।** कस्बे में नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री की ऑनलाइन शिकायत मिलने के बाद कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक खाद एवं कीटनाशक दुकान पर छापा मारा।

प्रदीप गुप्ता फौजी द्वारा की गई शिकायत के आधार पर जिला कृषि अधिकारी के निर्देश पर टीम ने हिमांशु सक्सेना की दुकान पर पहुंचकर खाद एवं कीटनाशक दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए।



जांच करते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हिमांशु सक्सेना एवं उनके पिता गंगाचरण सक्सेना उर्फ जयप्रकाश सक्सेना लंबे समय से नकली कीटनाशक दवाओं का कारोबार कर रहे थे, जिससे किसानों को फसलों में भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। शिकायतकर्ता का कहना है कि राजनीतिक प्रभाव की आड़ लेकर यह कारोबार संचालित किया जा रहा था।

बताया गया कि कृषि विभाग की टीम ने दुकान से विभिन्न खाद एवं कीटनाशक दवाओं के नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेज दिए हैं। कृषि अधिकारी के अनुसार यदि जांच में दवाएं अथवा खाद नकली पाई जाती हैं तो संबंधित खाद भंडार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त करने, दुकान सीज करने तथा मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी। कस्बे में हुई इस कार्रवाई के बाद किसानों में चर्चा का माहौल बना हुआ है तथा लोग जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

# गुजरात का स्कोर 50 के पार, साई सुदर्शन-शुभमन गिल क्रीज पर डटे





**मुल्लांपुर।** आज आईपीएल 2026 का दूसरा क्वालिफायर मुकाबला गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुल्लांपुर में खेला जा रहा है। इस मैच में जो भी टीम जीतेगी, वह 31 मई को आरसीबी के खिलाफ फाइनल मैच खेलेगी। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

राजस्थान ने गुजरात को 215 रनों का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन बनाए। गुजरात के लिए रबाडा और होल्डर ने दो-दो विकेट लिए जबकि सिराज और प्रसिद्ध को एक-एक सफलता मिली। राजस्थान को छठा झटका रबाडा ने दिया। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों वैभव को कैच कराया। वह 47 गेंदों में आठ चौके और सात छक्कों की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए। अब जडेजा का साथ देने डोनोवन फरेरा आए हैं। 18 ओवर के बाद स्कोर छह विकेट पर 176 रन है। वैभव सूर्यवंशी ने 31 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। 13 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर पांच विकेट पर 120 रन है। राजस्थान की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी है। दासुन शनाकार तीन और जोफ्रा आर्चर सात रन बनाकर आउट हुए। अब रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए हैं। उनका साथ देने के लिए वैभव सूर्यवंशी क्रीज पर मौजूद हैं। राजस्थान को तीसरा झटका जेसन होल्डर ने दिया। उन्होंने रबाडा के हाथों रियान पराग को कैच कराया। वह 11 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब वैभव सूर्यवंशी का साथ देने दासुन शनाका आए हैं।

रवींद्र जडेजा 19 गेंदों में 34 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। अब वैभव का साथ देने उनकी जगह रियान पराग आए हैं। पावरप्ले में राजस्थान ने दो विकेट गंवाकर 70 रन बना लिए हैं। वैभव सूर्यवंशी 17 गेंदों में 31 और रवींद्र जडेजा 11 गेंदों में 26 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 25 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी हो चुकी है। गुजरात को दूसरी सफलता रबाडा ने दिलाई। उन्होंने ध्रुव जुरेल को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ सात रन बना सके। अब वैभव का साथ देने रवींद्र जडेजा आए हैं। राजस्थान को पहला झटका मोहम्मद सिराज ने दिया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल को प्रसिद्ध कृष्णा के हाथों कैच कराया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। अब वैभव सूर्यवंशी का साथ देने ध्रुव जुरेल आए हैं।

# T20 डेब्यू मैच में छाईं तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा



**लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की युवा गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू टी20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके। उन्होंने चार ओवर में 34 रन देकर भारत की ओर से महिला टी20 इंटरनेशनल डेब्यू में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी स्पेल डाला। भारत ने यह मुकाबला 38 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे की शुरुआत शानदार अंदाज में करते हुए पहले टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में मेजबान टीम को 38 रन से हराया। इस जीत की सबसे बड़ी स्टार रहीं युवा तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा, जिन्होंने अपने इंटरनेशनल डेब्यू मैच में शानदार गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींच लिया।

नंदिनी शर्मा ने चार ओवर में 34 रन देकर तीन महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। उन्होंने इंग्लैंड की सबसे खतरनाक बल्लेबाज एमी जोंस के अलावा डेनिएल गिब्सन और इस्सी वोंग को भी पवेलियन भेजा। इस प्रदर्शन के साथ नंदिनी भारत की ओर से महिला टी20 इंटरनेशनल डेब्यू में दूसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी स्पेल डालने वाली खिलाड़ी बन गईं। इस सूची में पहला स्थान सोनिया डाबीर के नाम है, जिन्होंने 2010 में इंग्लैंड के खिलाफ 23 रन देकर तीन विकेट लिए थे। नंदिनी डेब्यू टी20 मुकाबले में तीन विकेट लेने वाली सिर्फ दूसरी भारतीय महिला गेंदबाज भी बन गई हैं। उनका यह प्रदर्शन ऐसे समय आया है जब उन्हें महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम में भी चुना गया है।

नंदिनी शर्मा ने महिला प्रीमियर लीग 2026 में अपनी तेज गेंदबाजी से काफी प्रभावित किया था। उन्होंने 10 मैचों में 17 विकेट हासिल किए थे और टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। इसी शानदार फॉर्म का फायदा उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन के रूप में मिला और उन्होंने अपने पहले ही मैच में खुद को साबित कर दिया। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 188 रन बनाए। भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने 40 गेंदों पर 69 रन की शानदार पारी खेली।

# फ्रेंच ओपन 2026 में खिलाड़ियों की सुरक्षा पर उठे सवाल, चोटिल होकर बाहर हुईं जेनेप सोनमेज



**नई दिल्ली।** फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर विवाद बढ़ गया है, जब जेनेप सोनमेज विज्ञापन बोर्ड से टकराकर चोटिल हो गईं और टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं के बाद खिलाड़ियों और फैंस ने कोर्ट के बेहद करीब लगाए गए विज्ञापन ढांचे हटाने की मांग तेज कर दी है।

फ्रेंच ओपन 2026 में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। तुर्किये की टेनिस खिलाड़ी जेनेप सोनमेज महिलाओं के डबल्स मुकाबले के दौरान चोटिल हो गईं, जिसके बाद उन्हें टूर्नामेंट से हटना पड़ा।सोनमेज अपनी जोड़ीदार तात्याना मारिया के साथ दूसरे दौर का मैच खेल रही थीं। मुकाबले के दौरान एक शॉट बचाने की कोशिश में वह बेसलाइन के पीछे लगे लैकोस्टे विज्ञापन बोर्ड से टकरा गईं। टक्कर इतनी तेज थी कि उन्हें तुरंत कोर्ट पर फिजियो की मदद लेनी पड़ी। हालांकि शुरुआती उपचार के बाद उन्होंने खेल जारी रखने की कोशिश की, लेकिन टखने में चोट के कारण आखिरकार उन्हें मैच बीच में छोड़ना पड़ा।

इस घटना के बाद रोलां गैरों में कोर्ट के बेहद करीब लगाए गए विज्ञापन ढांचे और रेन टार्प को लेकर आलोचना तेज हो गई है। इससे पहले बेल्जियम के युवा खिलाड़ी एलेक्जेंडर ब्लॉकक्स भी अभ्यास सत्र के दौरान गेंद का पीछा करते हुए रेन टार्प से टकराकर चोटिल हो गए थे। खिलाड़ियों और फैंस का कहना है कि बारिश की संभावना नहीं होने के बावजूद इन संरचनाओं को कोर्ट के इतना करीब रखना खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहा है। आलोचकों का आरोप है कि आयोजक खिलाड़ियों की सुरक्षा से ज्यादा ब्रांडिंग और स्पॉन्सर प्रमोशन को प्राथमिकता दे रहे हैं। ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बोल्टर ने भी हाल ही में इसी मुद्दे पर आयोजकों की आलोचना की थी।

# वैभव आईपीएल में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज

**मुल्लांपुर।** वैभव सूर्यवंशी ने एलिमिनेटर के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 में भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने इसके साथ ही आईपीएल में 1000 रन भी पूरे कर लिए। वैभव सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज हैं।

राजस्थान रॉयल्स के विस्टफोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और वह गुजरात टाइटंस के खिलाफ क्वालिफायर-2 मुकाबले में अर्धशतक लगाने में सफल रहे। वैभव ने इसके साथ ही आईपीएल में 1000 रन पूरे कर लिए हैं और वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले संयुक्त रूप से दूसरे बल्लेबाज हैं। वैभव ने 23 पारियों में टूर्नामेंट में 1000 रन पूरे किए। वैभव हालांकि, लगातार दूसरे मैच में शतक लगाने से चूक गए और 47 गेंदों पर आठ चौकों और सात छक्कों की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए।




वैभव ने गुजरात के खिलाफ 31 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। यह उनका आईपीएल का सबसे धीमा पचासा रहा। वैभव ने भले ही मोर्चा संभाला, लेकिन यह उनका आईपीएल का सबसे धीमा अर्धशतक रहा। शुरुआती झटकों के बाद वैभव ने ही मोर्चा संभाला और रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर साझेदारी निभाई। इससे पहले उन्होंने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 27 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। वैभव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में मुल्लांपुर के इसी मैदान पर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की थी और 29 गेंदों पर 97 रन बनाए थे। लेकिन इस मैच में वैभव ने सधी हुई बल्लेबाजी की और उनका ध्यान पारी को आगे बढ़ाने पर रहा। वैभव का मौजूदा सीजन में छठा और ओवरऑल आठवीं बार 50+ स्कोर बनाया है।

राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल के साथ सूर्यवंशी पारी का आगाज करने उतरे। हालांकि, राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने पहले ही ओवर में यशस्वी जायसवाल का विकेट गंवाया। मोहम्मद सिराज ने यशस्वी को अपना शिकार बनाया जो एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कगिसो रबाडा ने ध्रुव जुरेल को आउट किया जो सात रन ही बना सके। राजस्थान ने इस तरह पावरप्ले में ही दो विकेट गंवा दिए।

शुरुआती झटके लगने के बाद राजस्थान ने रणनीति बदली और कप्तान रियान की जगह रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए उतरे। जडेजा जहां आक्रामक होकर बल्लेबाजी कर रहे थे तो वहीं, सूर्यवंशी ने दूसरे छोर से उनका साथ निभाया। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई, लेकिन तभी जडेजा रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गए। फिर रियान उतरे, लेकिन जेसन होल्डर ने रियान को अपना शिकार बनाया जो 11 रन ही बना सके। इसके बाद होल्डर ने दासुन शनाका (3) और प्रसिद्ध कृष्णा ने जोफ्रा आर्चर (7) को आउट किया। पांच विकेट गिरने के बाद जडेजा एक बार फिर बल्लेबाजी के लिए उतरे। वैभव और जडेजा ने धुआंधार बल्लेबाजी की, लेकिन कगिसो रबाडा ने सूर्यवंशी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। सूर्यवंशी और जडेजा के बीच 65 गेंदों पर 127 रनों की साझेदारी हुई।

# 'डीजल में आइसोब्यूटेन मिलाना अनिवार्य होगा', बोले ट्रांसपोर्ट सचिव वी उमाशंकर

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने बताया कि भारत 2026 में डीजल में आइसोब्यूटेन मिश्रण अनिवार्य कर सकता है। इससे ऊर्जा सुरक्षा बढ़ेगी और सड़क क्षेत्र का कार्बन उत्सर्जन कम होगा। मंत्रालय इलेक्ट्रिक वाहनों, हाइड्रोजन ईंधन और टोल प्रणाली में भी बड़े बदलाव ला रहा है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर ने 29 मई 2026 को बताया कि भारत इस वर्ष डीजल में आइसोब्यूटेन का मिश्रण अनिवार्य कर सकता है। इसका उद्देश्य देश की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाना और सड़क क्षेत्र से कार्बन उत्सर्जन कम करना है। उन्होंने सीआईआई मल्टीमॉडल परिवहन और लॉजिस्टिक्स शिखर सम्मेलन में यह जानकारी दी। उमाशंकर ने कहा कि भारत पेट्रोलियम पहले से ही डीजल में आइसोब्यूटेन मिश्रण पर शोध कर रहा है। इसके परिणाम बहुत उत्साहजनक हैं। डीजल की खपत पेट्रोल से लगभग दोगुनी है। इसलिए डीजल मिश्रण का ऊर्जा सुरक्षा पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा।

# ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जाएंट्स की कप्तानी टीम प्रबंधन ने स्वीकार की मांग, खराब रहा था प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा। टीम 10वें पायदान पर रही और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई भी नहीं कर सकी। अब सीजन खत्म होने से पहले ही ऋषभ पंत ने टीम प्रबंधन के सामने उन्हें कप्तानी से मुक्त करने का प्रस्ताव रखा, जिसे प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया।

आईपीएल 2026 में बेहद निराशाजनक प्रदर्शन के बाद लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला कर लिया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को आधिकारिक बयान जारी कर इस बात की पुष्टि की। टीम प्रबंधन ने बताया कि पंत ने खुद कप्तानी की जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया था, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया।

लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला लिया है। फ्रेंचाइजी ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए बताया कि ऋषभ ने कप्तानी की जिम्मेदारियों से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया था, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया है। फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पंत ने खुद टीम प्रबंधन से कप्तानी छोड़ने की इच्छा जताई थी और टीम ने उनके निर्णय का सम्मान किया है।

टॉम मूडी ने अपने बयान में कहा, 'ऋषभ पंत ने फ्रेंचाइजी से कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया और हमने सम्मानपूर्वक इसे स्वीकार किया। ऐसे फैसले कभी आसान नहीं होते। कप्तान के रूप में ऋषभ ने ड्रेसिंग रूम के लिए जो योगदान दिया है, उसके लिए हम आभारी हैं। अब हमारा पूरा फोकस टीम के पुनर्निर्माण और बेहतर प्रदर्शन पर है।' हालांकि, फ्रेंचाइजी की ओर से नए कप्तान के नाम का अभी तक आधिकारिक एलान नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में टीम प्रबंधन नए नेतृत्व को लेकर फैसला ले सकता है।

# भारत की युवा एथलीट पूजा सिंह ने ऊंची कूद का सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा



**हांगकांग।** भारत की युवा एथलीट पूजा सिंह ने ऊंची कूद में सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। पूजा ने एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शुक्रवार को दूसरे दिन स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही ये उपलब्धि अपने नाम की।
ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह ने एशियाई अंडर 20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शुक्रवार को दूसरे दिन स्वर्ण पदक जीतने के साथ सीनियर राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। 19 वर्ष की पूजा ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 1.93 मीटर की कूद लगाई। उन्होंने सहाना कुमारी का 14 साल पुराना 1. 92 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.90 मीटर था जो उन्होंने अप्रैल 2026 में दिल्ली में इंडियन एथलेटिक्स सीरिज मीट में बनाया था। मौजूदा एशियाई चैंपियन पूजा ने पिछले साल दक्षिण कोरिया में महिला ऊंची कूद का स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय एथलेटिक्स महासंघ का राष्ट्रमंडल खेलों के लिए तय 1. 92 मीटर का क्वालिफाइंग मानक भी हासिल कर लिया। भारत अब तक चार स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य जीत चुका है।




# उतार-चढ़ाव के बाद बाजार में भारी बिकवाली सेंसेक्स 1092 अंक टूटा, निफ्टी धड़ाम



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार में दिन भर के भारी उतार-चढ़ाव के बाद अंततः बड़ी गिरावट के साथ कारोबार का अंत हुआ है। बाजार में आई इस तेज बिकवाली के चलते निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है और बेंचमार्क सूचकांक लाल निशान में बंद हुए हैं।

बीएसई का सेंसेक्स 1,092.06 अंकों यानी 1.43 प्रतिशत की भारी गिरावट के साथ 74,775.74 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 359.41 अंक यानी 1.50 प्रतिशत टूटकर 23,547.75 के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के साथ निफ्टी ने 23,600 और 23,550 दोनों अहम स्तरों के नीचे अपनी क्लोजिंग दी है।

बाजार की इस चौतरफा गिरावट का सीधा असर निवेशकों की पूंजी पर पड़ा है। इस तेज बिकवाली के कारण बीएसई पर लिस्टेड सभी कंपनियों के कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन में से लगभग पांच लाख करोड़ रुपये साफ हो गए हैं।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।